ಶುಭ್ ಲಾಭ್

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

DAILY

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




कांग्रेस का मतलब झूठी गारंटी, भ्रष्टाचार कुप्रबंधन और अविकसितता: येदियुरप्पा @ नम्मा बेंगलूरु


Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 23 जून, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-174


## जम्मू कश्मीर में जेहादी हमले जारी हैं...

# 'रलिव, गलिव, चलिव' आज भी है कश्मीर का सच

अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बाद से जम्मू कश्मीर में निश्चित तौर पर बदलाव आया है। यह बदलाव सख्त कानून व्यवस्था का है। यह बदलाव अंधी इस्लामिक मानसिकता में सौहार्द-परिवर्तन के कारण

### यानी, जो मुसलमान बनेगा वही रहेगा नहीं तो मरेगा या भागेगा

नहीं है। इस्लामिक आतंकी अब भी लगातार हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। 'रलिव, गलिव, चलिव' ही आज भी कश्मीर का सच बना हुआ है। यानी जो मुसलमान बनेगा वही कश्मीर में रहेगा, नहीं तो मरेगा या भागेगा। यह आज भी कश्मीर में जमीनी हकीकत बना हुआ है।

देश का अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर लगातार तीन दशकों से अधिक समय से जेहादी आतंकवाद का सामना कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के मुद्दे को जेहाद की जगह एक राजनीतिक मुदा बताने का षडयंत्र किया जाता रहा है। चाहे वह 1990 के दशक में कश्मीरी हिंदुओं का नरसंहार हो, जिसके कारण बड़े पैमाने पर बलात्कार, हत्याएं और घाटी से कश्मीरी पंडितों का पलायन हुआ, या फिर जब चारों तरफ से गूंजते थे रलिव, गलिव, चलिव के नारे, और अब रियासी में हिंदू तीर्थयात्रियों पर आतंकी



हमला, जिसमें दस हिंदुओं की जान चली गई, इस राज्य में पसरी इस्लामी आतंकवाद की जड़ों को साफ़ दर्शाते हैं। -रलिव गलिव चलिव- के नारे का मतलब होता है या तो इस्लाम अपना के हमारे साथ मिल जाओ, या मरो या भाग जाओ। इन आतंकियों ने अपनी रणनीति और कामकाज का तरीका भले ही बदल लिया हो, लेकिन उनकी विचारधारा काफिर या कुफर (काफिर) को खत्म करने और हिंदुओं की लाशों पर कश्मीर में निजाम-ए-मुस्तफा (पैगंबर मुहम्मद की व्यवस्था) लागू करने के उनके विश्वास पर आधारित है। बीते दिनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकी घटनाओं की बढ़ोतरी ने साफ़ कर दिया कर है कि यह आतंकी विशेष रूप से शांतिपूर्ण हिंदू आबादी में डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। असल में यह हमले भारत सरकार से लड़ाई लड़ने के लिए नहीं बल्कि हिंदुओं के प्रति घृणा के कारण हो रहे हैं। जम्मू कश्मीर में

**शुभ-लाभ चिंता**

गैर मुस्लिमों की हत्या का सिलसिला 2024 में लगातार जारी है। फरवरी 2024 में ही आतंकियों ने श्रीनगर शहर के शल्ला कदल मोहल्ले में पंजाब के अमृतसर से कमाने आए दो बढ़ई 31 वर्षीय अमृतपाल सिंह और 27 वर्षीय रोहित मसीह पर गोलियां बरसाईं। अमृतपाल सिंह की इस आतंकी हमले में तुरंत मौत हो गई, जबकि रोहित मसीह के पेट में गोली लगी। उन्हें महाराजा श्री हरि सिंह अस्पताल ले जाया गया और फिर उसे शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भेजा गया, लेकिन वहां उनकी मौत हो गई।

▶10 पर

### भारत के दौरे पर आईं बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने कहा

# बांग्लादेश की मुक्ति में भारत का योगदान अविस्मरणीय



नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। भारत के दो दिवसीय दौरे पर आईं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत का योगदान अविस्मरणीय और अभूतपूर्व है। इस योगदान के प्रति मैं और मेरा देश हृदय से कृतज्ञ हैं। भारत पहुंचने पर बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना का राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत हुआ। भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को समुद्री क्षेत्र और समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनोमी) में संबंधों को बढ़ावा देने सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना के बीच व्यापक बातचीत के बाद समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षर किए गए इन समझौतों में डिजिटल डोमेन में संबंध मजबूत करने और हरित साझेदारी को लेकर हुआ एक समझौता भी शामिल है।

**भारत और बांग्लादेश में हुए 10 अहम समझौते**

**बांग्लादेशियों को मेडिकल ई-वीज़ा देगा भारतवर्ष**

दोनों देशों के बीच रेलवे सम्पर्क बढ़ाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। समझौतों के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बयान में कहा कि, आज हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्य का विजन तैयार किया है। ▶10 पर

### राष्ट्रपति भवन में हुआ शेख हसीना का भव्य स्वागत

नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना दो दिवसीय दौरे पर भारत आई हैं। शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शेख हसीना का शनिवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद शेख हसीना और पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के प्रांगण में दोनों देशों के मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान बांग्लादेश की पीएम का स्वागत के लिए पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, राज्य मंत्री जीतेंद्र सिंह और कीर्तिवर्धन सिंह मौजूद थे। ▶10 पर

### केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, राष्ट्रपति की मंजूरी

# पेपर लीक के खिलाफ देश में सख्त कानून लागू




नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। पेपर लीक के खिलाफ केंद्र सरकार सख्त कानून लाई है। शुक्रवार 21 जून 2024 को मोदी सरकार ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) कानून, 2024 को अधिसूचित कर दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लगभग चार महीने पहले अधिनियम को मंजूरी दी थी।

कार्मिक मंत्रालय ने शुक्रवार की रात एक अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि कानून के प्रावधान 21 जून से लागू हो जाएंगे। यानी, तत्काल प्रभाव से यह कानून देशभर में लागू हो गया। यूजीसी-नेट 2024 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने को लेकर जारी विवाद के बीच यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पूरे देश में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी पर यह कानून नकेल कसेगा। इससे पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पेपर लीक का अपराध रोकने के लिए सख्त कानून लाने की घोषणा कर चुकी है। यूपी में लाए जा रहे कानून में पेपर लीक करने वाले लोगों और सॉल्वर गैंग से जुड़े लोगों पर जेल की सजा के साथ-साथ एक करोड़ का जुर्माना लगाने और सम्पत्ति को बुलडोजर से ध्वस्त करने का प्रावधान किया जा रहा है। इस कानून में पेपर लीक करने वाले से लेकर उसके मददगार, संबद्ध अधिकारी कर्मचारी और सर्विस प्रोवाइडर सब फंसेंगे।

**लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) कानून-2024 लागू हुआ**

**कानून में सख्त सजा, भारी जुर्माना और सम्पत्ति जब्ती का प्रावधान**

पेपर लीक विरोधी कानून की अधिसूचना जारी कर दी गई है। फरवरी 2024 में ही यह विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हो गया था। ▶10 पर


### जला हुआ प्रश्न पत्र और बुकलेट लेकर दिल्ली गई जांच टीम

पटना, 22 जून (एजेंसियां)। नीट पेपर लीक केस में बिहार पुलिस की टीम मास्टरमाइंड की तलाश कर रही है। पुलिस का दावा है कि सिपाही भर्ती, शिक्षक भर्ती और नीट पेपर लीक केस के तार आपस में जुड़े हैं। जांच एजेंसी ने अब तक की कार्रवाई के बारे में एनटीए और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों को पूरे केस की जानकारी दी। एनटीए इस जांच रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला लेगा कि परीक्षा रद्द करना है या नहीं। दूसरी तरफ पुलिस ने जला हुआ प्रश्न पत्र और बुकलेट नंबर 6136488 बरामद किया। ▶10 पर

#### केजरीवाल से आगे निकले जगन रेड्डी

### रुशिकोंडा पहाड़ काट कर बनवा लिया महल

विशाखापत्तनम, 22 जून (एजेंसियां)।



आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) की सरकार आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर गंभीर आरोप लगे हैं। टीडीपी का कहना है कि जगन ने विशाखापत्तनम में 500 करोड़ रुपए खर्च कर रुशिकोंडा की पहाड़ी काट कर आलीशान महल बनवाया है। आरोप है कि जगन रेड्डी ने 500 करोड़ रुपए का महल खड़ा करने के लिए पहाड़ पर लगे आधे से ज्यादा पेड़ों का सफाया कर डाला। जगन के महल की ड्रोन से बनाई गई वीडियो और तस्वीर भी खूब वायरल हो रही है। कुछ लोग अब इन तस्वीरों को 2021 में रुशिकोंडा पहाड़ वाली फोटो से तुलना करके दिखा रहे हैं कि रेड्डी ने अपने महल के लिए प्रकृति के साथ कितना घिनौना खेल खेला है। ▶10 पर

### जनता से वसूली के जुगाड़ में लगी कर्नाटक सरकार

#### जुगाड़ जानने के लिए अमेरिकी फर्म को दे दिए 9.5 करोड़



बेंगलुरु, 22 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने जनता से 5 वादे किए थे, जिन्हें पूरा करने के लिए अब भार कर्नाटक की जनता पर ही डालने की तैयारी की जा रही है। अभी हाल ही में कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में डीजल और पेट्रोल पर 3-3 रुपए टैक्स के बढ़ाए हैं, तो उसके बाद अब शराब-बीयर पर टैक्स बढ़ाने की तैयारी हो रही है। इसके अलावा हाउस टैक्स भी बढ़ाया जा रहा है, तो ईवी पर भी टैक्स लगाने की तैयारी है। इसके अलावा जनता से किस तरह से पैसे उगाहे जा सकते हैं, उसका आइडिया देने के लिए एक अमेरिकी कंपनी को भी काम पर लगाया गया है, जिसे 6 महीने में 9.5 करोड़ रुपए बतौर फीस भी दी जाएगी।

अब कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपनी कमाई बढ़ाने के लिए नई जुगत भिड़ाई है। कांग्रेस सरकार ने राज्य की आर्थिक स्थिति सुधारने और राजस्व बढ़ाने पर सुझाव देने के लिए एक अमेरिकी कम्पनी बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) को काम पर लगाया है। यह कंसल्टिंग कम्पनी अब राज्य सरकार को बताएगी कि वह अपना खजाना कैसे बढ़ा सकती है। यह निर्णय चुनावी गारंटियों के बढ़ते खर्चे के बीच लिया गया है। बीसीजी ने सरकार को कुछ सुझाव भी दिए हैं। इस काम के लिए बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप को 9.5 करोड़ रुपए 6 माह के काम के लिए दिए जा रहे हैं। ▶10 पर

#### कानून लाने की तैयारी में सनातन विरोधी तमिलनाडु सरकार

### माथे पर तिलक नहीं लगा सकेंगे छात्र कलावा पर भी रोक

चेन्नई, 22 जून (एजेंसियां)। सनातन धर्म को खत्म करने की बात करने वाली तमिलनाडु डीएमके सरकार अब जातिवाद रोकने के नाम पर स्कूलों में हिंदू छात्र-छात्राओं के कलावा पहनकर, चंदन लगाकर स्कूलों में आने पर रोक लगाने जा रही है। इसके साथ ही छात्र अपने नाम के साथ अपने उपनाम को भी नहीं जोड़ सकेंगे।पिछले साल अगस्त महीने में तमिलनाडु के तिरुनवेली में दो वनवासी भाई बहनों पर सहपाठियों द्वारा ▶10 पर

### परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित

नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए केंद्र सरकार ने सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति का नेतृत्व पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन करेंगे। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार सौंप देगी।




शिक्षा मंत्रालय ने यह घोषणा की। केंद्र सरकार ने कहा कि समिति अपनी जांच रिपोर्ट दो महीने के भीतर पेश करेगी। यूजीसी नेट परीक्षा रद्द करने और नीट यूजी 2024 के पेपर लीक को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की। ▶10 पर

### शेयर मार्केट



बीएसई : 77,209.90
-269.03 -0.35% ↓
एनएसई :23,501.10
-65.90 (-0.28%)↓

### मौसम बेंगलूरु

अधिकतम : 31°
न्यूनतम : 21°

#### देश के सामने आया न्याय प्रणाली का भद्दा उदाहरण

# ईडी की अर्जी पढ़े बिना दे दी केजरीवाल को जमानत!

नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार 20 जून की शाम राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने जमानत दे दी। कोर्ट का आदेश शुक्रवार 21 जून को अपलोड किया गया। दिल्ली हाईकोर्ट ने उस जमानत आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है और मामले की सुनवाई कर रही है। लेकिन विडंबना यह है कि निचली अदालत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को ही दुर्भावनापूर्ण बता दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज ने ईडी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को पढ़े बिना ही केजरीवाल को जमानत दे दी। इस आदेश से स्तब्ध प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर विवश होना पड़ा।

आप न्याय प्रणाली का हाल देखिए, अरविंद केजरीवाल को जमानत देने वाली जज ने अपने फैसले में कहा कि इस समय हजारों पन्नों के दस्तावेजों को देखना संभव नहीं है। जज के





**केजरीवाल की गिरफ्तारी को दुर्भावनापूर्ण भी बता दिया**

लिए दस्तावेज पढ़ना संभव नहीं था, लेकिन दस्तावेज पढ़े बगैर यह कहना संभव था कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी दुर्भावनापूर्ण है। कोर्ट ने जमानत के खिलाफ ईडी की दलीलें सुनने से भी इन्कार कर दिया और ईडी के वकील से कहा कि वे अपनी दलीलें बहुत संक्षेप में पेश करें।

जमानत आदेश के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में दलील देते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने ईडी की दलीलें ही नहीं सुनीं। ईडी द्वारा दिए गए दस्तावेज नहीं देखे और कहा कि यह बहुत बड़ा है। एएसजी ने कहा, कोर्ट का कहना है कि बहुत बड़े दस्तावेज दाखिल किए गए हैं। इससे ज्यादा गलत आदेश कोई नहीं हो सकता। एएसजी राजू ने कहा, कोर्ट का यह कर्तव्य है कि वह प्रस्तुत दस्तावेजों को देखे। दोनों पक्षों द्वारा दाखिल दस्तावेजों को देखे बिना, हमें मौका दिए बिना, फैसला दे दिया गया। कानून के अनुसार आदेश पारित करना अदालत का कर्तव्य है। दस्तावेजों को देखे बिना आप कैसे कह सकते हैं कि यह प्रासंगिक है या अप्रासंगिक है? ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर



## योग शिक्षण शिविर का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नवकार बहु मंडल अलसूर ने अपने सदस्यों के लिए योग शिक्षण शिविर का आयोजन किया। जैन भवन अलसूर में आयोजित शिविर में बोधि इंस्टीयूट इंदिरा नगर के योगा शिक्षक जसदीप ने उपस्थित महिलाओं को योगा का महत्व बताते हुए कहा कि योग से शरीर में स्फूर्ति एवं लचीलापन आता है और मन की स्थिरता बढती है। स्वस्थ शरीर के लिए योग करना जरुरी है और योग आत्मा को भी पुष्ट करता है। योगा शिक्षक जसदीप ने उपस्थित जनों को शुरुआती एवं सरल योगासनो का अभ्यास कराया और मार्गदर्शन दिया। राजेश्वरी तातेड, वसंता खाबिया, सुनिता कांकरिया, दीपिका सांखला, प्रियंका चोरडिया ने व्यवस्था में सहयोग दिया। अलसूर महिला मंडल ने भी भाग लिया। नवकार बहु मंडल ने धन्यवाद दिया।

# मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु शाखा की बैठक आयोजित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु शाखा की वर्ष 2024-25 कार्यकारिणी समिति की दूसरी बैठक अशोका पिलर जयनगर स्थित एक होटल में सफलता-पूर्वक संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष स्नेह कुमार जाजू ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। निवर्तमान अध्यक्ष अंकित मोदी ने मंच के सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने के विषय पर बल दिया जिसका समर्थन मंच के वरिष्ठ सदस्य मनीष मांसारिया एवं पंकज जलन ने किया। विनोद गर्ग एवं सुशील सैनी ने विद्यार्थियों के लिए स्कूल



बैग वितरण के कार्यक्रम पर बल दिया, जिसका समर्थन अरुण शर्मा, अमित मोदी, कन्हैया अग्रवाल ने किया। जयेश पोद्दार ने पिता दिवस प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की। वरुण अग्रवाल को 86 एवं विवेक खंडेलवाल को 38 यूनिट रक्त शिविर में रक्त एकत्र करने के लिए धन्यवाद दिया गया। पुनीत राठी ने रविवार को योग शिविर की तैयारी के बारे में मंच को अवगत कराया। सोनू शर्मा एवं अमित यादुका ने अमृत धारा के अंतर्गत लगाए जा रहे शुद्ध शीतल पेयजल के कार्यों की सराहना की। प्रांतीय महामंत्री मोहित शर्मा ने शाखा के द्वारा हो रहे अच्छे कार्य जिसकी चर्चा प्रांत एवं राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है के लिए सभी संयोजक को शुभकामनाएं दी। शाखा के कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने मंच का संचालन किया। मंच के सचिव शुभम लोहिया ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया।

## ट्रेड फेयर के लिए एडीआरएम को किया आमंत्रित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन बेंगलूरु के एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक बेंगलूरु परीक्षित मोहनपुरिया से मुलाकात कर निर्धारित ट्रेड फेयर के लिए उन्हें आमंत्रित किया। एसोसिएशन उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उनके सरकारी कार्यालय पर मुलाकात कर आगामी 16 जुलाई से कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के तत्व-ावधान में बेंगलूरु में आयोजित होने वाले ट्रेड फेयर में आने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर अध्यक्ष दिलीप जैन ने बताया कि मुलाकात के दौरान एडीआरएम मोहनपुरिया ने अनेकों व्यापारियों को रेलवे की पार्सल व्यवस्था के लिए अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध करवाने के बारे में बताया। इस मौके पर महावीर जैन मेहता, सचिव रविन्द्र बंबोली सहित एसोसिएशन के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## मायुम बेंगलूरु स्टार्स का रक्तदान महोत्सव आज

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान पखवाड़े के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु स्टार्स द्वारा रविवार को रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस महोत्सव के तहत मंच अपने 11 वर्षों के सफर को चिन्हित करते हुए बेंगलूरु शहर में फैले 11 क्षेत्रों में एक साथ 11 रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। रक्तदान शिविर हाउस ऑफ हीरानंदानी बन्नेरघट्टा रोड, ब्रिगेड गोल्डन ट्रायंगल होसकोटे रोड, प्लैटिनम सिटी अपार्टमेंट्स पीन्या, असेट्ज हियर एंड नाउ थानीसांड्रा, सलारपुरिया सत्व अनुग्रह विजयनगर, मैजेस्टिक रेसिडेंसी बीटीएम, गोकुलम अपार्टमेंट्स कनकपुरा रोड, अरविन्द स्पोर्सिया रचेन्हल्ली, सांई पूर्णिया लक्जुरिया अपार्टमेंट्स हरलुर मेन रोड, वैरासियस लेंसडाले वाइटफील्ड और बीडीए फ्लैट्स केंगेरी में लगाए जाएंगे। जनसम्पर्क अधिकारी रोहित अग्रवाल ने बताया कि इस रक्तदान महोत्सव का उद्देश्य बेंगलूरु निवासियों को उनके निकटतम इलाके में ही रक्तदान करने की सुविधा उपलब्ध कराकर अधिक से अधिक रक्त संग्रह करना है, ताकि ब्लड बैंकों में हो रही रक्त की कमी को कुछ हद तक दूर किया जा सके।

## आयुर्वेदिक चिकित्सा जांच शिविर आज

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राजलदेसर परिषद्, बेंगलूरु मानव सेवा चिकित्सा प्रकल्प के अंतर्गत रविवार को आयुर्वेदिक चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन राजराजेश्वरी नगर तेरापंथी सभा भवन में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के सहयोग से करेगा। इस शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा आयुर्वेद की पारंपरिक स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराई जायेगी। अध्यक्ष विमल बैद ने कहा कि ऐसे मानव सेवा के कार्यक्रम हम आगे और निरंतर करते रहेंगे। जिससे जन समुदाय को इसका लाभ मिल सके। मंत्री कुलदीप बैद ने कहा कि आयुर्वेद और हमारी भारतीय संस्कृति का पुराना गहरा नाता है। हम सब को इस शिविर का लाभ लेना चाहिए।

## गौशाला के लिए एकत्र की खाद्य सामग्री




गदग/शुभ लाभ ब्यूरो। श्री राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के तत्वावधान में शनिवार को पूर्णिमा के अवसर पर पार्श्वनाथ जैन मंदिर के प्रांगण में महावीर गौशाला के मुक प्राणियों के लिए खाद्य सामग्री एकत्र कर गौशाला भेजा गया। श्री राजस्थान जैन मूर्तिपूजक संघ के ट्रस्टी गौतमचंद कवाड़ ने बताया कि करीब पांच साल पूर्व चातुर्मास विराजित साध्वी केवलरत्ना श्रीजी की पावन प्रेरणा से शुरू हुआ यह पुनित कार्य निरंतर चल रहा है। संघ के रणजीत गुरु ने साध्वी केवलरत्ना की कही एक बात को याद किया। संघ के अध्यक्ष पंकज बाफना ने बताया पूर्णिमा के दिन घर घर से लोग गौशाला के लिए रोटी, केले, गुड़ समेत कई खाद्य सामग्री बड़े उत्साह के साथ लाते है। संघ के समिति सदस्य महेंद्र बंदा ने लोगों की सेवा भावना की सराहना की व ज्यादा से ज्यादा सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर संघ के गौतमचंद कवाड़, पंकज बाफना, महेंद्र बंदा, शांतिलाल बागरेचा, सुरेश खिवेसरा, रमेश संकलेचा समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## दादागुरु देव का पूजन आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री जिनकुशलसूरि जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा के सदस्यों द्वारा मुनिराज मलयप्रभ सागर जी एवं गुरुवर्या स्वर्णाजना श्री जी की पावन निश्रा में श्री जिनकुशल सूरि जैन आराधना भवन बसवंगुड़ी के पावन प्रांगण में पूनम के शुभ अवसर पर दादागुरु देव का पूजन विधि विधान के साथ में आयोजित किया गया। इसका लाभ लक्ष्मी देवी, दीपक, रिद्धिम श्रुत छाजेड़ हाला वाले फालना निवासी परिवार ने लिया। पूजन में लाभार्थी परिवार सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित थी। परिषद की अध्यक्ष आरती जैन ने पूजन में पधारे सभी एवं लाभार्थी परिवार का धन्यवाद सहित आभार प्रकट किया। साथ ही बताया कि महिला परिषद के तत्वावधान में रविवार सुबह अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर दीपक ईमानदार द्वारा घुटनों की गठिया क्या है, विषय पर सम्पूर्ण जानकारी का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी परमेश्वरी संखलेचा ने दी।

### प्रशंसक हत्या मामला

# दर्शन और तीन साथियों को 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

24वें अतिरिक्त सिटी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) अदालत ने शनिवार को कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन और उनके तीन साथियों को रेणुकास्वामी हत्या मामले में 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कर्नाटक पुलिस ने दर्शन और उनके तीन साथियों को अदालत में पेश किया, क्योंकि शनिवार को उनकी पुलिस हिरासत समाप्त हो गई थी। अन्य तीन आरोपी दर्शन के तीन साथी धनराज डी. उर्फ राजू (27), विनय वी. (38) और प्रदोष (40) हैं। अभियोजन पक्ष ने अदालत में कहा कि आरोपियों को अलग-अलग जेलों में भेजा जाना चाहिए और उन्हें एक साथ नहीं रखा जाना चाहिए। दर्शन के वकील ने इस पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 24 जून तक के लिए स्थगित कर दी। दर्शन और उनके तीन साथियों को बेंगलूरु की सेंट्रल जेल भेजा जाएगा। अदालत ने पहले दर्शन की साथी पवित्रा गौड़ा सहित 13 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा था। वे वर्तमान में बेंगलूरु के परप्पना अग्रहारा की केंद्रीय जेल में बंद हैं। पुलिस ने दर्शन और अन्य पर आईपीसी की विभिन्न



धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं। जांच से पता चला है कि रेणुकास्वामी दर्शन के बहुत बड़े प्रशंसक थे और उन्होंने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर पवित्रा गौड़ा को अपमानजनक संदेश भेजे थे। पीड़ित को कथित तौर पर अगवा कर लिया गया, उसे बेंगलूरु लाया गया, एक शेड में रखा गया और क्रूरतापूर्वक प्रताड़ित कर उसकी हत्या कर दी गई। दर्शन, पवित्रा गौड़ा और 15 अन्य को रेणुकास्वामी (33) की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने दावा किया कि 24वीं एसीएमएम अदालत में जमा की गई रिमांड कॉपी के अनुसार दर्शन ने कथित तौर पर हत्या के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इससे पहले, 2011 में, दर्शन को गिरफ्तार किया गया था और चार सप्ताह जेल में बिताने पड़े थे, जब उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी ने उन पर घरेलू हिंसा का आर-ोप लगाया था। विजयलक्ष्मी ने दर्शन पर उन पर हमला करने, रिवॉल्वर से धमकाने और सिगरेट से जलाने का आरोप लगाया था। बाद में, विजयलक्ष्मी द्वारा उनसे समझौता करने और अपनी शिकायत वापस लेने के बाद दर्शन को रिहा कर दिया गया था।

## राग को जीतना बहुत कठिन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

साध्वी सिद्धप्रभा जी ने शनिवार को कहा कि राग को जीतना बहुत कठिन है। सब जानते है साथ कुछ नहीं जाना है। फिर भी मानव इस परिग्रह से आशक्ति बनाए रखता है। सहवर्ती साध्वियों ने गीतिका द्वारा जन वेदनी में सम्यक्त्व के प्रति विकास करने का भाव भरा। इस अवसर पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद् के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री स्थाणु माल्यन्न, केंद्रीय कोषाध्यक्ष दीपक राजगोपाल, कर्नाटक प्रान्त मंत्री जगन्नाथ शास्त्री व स्थानीय संस्थाओं से आये पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। मूलचंद नाहर ने भावुक होकर अपने भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर तेरापंथ सभा हनुमंतनगर अध्यक्ष तेजमल सिंघवी, महिला मण्डल अध्यक्ष सरोज दूगड़, तेयुप अध्यक्ष अंकुश बैद, मंत्री राजीव हिरावत व स्थानीय संस्थाओं के सदस्यों व अन्य लोग उपस्थित थे।

# निगम घोटाले के लिए सीधे तौर पर सीएम जिम्मेदार: प्रहलाद जोशी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने गंभीर आरोप लगाया है कि वॉल्मीकि विकास निगम बोर्ड में हुए सैकड़ों करोड़ के भ्रष्टाचार के लिए सीधे तौर पर मुख्यमंत्री सिद्धरामैया जिम्मेदार हैं। शहर के पैलेस ग्राउंड में पार्टी के नए सांसद के अभिनंदन समारोह में उन्होंने सिद्धरामैया पर निशाना साधते हुए कहा कि वित्त विभाग किसके हाथ में है? आपकी अनुमति के बिना निगम का पैसा किसी मंत्री के खाते में कैसे स्थानांतरित किया जा सकता है? उन्होंने आरोप लगाया कि इस निगम में सभी अनियमितताओं के लिए सीधे तौर पर सिद्धरामैया जिम्मेदार हैं। लोगों ने भाजपा के नेतृत्व वाली एनडी



को 54 प्रतिशत वोट दिया और कांग्रेस को खारिज कर दिया। अपनी नफरत के कारण ही कांग्रेस सरकार ने बड़े पैमाने पर कीमतें बढ़ाई हैं। उन्होंने कहा कि वह दूसरे राज्यों की तुलना कर इसे सही ठहरा रहे हैं। उन्होंने आधी-अधूरी गारंटी देकर इसके लिए तेल की कीमत बढ़ा दी। कानून व्यवस्था खराब हो गई है, महंगाई बढ़ गई है। उन्होंने विरोध करते हुए कहा कि मैं इसकी निंदा करता हूं। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि इस चुनाव में सोशल मीडिया हमारे खिलाफ था। हालांकि, मतदात-ाओं ने कांग्रेस को सिंगल डिजिट में लाकर रोक दिया है। उन्होंने कांग्रेस को घर भेजने का आह्वान किया, चाहे वह तालुक पंचायत चुनाव हो या जीपी चुनाव। वॉल्मीकि विकास निगम में एक दुर्घटना हुई है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सीएम और डीसीएम के इस्तीफे तक संघर्ष करना चाहिए।

# शिवकुमार जैसे चार अन्य लोग भी चन्नपटना उपचुनाव लड़े तो कोई आपत्ति नहीं : कुमारस्वामी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा है कि उन्हें केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार जैसे चार अन्य लोगों के साथ चन्नपटना विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव लड़ने पर कोई आपत्ति नहीं है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शिवकुमार के इस बात को ज्यादा तूल नहीं देना चाहिए कि वह चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी कहीं भी खड़ा हो सकता है। हम किसी को उपचुनाव में खड़े नहीं होने के लिए नहीं कह सकते। उन्होंने रहस्यमय ढंग से कहा कि चन्नपट्टना सीट के उपचुनाव में भाजपा और जेडीएस गठबंधन का उम्मीदवार कौन होगा, यह तो समय ही तय करेगा। उपचुनाव को लेकर अब चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आइये राज्य के विकास पर ध्यान दें। कुमारस्वामी ने विधान परिषद सदस्य सूरज रेवन्ना पर लगे आर-ोपों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ऐसे मामलों पर चर्चा करने के लिए मेरे पास मत आओ। उन्होंने तल्ख प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सिर्फ राज्य की समस्याओं से जुड़ी पूछताछ पर ही चर्चा होनी चाहिए। अब उस केस की क्या जरूरत है? राज्य में कानून है। सब कुछ कानून के मुताबिक किया जाएगा। आने



वाले दिनों में पता चलेगा कि आरोप-प्रत्यारोप का मामला इस तरह क्यों आ रहा है। कुमारस्वामी ने मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे सवाल न पूछें। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा-जेडीएस गठबंधन को खुले मन से स्वीकार किया है और आशीर्वाद दिया है। कुमारस्वामी ने कहा कि 2006 में भाजपा-जेडीएस गठबंधन सरकार सत्ता में आई थी। उन्होंने कहा कि अगर तत्कालीन गठबंधन बिना टूटे जारी रहता तो आज कांग्रेस राज्य की सत्ता में नहीं होती। मैं भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के माध्यम से राज्य के लोगों को अधिक जानने में सक्षम हुआ। 2006 की हमारी गठबंधन सरकार अच्छा शासन कर रही थी। लेकिन कुछ लोगों की चालाकी से मुझे भ्रमित कर दिया। इसी वजह से गठबंधन टूटा। भाजपा और जद(एस) लोकसभा चुनाव पूर्व गठबंधन के कारण काफी आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के बीच सामंजस्य स्वाभाविक है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार देश के नेतृत्व की सराहना दुनिया भर में हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने इस उम्र में भी लोकसभा चुनाव में प्रचार किया और एनडीए उम्मीदवारों को जीत दिलाने में मदद की। कुमारस्वामी ने कहा कि वह इसके लिए उन्हें बधाई देंगे। जब पिछले 2018 विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए और स्थिति अस्थिर थी, तो भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने की इच्छा हुई। लेकिन उन्हें कांग्रेस के साथ सरकार बनानी पड़ी। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण हमने 19 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की है।

# कांग्रेस का मतलब झूठी गारंटी, भ्रष्टाचार कुप्रबंधन और अविकसितता: येदियुरप्पा





## सांसद व मंत्री के लिए सम्मान समारोह आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी.वाई.विजयेंद्र ने कहा कि दक्षिण भारत में कर्नाटक भाजपा का गढ़ है, ये लोकसभा चुनाव में एक बार फिर साबित हो गया। भाजपा-जेडीएस के एक साथ आने से राज्य की जनता का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने एनडीए के 19 सांसदों को जीत पर बधाई दी। वह बेंगलूरु के पैलेस ग्राउंड में राज्य के 19 एनडीए सांसदों के सम्मान और राज्य के केंद्रीय मंत्री के अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी की काफी बदनामी और आलोचना के बीच राज्य की जनता ने भाजपा-जेडीएस गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। पहले एक सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी अब 9 सीटें जीत चुकी है। लेकिन, दूसरी ओर राज्य में भाजपा और जेडीएस पार्टियां सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगे हैं। उन्होंने बताया कि जिस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का मंत्री है, वहां भी हमारे उम्मीदवारों को बढ़त मिली है। हमें अगले 4 वर्षों तक राज्य में कांग्रेस पार्टी के कुशासन के खिलाफ लड़ना है। पहले जब भाजपा सत्ता में थी तो कर्नाटक हर क्षेत्र में अग्रणी था। हालांकि कांग्रेस के पिछले एक साल के कुशासन में राज्य ने सभी क्षेत्रों में अपनी पकड़ खो दी है। उन्होंने आपत्ति जताई कि कांग्रेस सरकार, मुख्यमंत्री नाकामी छुपाने के लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में विकास पूरी तरह से ठप हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक नाद गौड़ा ने विकास नहीं होने के कारण संन्यास लेने की बात कही है। वे गारंटी की आड़ में राजस्व स्रोत बढ़ाने के लिए कीमत बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इस बात की आलोचना की कि केंद्र से 3500 करोड़ की सूखा राहत के बावजूद राज्य सरकार सूखे की मार झेल रहे किसानों को कोई जवाब नहीं दे रही है। संपत्ति कर में वृद्धि, पंजीकरण शुल्क में वृद्धि, मोटर वाहन कर में वृद्धि, बिजली दर में वृद्धि की जा रही है। दूध के दाम बढ़ गए हैं। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े। उन्होंने आपत्ति जताई कि कांग्रेस सरकार गरीब विरोधी है, किसान विरोधी है और आम जनता पर डोरे डालने वाली सरकार है। आगे जिला पंचायत और तालुक पंचायत के चुनाव होंगे। यह कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने वाला चुनाव है। इसे जिम्मेदारी से संभाला जाना चाहिए। आइए हम सब कड़ी मेहनत करें। विजयेंद्र ने कहा कि विधानसभा सत्र में भी हम मिलकर कांग्रेस का अहंकार तोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सत्र के बाद वह प्रदेश के हर जिले का दौरा करने निकलेंगे। उन्होंने इस जीत के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। नरेंद्र मोदी ने राज्य को 5 केंद्रीय मंत्री पद दिए हैं। राज्य के लिए जो काम करने की जरूरत है, मंत्री और सांसद उस पर ध्यान देंगे। केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने लोगों से अपील की कि वे लोगों को समझाएं कि कांग्रेस का मतलब झूठी गारंटी, भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और अविकसितता है। बीबीएमपी, जिला पंचायत, तालुक पंचायत और ग्राम पंचायत चुनाव जल्द ही होंगे। उन्होंने कहा कि हमें जेडीएस पार्टी के साथ मिलकर जीतकर अपनी ताकत दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से इतनी बड़ी संख्या में सांसद चुने गये हैं। प्रदेश चुनाव सह प्रभारी सुधाकर रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस गलत नीतियों वाली जनविरोधी सरकार है। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने डीजल और पेट्रोल समेत सभी वस्तुओं की कीमत बढ़ा दी है। वाल्मीकि (एसटी) निगम घोटाले के संबंध में केवल एक मंत्री का इस्तीफा देना पर्याप्त नहीं है। सिद्धरामैया और डीके शिवकुमार को भी इस्तीफा देना चाहिए। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा-जेडीएस गठबंधन के कारण अभूतपूर्व जीत हासिल हुई है। कांग्रेस पार्टी कह रही थी कि वह 20 सीटें जीतेगी। हालांकि, लोगों ने कांग्रेस पार्टी को कूड़ेदान में फेंक दिया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने वाली कांग्रेस के लिए अब बुरा मौसम आ गया है।

### अहंकार को करारा तमाचा मारा

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के महज एक साल के भीतर ही जनता ने कांग्रेस पार्टी, सिद्धरामैया और डीके शिवकुमार के अहंकार को करारा तमाचा मारा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया। वाल्मीकि निगम घोटाले को लेकर सिद्धरामैया और डीके शिवकुमार को इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि हमें भ्रष्ट, हिंदू विरोधी, महंगाई बढ़ाने वाली कांग्रेस सरकार को हटाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। कांग्रेस की बदनामी के बावजूद एनडीए को बड़ी जीत हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि नेहरू के बाद जो व्यक्ति लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना, वह नरेंद्र मोदी हैं।

### भाजपा ने अकेले 240 सीटें जीतीं

केरल, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और अन्य जगहों पर एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने वाले दलों के पूरे इंडी गठबंधन को 230 सीटें मिली हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा ने अकेले 240 सीटें जीतीं। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि तमाम प्रभाव, धन के प्रवाह और तमाम प्रलोभनों के बावजूद राज्य की जनता ने हमें जीत लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न सिर्फ घरेलू बल्कि विदेशी ताकतों ने भी मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने से रोकने का काम किया है। उन्होंने उत्साह से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। राज्य सरकार का एक विकेट गिर चुका है। उन्होंने मांग की कि वाल्मीकि निगम घोटाले को लेकर सीएम और डीसीएम को इस्तीफा देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री वी. सोमन्ना ने कहा कि इस जीत में सिर्फ बीजेपी का ही नहीं बल्कि जेडीएस नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी योगदान है।


यौन शोषण के आरोप के बाद

## सूरज रेवन्ना को ब्लैकमेल करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक पुलिस ने जेडी-एस एमएलसी सूरज रेवन्ना, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और सेक्स वीडियो कांड के मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना के छोटे भाई के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के बाद जबरन वसूली के आरोप में दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हासन जिले के अरकलागुडु शहर के एक पुरुष जेडी-एस कार्यकर्ता ने सूरज रेवन्ना पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। इस घटनाक्रम के बाद, सूरज रेवन्ना के सहयोगी शिवकुमार ने होलेनरसीपुरा पुलिस स्टेशन में पीड़ित और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। शिवकुमार ने शिकायत में कहा कि पैसे ऐंठने के लिए सूरज रेवन्ना के खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए। शिकायत में दावा किया गया है कि आरोपियों ने सूरज रेवन्ना को 5 करोड़ रुपये न देने पर यौन शोषण का मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी। पुलिस ने आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली) और 584 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि यौन शोषण का शिकार होने का दावा करने वाले व्यक्ति ने सूरज रेवन्ना के माध्यम से नौकरी की मांग करते हुए उनसे संपर्क किया था। उन्होंने सूरज रेवन्ना का फोन नंबर भी दिया। आरोपी 16 जून को नौकरी मांगने के लिए फार्महाउस गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि फार्महाउस पर सूरज रेवन्ना से मिलने के बाद आरोपी ने यौन शोषण का आरोप लगाया। आरोपी ने शिकायतकर्ता को धमकी दी कि चूंकि सूरज रेवन्ना और वह दोनों उसे नौकरी दिलाने में विफल रहे और उसकी मौजूदा मुश्किलों को देखते हुए उसे सूरज रेवन्ना से 5 करोड़ रुपये लेने चाहिए, नहीं तो वह उसके खिलाफ यौन शोषण का मामला दर्ज करवा देगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब इस मामले पर चर्चा की गई तो सूरज रेवन्ना ने बताया कि जब आरोपी उससे फार्महाउस पर मिला तो वहां पुलिसकर्मी और अन्य लोग मौजूद थे। सूरज रेवन्ना ने पैसे देने से इनकार कर दिया क्योंकि उसने कुछ भी गलत नहीं किया था। इसके बाद आरोपी ने आरोप लगाने से पहले कम से कम 2.5 करोड़ रुपये मांगे। इनकार करने पर आरोपी ने कहा कि वह सूरज रेवन्ना के परिवार की प्रतिष्ठा को बर्बाद कर देगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह सूरज रेवन्ना से उसके द्वारा आयोजित एक समारोह में मिला था। उसके संगठनात्मक कौशल से प्रभावित होकर सूरज रेवन्ना ने कथित तौर पर अपना मोबाइल नंबर साझा किया और प्रेम प्रतीकों के साथ प्यारे संदेश भेजने शुरू कर दिए। उसे अपने फार्महाउस पर मिलने के लिए कहा गया, जहां उसका कथित तौर पर यौन शोषण किया गया। सेक्स वीडियो कांड के सिलसिले में सूरज रेवन्ना के बड़े भाई और जेडी-एस के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार किया गया है। उनके पिता जेडी-एस विधायक एच.डी. रेवन्ना को सेक्स वीडियो कांड से जुड़े अपहरण मामले में जेल में बंद कर दिया गया था और सशर्त जमानत पर रिहा किया गया था। उनकी मां भवानी रेवन्ना अपहरण के एक मामले में जांच का सामना कर रही हैं और हाल ही में उन्हें अदालत से सशर्त जमानत मिली थी।


## 25 जून तक राज्य में भारी बारिश की चेतावनी, रेड अलर्ट घोषित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मेलाई चक्रवात के कारण मौसम में काफी बदलाव आया है और पिछले दो दिनों से दक्षिण पश्चिम मानसून ठीक हो गया है और राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। अगले चार दिनों तक बारिश के जारी रहने की संभावना भी है। उसके बाद बारिश की मात्रा फिर से कम हो जाएगी। भारी बारिश के मद्देनजर मौसम विभाग ने जिलेवार चेतावनी जारी की है। उत्तरी कर्नाटक के जिलों में शुक्रवार से ऑरेंज अलर्ट की घोषणा की गई है, तटीय और दक्षिणी भीतरी इलाकों के कई जिलों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है और मौसम विभाग ने रेड अलर्ट की घोषणा की है। बेंगलूरु समेत कई जगहों पर बारिश हुई। दक्षिणी भीतरी इलाकों में भी भारी बारिश की संभावना है। तेज गति से हवा चलने की संभावना है। शिवमोग्गा, चिकमगलूरु, कोडागु, धारवाड़, बेलगावी और तटीय जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। 25 जून तक राज्य के अधिकांश जिलों में सामान्य से अधिक बारिश होगी। कुछ जगहों पर भारी बारिश का अनुमान है। दक्षिण कन्नड़, उडुपी, उत्तर कन्नड़, शिवमोग्गा, हासन, कोडागु, मैसूरु, चिकमगलूरु, हावेरी और धारवाड़ जिलों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। संबंधित जिला प्रशासन को आवश्यक एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। मानसून तय समय से पहले शुरू हुआ और 12 जून तक राज्य में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई। इसके बाद मानसून कमजोर पड़ गया और छिटपुट बारिश ही हुई। 20 जून के बाद फिर से तेज हुआ मानसून पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश दे रहा है। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि भारी बारिश के पूर्वानुमान के कारण अगले तीन से चार दिनों में नदियों का जलस्तर बढ़ेगा और जलाशयों में पानी का प्रवाह बढ़ेगा।

# कोर्ट ने फिलहाल बेंगलूरु टर्फ क्लब में घुड़दौड़ और सट्टेबाजी पर लगाई रोक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने शनिवार को बेंगलूरु टर्फ क्लब में घुड़दौड़ और सट्टेबाजी गतिविधियों पर तब तक रोक लगा दी, जब तक कि बीटीसी और अन्य द्वारा दायर याचिका पर एकल न्यायाधीश की पीठ के समक्ष अंतिम रूप से निर्णय नहीं हो जाता। मुख्य न्यायाधीश एन.वी. अंजारिया और न्यायमूर्ति के.वी. अरविंद की खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश की पीठ द्वारा पारित 18 जून के अंतरिम आदेश पर रोक लगाते हुए यह आदेश पारित किया। राज्य सरकार ने एकल न्यायाधीश के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी, जिन्होंने घुड़दौड़ और सट्टेबाजी की अनुमति देने से इनकार करने वाले सरकार के 6 जून के आदेश पर रोक लगा दी थी। एकल न्यायाधीश द्वारा दी गई अनुमति के बाद बीटीसी ने शनिवार और रविवार को रेसिंग गतिविधियों के आयोजन की तैयारी कर ली थी और शनिवार को दोपहर 1.30 बजे से दौड़ शुरू होने वाली थी।




यह मानते हुए कि सरकार ने लाइसेंस देने से इनकार करके प्रथम दृष्टया तर्कहीन, अवैध, मनमाना और अनुचित तरीके से काम किया है, एकल न्यायाधीश ने इन गतिविधियों के लिए मार्च 2024 तक दिए गए लाइसेंसों में सरकार द्वारा लगाई गई शर्तों के अनुसार रेसिंग और सट्टेबाजी गतिविधियों को जारी रखने की अनुमति दी थी।

इन गतिविधियों की निगरानी, पर्यवेक्षण और विनियमन करने की सरकार को स्वतंत्रता देते हुए, एकल न्यायाधीश ने कहा था कि यह अंतरिम आदेश बीटीसी द्वारा दायर याचिका पर अंतिम निर्णय के अधीन होगा। हालांकि, खंडपीठ के समक्ष, सरकार ने तर्क दिया कि वह अगस्त के बाद अनुमति देने पर विचार करेगी क्योंकि बेनामी लेनदेन, नकद में धन जमा न करने और सट्टेबाजों द्वारा कथित रूप से किए गए सट्टेबाजों से जीएसटी जमा न करने जैसी अवैधताओं की आगे की जांच की जाएगी, जिनमें से कुछ के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था। हालांकि, बीटीसी ने तर्क दिया है कि वह आपराधिक कार्यवाही में आरोपी पक्ष नहीं है, और सरकार ने सट्टेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू होने के बाद भी बीटीसी से अवैधताओं के बारे में कोई विवरण नहीं मांगा है। बीटीसी ने यह भी तर्क दिया था कि अनुमति देने से इनकार करना सरकार द्वारा बीटीसी पर शहर के केंद्र में अपनी वर्तमान भूमि को खाली करने और सरकार द्वारा प्रस्तावित बाहरी इलाके में जाने के लिए दबाव डालने के प्रयासों में से एक था।

### मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित

उन्होंने यह भी बताया कि जिस भूमि पर रेस कोर्स स्थित है, उसका मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। सट्टेबाजों द्वारा जीएसटी प्रेषण की चोरी पर, बीटीसी, रेसहॉर्स ओनर्स एसोसिएशन और ट्रेनर्स एंड जॉकी एसोसिएशन की ओर से यह तर्क दिया गया कि सट्टेबाज अब जीएसटी की कटौती सीधे सरकार को करने के लिए उत्तरदायी हैं और जीएसटी कानून के तहत इस संबंध में भुगतान करने में बीटीसी की कोई भूमिका नहीं है। जीएसटी कानून ने पहले के सट्टेबाजी कर अधिनियम को निरस्त कर दिया है, जिसके तहत बीटीसी पर अधिकारियों को सट्टेबाजी कर भेजने की जिम्मेदारी थी।

# अगर अमीरों के मामले में न्याय नहीं होगा तो समाज में बुरा संदेश जाएगा: राम्या



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अभिनेत्री और पूर्व सांसद राम्या ने कहा कि अगर दर्शन और येदियुरप्पा समेत अन्य के मामले में न्याय नहीं मिला तो इससे समाज में खराब संदेश जाएगा। शनिवार सुबह एक ट्वीट में उन्होंने हाल ही में जनता का ध्यान खींचने वाले अपराध के मामलों को सामने लाने के लिए पुलिस और मीडिया को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि न्याय मिलेगा।

जो भी कानून तोड़ता है वह खबरों में रहता है। जो लोग गरीबों, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा में लिप्त हैं, चाहे वे अमीर और प्रभावशाली कोई भी हों, उनका तार्किक अंत होना चाहिए। कर्नाटक के आम लोगों, पुलिस और मीडिया को धन्यवाद। ऐसे अपराध प्रकाश में आते हैं। सुनवाई के दौरान पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए। मामलों का तार्किक निष्कर्ष निकलना चाहिए। तभी न्याय मिलेगा, अन्यथा इससे बुरा संदेश जाएगा।

# कर्नाटक के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 578 और प्री-प्राइमरी कक्षाएं खुलेंगी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कल्याण कर्नाटक क्षेत्र के सात जिलों के 1,008 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में प्री-प्राइमरी कक्षाएं (प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा) खोलने के हाल ही में जारी आदेश के बाद, राज्य सरकार ने 578 और सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में प्री-प्राइमरी कक्षाएं शुरू करने की अनुमति दे दी।

केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 2023-24 और 2024-25 में क्रमशः 262 और 316 सरकारी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी कक्षाएं शुरू करने को मंजूरी दी थी।

इसलिए, राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किए। इस वर्ष प्री-प्राइमरी कक्षाओं में एलकेजी का केवल एक सेक्शन शुरू किया जाना चाहिए और चार से पांच आयु वर्ग के बच्चों को नामांकित किया जाना चाहिए। आदेश में कहा गया है कि केवल 20 से 30 बच्चों को ही दाखिला दिया जाना चाहिए। आदेश में कहा गया है कि कक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक चलेंगी। सभी बच्चों को दूध, नाश्ता और दोपहर का भोजन दिया जाएगा। इस बीच, प्री-प्राइमरी कक्षाएं खोलने के आदेश का विरोध करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता 19 जून से बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने आदेश वापस लेने की मांग की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री मधु बंगारप्पा से चर्चा की गई है। मैं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के फैसले से सहमत नहीं हूं।

सोमन्ना की प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र को सलाह

# पार्टी में काम नहीं करने वालों की करें पहचान

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री वी. सोमन्ना ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.वाई विजयेंद्र को सलाह दी है कि जो लोग अभी भी पार्टी में काम कर रहे हैं और जो संगठित नहीं हैं, उनकी पहचान करें। शहर के पैलेस मैदान में पार्टी की ओर से नये सांसदों के अभिनंदन समारोह में उन्होंने कहा कि पार्टी को काम करने वालों को पहचान देनी चाहिए। उन्होंने स्वपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि अगर ऐसे लोग भी हैं जो बिना कोई काम किए नेताओं के पीछे-पीछे चलते हैं, तो वे अकेले रह जाते हैं। दावणगेरे पिछले तीन दशकों से भाजपा का गढ़ था। यहां हम कुछ हजार वोटों के अंतर से हारे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि जिम्मेदार



कौन है। उन्होंने पूछा कि क्या हमें अपनी हार पर चिंतन नहीं करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष को देखना चाहिए कि वे कौन और कैसे व्यवहार करते हैं। उन्होंने विजयेंद्र से अनुरोध किया कि वे किसी के किए पाप की सजा किसी को न दें। सभी ने यह बदनामी फैला दी कि तुमकुरु में सोमन्ना हार जायेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों पार्टियों के नेताओं को विश्वास में लिया और बिना कोई समझौता किए चुनाव प्रचार किया। एक ऐसी घटना हुई थी जहां सोमन्ना ने अपने भाषण में कहा कि जेडीएस बहुमत में है। अपने भाषण में उन्होंने सबसे ज्यादा जेडीएस प्रमुख एचडी देवेगौड़ा, केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी, जेडीएस कार्यकर्ताओं और नेताओं की तारीफ की। जनता को जिताने में जितना योगदान भाजपा ने दिया, उतना ही योगदान जद (एस) ने भी दिया। राष्ट्रीय नेताओं ने दोनों तरफ से जीतने वाले को पहचाना और सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि मेरी जीत में जेडीएस की भूमिका काफी अहम है। जिप चुनाव के लिए दोनों पार्टियों को मिलकर काम करना चाहिए। इस बीच, सोमन्ना ने कहा कि नेताओं को बैठकर तय करना चाहिए कि उम्मीदवार कौन हैं और चुनाव का सामना करना चाहिए।

# कन्नड़ लेखिका कमला हम्पना का निधन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कन्नड़ की प्रमुख महिला लेखिकाओं में से एक कमला हम्पना (89) का शनिवार को राजाजीनगर स्थित उनके आवास पर आयु संबंधी कारणों से निधन हो गया। उनके पति साहित्यकार हम्पा नागराजैया, दो बेटियाँ और एक बेटा उनके निधन पर शोक संतप्त हैं। 28 अक्टूबर, 1935 को देवनहल्ली में जन्मी कमला हम्पना एक लेखिका के अलावा एक शिक्षाविद, शोधकर्ता और शिक्षिका भी थीं। उन्होंने अपने 60 साल के करियर में कन्नड़ में विभिन्न विधाओं में 60 से अधिक पुस्तकें और अंग्रेजी में दो पुस्तकें अत्तिमाबे और चालुक्य तथा जैन धर्म और अन्य निबंध प्रकाशित कीं। उन्होंने थुरंगा भारत - ओंडू अध्ययन और अधारशा जैना महिलारु सहित नौ शोध दस्तावेज भी प्रकाशित किए। उन्हें उनके कार्यों के लिए सरकार के प्रतिष्ठित दाना चिंतामणि अत्तिमाबे पुरस्कार और हम्पी कन्नड़ विश्वविद्यालय के नादोजा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी इच्छा के अनुसार, कमला हम्पना का शरीर चिकित्सा अनुसंधान के लिए एम.एस. रामैया अस्पताल को दान कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया समेत कई राजनीतिक नेताओं ने हम्पना के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। सीएम ने कहा मैं वरिष्ठ लेखिका डॉ. कमला हम्पना की अप्रत्याशित मृत्यु से दुखी हूं। अपने साहित्यिक कार्यों के साथ-साथ डॉ. कमला अपने शोध और अध्यापन के लिए भी लोकप्रिय थीं। उन्होंने अपने जीवन में सभी के लिए अच्छाई की कामना की।

# बीबीएमपी ने 22 करोड़ रुपए का संपत्ति कर बकाया वसूला

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने एसएपी लैब्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से एकमुश्त निपटान योजना के तहत 22 करोड़ रुपए वसूले हैं। आईपीआईपी औद्योगिक क्षेत्र में संपत्ति संख्या 138, 138पी वाली गरुड़चारपाल्या स्थित कंपनी ने संपत्ति का गलत वर्गीकरण करते हुए कम संपत्ति



कर का भुगतान किया था।

कंपनी ने 2008-09 से 2023-24 के बीच वास्तविक कर के मुकाबले कम कर का भुगतान किया। इस बात के प्रकाश में आने के बाद, महादेवपुरा जोन में बीबीएमपी ने ओटीएस के तहत निपटान के लिए नोटिस जारी किया। इसके बाद, कंपनी ने 22 करोड़ रुपए का एकमुश्त निपटान किया।

# कर्नाटक में डेंगू के मामलों से निपटने के लिए विभाग ने कदम बढ़ाए : स्वास्थ्य मंत्री

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बेंगलूरु और मैसूरु समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में डेंगू के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि विभाग के अधिकारियों ने डेंगू के मामलों से निपटने और उसे नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां, एहतियाती और निवारक उपाय तेज कर दिए हैं।

मैसूरु में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रालय के पास दवाओं का पर्याप्त स्टॉक है। विधानसभा उपचुनाव के बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी आवश्यक तैयारियां कर रही है। मंत्री चेलुवरायस्वामी के नेतृत्व वाली समिति चन्नपटना के लिए उम्मीदवार तय कर रही है। जमीर अहमद और संतोष लाड के नेतृत्व वाली समितियां अन्य दो निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नाम तय कर रही हैं।

# प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज पर यौन उत्पीड़न का आरोप

### गृह मंत्री ने कहा अभी तक कोई शिकायत नहीं

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि अगर उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की आधिकारिक शिकायत दर्ज की जाती है तो जेडी(एस) एमएलसी सूरज रेवन्ना के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने यह बयान सूरज रेवन्ना के खिलाफ एक व्यक्ति द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के मद्देनजर दिया। सूरज रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) (जेडीएस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं, जिन्हें बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

अरकलगुड के एक निवासी ने 21 जून को आरोप लगाया कि सूरज रेवन्ना ने 16 जून को हासन जिले के चन्नारायपटना तालुक के गन्निकाडा फार्महाउस में उसका यौन उत्पीड़न किया। उस व्यक्ति ने दावा किया कि उसने पुलिस महानिदेशक को याचिका दी थी, लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए गृह मंत्री



परमेश्वर ने कहा पुलिस विभाग को अभी तक एमएलसी सूरज रेवन्ना के खिलाफ कोई शिकायत नहीं मिली है। मुझे मीडिया के माध्यम से इस घटनाक्रम के बारे में पता चला। इससे पहले 20 जून को सूरज के सहयोगी शिवकुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उस व्यक्ति पर सूरज रेवन्ना को ब्लैकमेल करने का प्रयास करने और शिकायत दर्ज करने के बदले 5 करोड़ रुपये मांगने का आरोप लगाया गया था। जेडीएस के वरिष्ठ नेता बंदेप्पा काशेमपुर ने कहा कि आरोपी की स्थिति चाहे जो भी हो, कानून अपना काम करेगा।

उन्होंने कहा चाहे कोई भी गलत करे, उसे कानून के अनुसार दंडित किया जाएगा। पार्टी ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई की थी। लोकसभा चुनाव से पहले प्रज्वल रेवन्ना के वीडियो प्रसारित हुए थे। अब वे सूरज रेवन्ना के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा देश में कानून है और घटना में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। मैं मामले में मीडिया रिपोर्ट के आधार पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकता। इस बीच, सूरज का भाई प्रज्वल चार महिलाओं द्वारा बलात्कार का आरोप लगाए जाने के बाद जेल में है। उनके पिता रेवन्ना एक महिला के अपहरण से संबंधित मामले में जमानत पर बाहर हैं, जिसका कथित तौर पर प्रज्वल द्वारा बलात्कार किया गया था। उनकी मां भवानी ने अपहरण मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत प्राप्त की है।

# कांग्रेस नेता झूठ बोल रहे हैं कि राज्य की जनता पांच गारंटी से हैं संतुष्ट: अशोक



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कांग्रेस पार्टी को जिला, तालुक पंचायत और बीबीएमपी चुनावों की तारीख तुरंत घोषित करने की खुली चुनौती दी है।

शहर के पैलेस मैदान में पार्टी की ओर से नये सांसदों के अभिनंदन समारोह में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता झूठ बोल रहे हैं कि राज्य की जनता पांच गारंटी से संतुष्ट है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में आपका भाग्य सिद्ध हो चुका है। मैं इस मंच से मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को खुली चुनौती देता हूं। यदि आप जल्दी में हैं, तो स्थगित जिला और तालुक पंचायत और बीबीएमपी चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि तब आपकी स्थिति का पता चल जायेगा। स्थानीय निकाय चुनाव में भी हमारा गठबंधन जारी रहेगा। यहां भी हमें जीत कर दिखाना है। अब कोई गारंटी नहीं है। वह फर्जी गारंटी है। उन्होंने मूल्य वृद्धि के कारण कांग्रेसियों को घर भेजने का आह्वान किया। भाजपा-जेडीएस गठबंधन ने कांग्रेस के लिए भूचाल ला दिया है। सत्ता में आने के एक साल के भीतर ही इसे कूड़ेदान में फेंक दिया गया। कांग्रेस ने अब महंगाई का युग शुरू कर दिया है। सिद्धरामैया और डी.के.शिवकुमार के चेहरे पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

# माहेश्वरी भवन में एकल मेला सम्पन्न

### मेले में जमकर उठाया खरीदारी का लुत्फ

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** वनबंधु परिषद बेंगलूरु महिला समिति द्वारा शनिवार को माहेश्वरी भवन में एकल मेला- ए शॉपिंग कार्निवल का आयोजन किया गया। ₹

जिसकी मुख्य अतिथि बेंगलूरु की महिला एंटरप्रेन्योर फ्रेश मेनू की संस्थापक एवं सीइओ रश्मि डागा थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि रश्मि डागा, राम चांडक, एफटीएस चैप्टर साउथ जोन के वाइस चेयरपर्सन विमल सरावगी, बेंगलूरु चैप्टर अध्यक्ष हाथीमल बैद, राष्ट्रीय महिला समिति की सरिता भंसाली और रेणु कानोडिया, बेंगलूरु महिला समिति अध्यक्ष बबिता अग्रवाल, प्रदर्शनरी प्रभारी विजयलक्ष्मी सारडा, आरोग्य प्रकल्प से कर्नल अशोक एवं बेंगलूरु युवा के सचिव पवन राजीवाल सम्मिलित हुए। महिला समिति द्वारा मुख्य अतिथि का सम्मान किया गया। रश्मि डागा ने महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए किए गये इस एकल आयोजन में एक महिला अतिथि के रूप में सम्मिलित होने पर प्रंशसा व्यक्त की। साथ ही





उन्होंने सभी महिलाओं को अपने सपने साकार करने के लिए प्रेरित किया। इस बार के मेले में राम चांडक, मानक बडेरा, विनोद, हेमंत जैन, बोथरा बंधु और गोमती बंधुओं से यथासंभव सहयोग प्राप्त हुआ।

बेंगलूरु की सभी सामाजिक संस्थाओं जैसे- माहेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज तथा गौड़ समाज के गणमान्य अध्यक्ष एवं सचिवों से हर घंटे वाला लकी ड्रा निकलवाकर अभिनंदन किया। प्रदर्शनी में सुंदर-सुंदर कपड़े, आभूषण, साज-सज्जा का सामान, राखी आदि का प्रदर्शन करने आए बेंगलूरु, जयपुर, चेन्नई और सूरत के 90 स्टॉल होल्डर्स, मेले की सुचारु व्यवस्था से बहुत संतुष्ट हुए।

1500 के करीब की संख्या में आये लोगों ने जमकर खरीदारी की और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया। बच्चों के लिए विशेष आकर्षण गेम-जोन रहा, जिसमें तरह तरह के पारंपरिक खेलों ने बच्चों और बड़ों में कौतूहल बनाए रखा। मेला सुबह 10.30 बजे से रात 8 बजे तक पूरे दिन चला। कार्यक्रम का संचालन सचिव बीना अग्रवाल, मेले का संचालन मोना आँचलिया और रजनी बैद और धन्यवाद कोषाध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने व्यक्त किया।

# गुरुशक्ति से जुड़कर हृदय में भगवत शक्ति जगाएं: सुधांशु जी महाराज



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बेंगलूरु मण्डल द्वारा आयोजित चार दिवसीय अमृत ज्ञान वर्षा में शनिवार को प्रातःकालीन सत्र में आए गुरुदेव सुधांशु जी महाराज का स्वागत महेश रहेजा, किशन ने किया।

हरीश गुप्ता ने सपरिवार व्यासपूजन में भाग लिया। पूज्य गुरुदेव द्वारा मारवाड़ी भजन सुनकर सभी भक्त झूम उठे। परम पूज्य गुरुदेव सुधांशु जी ने कहा कि गुरु की शक्ति भगवत शक्ति है, इसे अपने हृदय में जगाएं। यह शक्ति हमें धर्म से जोड़ती है अधर्म से बचाती है। संकट में हमारी रक्षा करती है और विकसित होने के लिए प्रेरित करती है। अपने अंदर की गुरु शक्ति को प्रत्येक दिन जगाएं। सद्गुरु की प्रेरणा से व्यक्ति आंतरिक रूप से परिवर्तित होता है। गुरु नाम मंत्र दुनिया का सबसे कीमती उपहार है। कोशिश करें कि हमारा हृदय हर पल गुरु के आशीर्वाद से भरा रहे। भक्ति और श्रद्धा सद्गुरु में हो तो शिष्य का विवेक जागृत होता है और उसके समस्त शुभ संकल्प पूर्ण होते हैं। सद्गुरुदेव ने कहा कि समय के साथ-साथ व्यक्ति के बुद्धि पर मैल जमने लगता है जिसके कारण वह अच्छाई के मार्ग को छोड़कर बुराई के मार्ग पर चलने लगता है। सद्गुरु से श्रद्धापूर्वक जुड़ा हुआ व्यक्ति शान्त, आनंदित और प्रेमपूर्ण रहता है। गुरु कृपा से जिसका विवेक जागृत होता है, वह व्यक्ति वाणी, स्वाद, क्रोध, लालच, मन पर नियंत्रण करने में सक्षम हो जाता है। विश्व जागृति मिशन बेंगलूरु मण्डल के प्रधान आदित्य टांटिया ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है, जिसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

## अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा गुफा में सम्पन्न

# बेधड़क होकर यात्रा में शरीक हों श्रद्धालु : उप राज्यपाल





**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 22 जून।**

जयेष्ठ पूर्णिमा पर होने वाली अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा को इस बार भी पवित्र गुफा में आयोजित किया गया। वर्ष 2019 में इसे जम्मू में सम्पन्न किया गया था। वर्ष 2022 से इसे पवित्र गुफा में ही सम्पन्न किया जा रहा है। अमरनाथ यात्रा श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, अमरनाथ गुफा में शनिवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर प्रथम पूजा हुई। साधु-संत व विद्वानों ने हवन और आरती कर पवित्र हिमलिंग की विधिवत पूजा-अर्चना की। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रथम पूजा की।

कोरोना काल से पहले प्रथम पूजा चंदनबाड़ी में की जाती थी लेकिन कोरोना के कारण उपजे हालात में वर्ष 2019 में इसे जम्मू में संपन्न करवाया गया था तो वर्ष 2020 में यात्रा रद्द होने के बावजूद गुफा में। पवित्र गुफा से सुबह व शाम को आरती का सीधा प्रसारण भी करवाने का फैसला किया गया है। इस अवसर पर उप राज्यपाल ने कहा कि दुनिया भर के लाखों भक्तों के लिए बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा की तीर्थ यात्रा जीवनभर का सपना होती है। 29 जून से शुरू होने वाली यात्रा के सफल संचालन के लिए स्थानीय निवासियों का अत्यधिक योगदान है।

उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने शिवभक्तों को बेधड़क होकर अमरनाथ की यात्रा में शामिल होने का न्यौता देते हुए कहा कि सुरक्षा का त्रिस्तरीय प्रबंध हैं। यह यात्रा कश्मीरियत का प्रतीक है। यह कश्मीर के लिए सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व नहीं रखती, बल्कि यह स्थानीय अर्थ व्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। तीन लाख परिवार इससे प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से आजीविका कमाते हैं। कश्मीर में सुधरते हालात कुछ लोगों को रास नहीं आते और वह यहां हालात बिगाड़ने की हरकते करते हैं, लेकिन किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। यह बाबा भोले की यात्रा है और बाबा भोले की कृपा से सुरक्षित, शांत और विश्वासपूर्ण वातावरण में ही सम्पन्न होगी।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पूजा में श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के कई अधिकारी भी शामिल हुए। उप राज्यपाल ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि देश-विदेश से जो भी श्रद्धालु अमरनाथ आएं, वे अपने साथ एक अच्छा अनुभव साथ लेकर जाएं। इस बार अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो कर 52 दिनों तक चलेगी जबकि पिछले साल पहली बार 62 दिन की अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू हुई थी। इस बार यात्रा रक्षा बंधन 19 अगस्त तक चलेगी। यात्रा के लिए पूरे देश में पंजीकरण अप्रैल से शुरू हो गया है। बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा से सुबह व शाम की आरती का सीधा प्रसारण होगा। देश-दुनिया में बैठे श्रद्धालु रोजाना बाबा बर्फानी की आरती का लाभ उठा सकते हैं।


# ज्ञानवापी के सर्वे का आदेश देने वाले जज को धमकी

### एनआईए कोर्ट ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की

**प्रयागराज, 22 जून (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वे करने का आदेश देने वाले जज रवि कुमार दिवाकर को जान से मार डालने की धमकी मिलने के बाद एनआईए कोर्ट के स्पेशल जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को चिट्ठी लिखकर जज रवि कुमार दिवाकर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। जज रवि कुमार दिवाकर को तीन हफ्ते पहले अदनान खान नाम के शख्स ने धमकी दी थी और पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था।

विवेकानंद शरद त्रिपाठी ने पत्र में कहा कि जांच से पता चला है कि इस्लामी कट्टरपंथी जज दिवाकर की हत्या की साजिश रच रहे हैं। यह एक संवेदनशील मुद्दा है। अगर अदनान की गतिविधियों पर शिकंजा नहीं कसा गया तो कोई बड़ी घटना हो सकती है। जज दिवाकर बरेली में एडिशनल सेशन जज हैं। उन्होंने खुद भी यूपी के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर



अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। 13 मई 2022 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुझे और मेरे परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई गई थी, लेकिन मौजूदा स्तर पर यह कम लगती है।

यह साफ है कि इस्लामी कट्टरपंथी अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं और मुझे काफिर बताकर उन्हें मेरे खिलाफ कर रहे हैं ताकि मुझे मरवा सकें। इसलिए मुझे और मेरे परिवार को सही से सुरक्षा मुहैया कराने के लिए यह पत्र भेजा जा रहा है। इस साल 25 अप्रैल को जज दिवाकर ने बरेली पुलिस को बताया कि उन्हें धमकी भरे इंटरनेशनल कॉल आ रहे हैं।

उनकी सुरक्षा में पहले से दो पुलिसकर्मी शामिल हैं। यह किसी भी आतंकी हमले को रोकने में काफी हद तक कामयाब नहीं है। आतंकी हमले की स्थिति में उनके पास आधुनिक हथियार भी नहीं है। 3 जून को यूपी एटीएस जांच अधिकारी ने अदनान खान के खिलाफ आईपीसी की कई धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की।

खान ने कथित तौर पर जज दिवाकर के खिलाफ धमकियां देने के लिए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट का इस्तेमाल किया। इससे उनके खिलाफ हिंसा को बढ़ावा मिला। एटीएस अधिकारी प्रभाकर ओझा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि अदनान खान एक इंस्टाग्राम अकाउंट चलाता है जिसके जरिए वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद मामले की सुनवाई कर रहे जज रवि कुमार दिवाकर को धमकी दी गई है।

# उरी में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकी ढेर किए

**श्रीनगर, 22 जून (एजेंसियां)।**

उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उरी स्थित गोहलान इलाके में भारतीय सेना और संयुक्त सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। उरी के पास सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मार गिराए गए। खबर लिखने तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी थी।



मारे गए आतंकियों के बारे में अभी विस्तृत जानकारी सामने नहीं है। सुरक्षाबल इनकी पहचान में जुटे हुए हैं। इससे पहले बीते बुधवार 21 जून को बारामुला में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया था। दोनों लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे।

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा है। इस क्षेत्र में 2005 से 2015 तक आतंक फैला था। हालांकि 2019 में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक मुहिम के तहत बारामुला जिले को आतंकी मुक्त घोषित किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तानी मूल के विदेशी आतंकियों की संख्या अभी स्थानीय आतंकियों से ज्यादा है, लेकिन इनका सफाया किया जा रहा है।

अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है। जम्मू जिले को इस बार अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां मिली हैं, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में पांच से छह अधिक हैं।

पहली बार अमरनाथ यात्रा के रूट, यात्रियों के रुकने के स्थलों, लंगरों और अन्य जगहों पर तैनाती के अलावा अर्धसैनिक बल उन जगहों पर भी तैनात किए जा रहे हैं, जहां पर किसी अप्रिय घटना होने की आशंका है।

जम्मू में अर्धसैनिक बलों की 10 कंपनियां पहुंच चुकी हैं, जिन्हें पुरानी मंडी, राम मंदिर, पीरखो मंदिर, भगवती नगर आधार शिविर में तैनात किया गया है। इसके अलावा पुरमंडल मोड़ से लेकर झज्जर कोटली तक पूरे हाईवे पर जवान भेजे गए हैं। इसमें कुंजवानी, गंग्याल, सिद्दड़ा, नगरोटा का इलाका शामिल है। अगले कुछ दिन में अन्य कंपनियां भी पहुंच जाएंगी। इन अतिरिक्त कंपनियों के अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान भी लगाए जाएंगे। इन जगहों के अलावा पुलिस ने आरएस पुरा, सुचेतगढ़, अखनूर, पर-गवाल, ज्यौड़ियां, खौड़, अरनिया, अब्दुल्लियां, मीरां साहिब क्षेत्र में कुछ ऐसे स्थान चिह्नित किए हैं, जिन्हें आतंकी निशाना बना सकते हैं। इन जगहों पर अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं। इनमें आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ की कंपनियां शामिल हैं।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित का निधन

**लखनऊ, 22 जून (एजेंसियां)।**

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक जताया है।

सीएम योगी ने कहा, प्रभु श्रीराम उनके शिष्यों व अनुयायियों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

सीएम योगी ने कहा कि काशी के प्रकांड विद्वान एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित, वेदमूर्ति, आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित जी का गोल-ोकगमन अध्यात्म व साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति है। संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति की सेवा हेतु वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके शिष्यों व अनुयायियों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति! 500 वर्ष के उपरांत अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित थे। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।

### प्राथमिकता के आधार पर होगा बाघों और हाथियों का संरक्षण

# अब बनेगा प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलीफेंट

**लखनऊ, 22 जून (एजेंसियां)**

उत्तर प्रदेश के समेकित विकास की पटकथा लिख रही योगी सरकार प्रदेश की अनुपम प्राकृतिक छटा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश के वन्य क्षेत्रों, अभ्यारण्यों व रिजर्व सैंक्चुरीज के विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में बाघों व हाथियों समेत विभिन्न प्रकार के जीव-जंतुओं के संरक्षण को लेकर भी कृत संकल्प है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में टाइगर व एलिफेंट रिजर्व्स में जीव-जंतुओं के संरक्षण के साथ ही यहां छुपी पर्यटन की असीमित संभावनाओं को भी चिह्नित कर उन्हें विकसित करने की प्रक्रिया जारी है। इससे एक ओर राज्य में पर्यटन विकास के जरिए राजस्व में वृद्धि का अवसर प्राप्त हुआ है वहीं, बाघों-हाथियों व अन्य संरक्षित जीव-जंतुओं के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसी क्रम में, अब सीएम योगी की मंशा अनुसार प्रदेश में बाघों व हाथियों के संरक्षण को लेकर जारी विभिन्न परियोजनाओं को गति देने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि डबल इंजन की सरकार द्वारा देश में बाघों व हाथियों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट की शुरुआत गई है और इस परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के विभिन्न रिजर्व्स में भी यह परियोजना क्रियान्वित है।

प्रदेश में परियोजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर कार्य हो रहा है और इन्हीं कार्यों को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने केंद्र से प्राप्त सहायता को राज्यांश संग समाहित करते हुए जनराशि जारी कर दी है। वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा विभागाध्यक्ष को इस विषय में शासनादेश जारी करके अवगत करा दिया गया है। परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल मिलाकर 5.31 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है।

परियोजना के अंतर्गत जो धनराशि अवमुक्त की गई है उसका कई मदों में उपयोग होगा। आवंटित धनराशि के जरिए मशीनों, संयंत्रों व उपकरणों के क्रय तथा निर्माण कार्यों की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके अतिरिक्त, कार्यालय व्यय तथा मजदूरी समेत विभिन्न मदों में धनराशि का उपयोग हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में रिजर्व फॉरेस्ट रीजंस के टूरिस्ट एरिया में तमाम प्रकार की पर्यटक सुविधाओं के विकास के कार्य तो जारी हैं ही, वहीं क्षेत्रों में वनों के कोर एरिया रीजंस में भी कुछ निर्माण कार्य जारी हैं। इनमें जलाशय निर्माण समेत जीवों के संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न कार्यों को पूर्ण किए जाने की प्रक्रिया जारी है और धनावंटन के जरिए इन कार्यों की पूर्ति में तेजी आएगी।

# मिशन अमृत सरोवर विकसित करने में यूपी का रिकॉर्ड

### सरोवरों में यूपी का योगदान लगभग 30 प्रतिशत

**लखनऊ, 22 जून (एजेंसियां)।**

डबल इंजन की सरकार के मंशानुरूप मिशन अमृत सरोवर के विकास का कार्य निरंतर तेज गति से हो रहा है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 80 फीसदी लक्ष्य पूर्ण कर लिया है। देश में अब तक 70158 स्थानों पर अमृत सरोवर विकसित किया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। उत्तर प्रदेश में अमृत सरोवर विकास रिपोर्ट के मुताबिक गाजियाबाद टॉप पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर भी जबकि टॉप-5 में शामिल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अमृत सरोवर विकसित करने में उत्तर प्रदेश अव्वल है। देश में कुल 70158 स्थानों पर अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हो चुका है। उत्तर प्रदेश में अमृत सरोवर निर्माण के लिए 24774 स्थान चिह्नित किए गए। इसमें से 21014 पर कार्य जारी है। 16909 स्थानों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। जो लगभग 80 प्रतिशत है। वहीं मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है। यहां 5821 कार्य पूर्ण हुए हैं। अमृत सरोवर योजना के तहत कर्नाटक में 4058, राजस्थान में 3138 सरोवरों का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि महाराष्ट्र में यह आंकड़ा 3079 का है।

उत्तर प्रदेश में अमृत सरोवर विकास का कार्य काफी तेजी से चल रहा है। 57691 ग्राम पंचायतों में से 16909 अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हो चुका है। यानी लगभग 30 फीसदी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश ने निर्धारित किया था, जिसमें से 24.1 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिए गए। वहीं उत्तर प्रदेश के जनपदों पर नजर डालें तो गाजियाबाद शीर्ष पर है। यहां 142 ग्राम पंचायतों में से 100 में अमृत सरोवर (70 फीसदी) का कार्य पूर्ण हो चुका है। महराजगंज में 882 ग्राम पंचायतों में से 601 अमृत सरोवर विकसित हुए। महराजगंज ने 68 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। बांदा तीसरे स्थान पर है। वहीं मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में 1273 ग्राम पंचायतों में से 737 अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हुआ। 58 फीसदी लक्ष्य हासिल कर गोरखपुर चौथे स्थान पर है। नोएडा पांचवें, रामपुर छठवें, चित्रकूट सातवें, बागपत आठवें, मऊ नौवें और सोनभद्र दसवें स्थान पर है।

अमृत सरोवर विकसित करने में कुछ जनपदों की प्रगति धीमी है। सीएम योगी ने इन्हें भी तेजी से कार्य करने की चेतावनी दी है। जिन जनपदों में कार्य की गति धीमी है, उसमें देवरिया, बस्ती, अंबेडकरनगर, संभल, आगरा, बदायूं, बहराइच, मुरादाबाद, हाथरस व बरेली हैं। इन जनपदों में भी 18 से 22 फीसदी कार्य हो चुका है। इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

योगी सरकार ने वर्षा जल संचयन पर जोर देते हुए कहा कि जल संरचनाओं एवं अमृत सरोवर के कैचमेंट क्षेत्र का विकास कर पुनरूद्धार किया जाये, जिससे अमृत सरोवर एवं जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बनी रहे। वर्षा जल का संचयन किया जा सके और जल संचयन हेतु मनरेगा योजनान्तर्गत अथवा राज्य वित्त/15वां वित्त के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नियमानुसार कार्रवाई कराई जाए।

वहीं अमृत सरोवर का कैचमेंट इम्प्रूवमेंट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, जिससे पर्याप्त मात्रा में वर्षा जल अमृत सरोवर में पहुंच सके। गांव का गंदा पानी अमृत सरोवर में न जाए, इसके लिए फिल्टरिंग चैम्बर का प्राविधान सुनिश्चित किया जाए। तालाब के चारों तरफ बंधो के निर्माण में सतहवार कम्पैक्शन सुनिश्चित किया जाए, जिससे बंधों का कटान न हो। जिन तालाबों में सिल्ट आदि जमा हो गई है, उसके पुनरूद्धार के लिए योजना के अन्तर्गत उचित कार्यवाही की जाएगी, इससे वर्षा ऋतु में अधिकाधिक जल का संचयन सुनिश्चित हो सकेगा। ग्राम पंचायतों में नलकूपों तथा नहरों के माध्यम से सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग तथा अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए अमृत सरोवर में पर्याप्त जल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

# सीएम योगी ने प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की

**लखनऊ, 22 जून (एजेंसियां)।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने ऊर्जा विभाग के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यन्त आवश्यक है। जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ मैकेनिज्म तैयार करे।

स्मार्ट मीटर ईज ऑफ लिविंग के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है। यह आज की आवश्यकता है। जनता को इसके लिए तैयार किया जाए तथा स्मार्ट मीटर की कवायद को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पी0एम0 सूर्य घर योजना को तेज गति से अमल में लाया जाए।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए।

बिजली का बिल सही समय पर और बिना गड़बड़ी के प्रत्येक उपभोक्ता के घर तक पहुंचना चाहिए। मीटर रीडर को इसके लिए जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है।

उपभोक्ताओं को ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) के बारे में जागरूक करें, ताकि बकाया बिजली के बिल को जमा करने से मिलने वाली सहूलियत के बारे में उन्हें अच्छी तरह से पता चल सके। बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को किसी भी स्थिति में परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि पहले पांच वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया गया है, अब पूरा जोर क्वालिटी मेंटेन करने पर देना होगा।

मेंटेनेंस के कारण अगर बिजली कटौती की जाती है, तो कब और कितनी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को प्रदान करना आवश्यक है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के घंटों में बढ़ोत्तरी हुई है। भीषण गर्मी तथा लोकल फॉल्ट को छोड़ दें, तो बीते 15 मार्च से प्रदेश सरकार 24 घंटे बिजली प्रदान करने में सफल रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है। प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं। वहीं विगत 02 वर्षों में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। वर्ष 2024 में अब तक 70 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि विगत वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत तथा ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है।

प्रदेश में बिजली बिल का 39 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत विभागीय काउंटरों से और 21 प्रतिशत ई-वॉलेट तथा 8 प्रतिशत सी0एस0सी0 के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। ऑनलाइन सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए लोड बढ़ाने से लेकर नाम, पता बदलने तक की सुविधा ऐप के माध्यम से दी जा रही है। साथ ही बिजली का बिल जमा करने के लिए प्रतिमाह औसतन 7 एस0एम0एस0 भी भेजे जाते हैं।

अक्टूबर, 2023 तथा फरवरी, 2024 में मेनटेनेंस माह मनाया गया, जिसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। प्रदेश में अप्रैल, मई और जून माह में बिजली की औसत मांग में बढ़ोत्तरी हुई है। गर्मी के मौसम में सामान्य दिनों 27 से 28 हजार मेगावॉट की डिमाण्ड होती है, जबकि इन दिनों पड़ी भीषण गर्मी में पीक डिमाण्ड 30,764 मेगावॉट तक पहुंच गई है। बरसात के बाद इसमें कमी आने की उम्मीद है।

प्रदेश में 5,255 मेगावॉट की 10 इकाइयां को लगाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके अलावा 5,120 मेगावाट की तीन बड़ी परियोजनाएं ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा द्वितीय पर भी काम जारी है। प्रदेश में बिजली के ट्रांसमिशन लॉस को न्यूनतम स्थिति में पहुंचाते हुए 3 प्रतिशत पर लाने का कार्य हुआ है।

प्रदेश में नोएडा, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर और लखनऊ में विभाग की कई बड़ी परियोजनाएं शुरू होने जा रही हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर परियोजना के प्रथम चरण में देश में 01 करोड़ जबकि प्रदेश में 25 लाख सोलर रूफ टॉप लगने हैं। इसके लिए अब तक 16 लाख 97 हजार रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा हो चुका है।

# मायावती ने अपरिपक्व भतीजे को फिर दी बसपा में अहम जिम्मेदारी

**लखनऊ, 22 जून (एजेंसियां)।**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा चुनाव के वक्त उस समय सभी को हैरान कर दिया था जब उनकी तरफ से अपने भतीजे आकाश आनंद को राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर के पद से हटा दिया था। यहां तक कहा गया था कि वे अपरिपक्व है। अब उसी भतीजे को मायावती ने फिर अहम जिम्मेदारी देने का फैसला किया है। असल में आने वाले महीनों में उत्तराखंड और पंजाब में उपचुनाव होने हैं, वहां पर स्टार प्रचारकों में आकाश आनंद को भी शामिल किया गया है।

बड़ी बात यह है कि मायावती के बाद दूसरे नंबर पर उन्हीं का नाम लिखा हुआ है, यानी कि पार्टी में नंबर 2 की पोजीशन उनकी बनी हुई है।

जानकार मानते हैं कि यह एक तरह से सियासत में आकाश आनंद की वापसी है जिन्हें पहले बिना किसी ठोस कारण के बसपा के सियासी कार्यक्रमों से दूर कर दिया गया था। आकाश आनंद को लेकर कहा जाता है कि वे जोशीले अंदाज में भाषण देते हैं, ऐसे मुद्दों को उठाते हैं जो सीधे युवाओं से कनेक्ट कर जाएं।

लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में उनका प्रचार कोई भूला नहीं है जहां पर बड़ी संख्या में लोग उन्हें सुनने आ रहे थे। आकाश भी लगातार अपनी आक्रमक शैली में जनता से संपर्क साध रहे थे।

लेकिन उनके कुछ बयान ऐसे रहे कि उन पर एफआईआर तक दर्ज हो गई और बसपा को सफाई देना मुश्किल हो गया। उसी वजह से मायावती ने चुनावी मौसम में बड़ा फैसला लेते हुए आकाश आनंद को राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर के पद से हटा दिया, उन्हें अपना उत्तराधिकारी मानने से भी इन्कार किया।

ऐसा कहा जाता है कि मायावती नहीं चाहती थीं किं आकाश आनंद अपने सियासी करियर के शुरुआत में ही विवादों में फंस जाए। वे यह भी नहीं चाहती थीं कि बसपा की हार का सारा ठीकरा उनके सिर आए। ऐसे में ठीक समय पर उन्होंने आकाश को एक तरह से बचाने का काम किया और सही समय में फिर उनकी एंट्री सियासत में करवाई। अब स्टार प्रचारक के रूप में आकाश आनंद की जिम्मेदारी फिर पार्टी को मजबूत करने की रहने वाली है। इसके ऊपर जमीन पर किस तरह से फिर वोटरों को साधा जाए, यह काम भी आकाश को देखना पड़ेगा।

# अमरेंद्र सेंगर लखनऊ के नए पुलिस कमिश्नर बने

### प्रयागराज के कमिश्नर भी बदले गए

**लखनऊ, 22 जून (एजेंसियां)।**

यूपी में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए। लखनऊ और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर बदल दिए गए हैं। आईपीएस अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस कमिश्नर होंगे। आईपीएस तरुण गाबा को प्रयागराज का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। आईपीएस राजेश द्विवेदी को प्रयागराज में एसपी कुंभ के पद पर तैनात किया गया है।

आईपीएस एसबी शिरोडकर को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ नियुक्त किया गया है। वह अभी तक लखनऊ पुलिस कमिश्नर के पद पर थे। आईपीएस रमित शर्मा को अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बनाया गया है। आईपीएस प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम लखनऊ नियुक्त किया गया है। आईपीएस प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी रेंज लखनऊ नियुक्त किया गया है।



तरुण गाबा

आईपीएस विनोद कुमार सिंह एडीजी साइबर क्राइम यूपी नियुक्त किए गए हैं। आईपीएस प्रकाश डी अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे बनाए गए हैं। आईपीएस जय नारायण सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर नियुक्त किया गया है। इसी तरह, आईपीएस एलवी एंटनी देव को एडीजी सीबीसीआईडी यूपी नियुक्त किया गया है। आईपीएस रघुवीर लाल को एडीजी सुरक्षा के साथ एडीजी एसएसएफ की भी जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएस के सत्यनारायण को अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। आईपीएस बीडी पॉल्सन को अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है।

## चोरी के आरोप में पकड़ा गया युवक टॉर्चर से मरा

# नाराज लोगों ने पथराव किया, पुलिस ने गोलियां दागीं

### पोस्टमॉर्टम में पिटाई की पुष्टि, पर कोई कार्रवाई नहीं

**फिरोजाबाद, 22 जून (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में चोरी के आरोप में 19 जून को जेल भेजे गए बंदी की मौत के बाद बवाल हो गया। मृतक के परिजनों और लोगों ने शुक्रवार देर शाम न्यायिक जांच की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस की एक बाइक फूंक दी। पांच से छह राउंड गोलियां भी चलाई गईं। सीओ व सिटी मजिस्ट्रेट और अन्य पुलिस कर्मियों ने भागकर जान बचाई। पांच पुलिस कर्मी भी घायल हो गए। एसएसपी ने टीम के साथ पहुंच कर पथराव कर रहे



लोगों को लाठियां फटकार कर खदेड़ा। चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। डीएम रमेश रंजन भी मौके पर पहुंचे।

थाना दक्षिण के नगला पचिया निवासी आकाश (27) को थाना दक्षिण पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में 17 जून को घर से हिरासत में लिया था। पुलिस ने उसे 19 जून को जेल भेज दिया था। शुक्रवार को आकाश की मौत की खबर जेल प्रशासन से परिजन को मिली। पोस्टमार्टम हाउस पर राजनीतिक दलों व भीम आर्मी के लोगों ने पुलिस प्रशासन व जेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी व धरना दिया था। शाम को पैनल से पोस्टमार्टम के बाद आकाश का शव परिजन को दिया गया।

हिमांयुपुर चौराहे पर एंबुलेंस को रोककर परिजन व अन्य लोग सड़क पर बैठ गए। मृतक के भाई सन्नी का कहना था कि मेरे भाई की पिटाई से मौत हुई है, इसलिए मामले की न्यायिक जांच की जाए। लोगों ने एंबुलेंस को चारों ओर से घेर लिया। पुलिस ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो पथराव कर दिया। पुलिस टीम भाग खड़ी हुई। सीओ सिटी हिमांशु गौरव व सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार के बगल से भी कई पत्थर निकले। वह भी जान बचाने को भागे।

पुलिस ने पांच-छह राउंड फायरिंग भी की। पथराव में पांच पुलिसकर्मियों के भी घायल होने की खबर है। करीब 25 मिनट बाद एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में एसएसपी सौरभ दीक्षित भी आ गए। पथराव कर रहे लोगों पर जमकर लाठियां बरसाई गईं। चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार ने कहा कि चोरी के आरोप में जेल में बंद आकाश (27) की संदेहास्पद मौत की न्यायिक जांच होगी। पोस्टमार्टम में आकाश के सिर में चोट देखी गई है। जेल में बंदी की मौत की जांच जिला जज स्तर के न्यायिक अधिकारी करेंगे।

## सीएम ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था की समीक्षा की

# स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था कारगर

**लखनऊ, 22 जून (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था की समीक्षा की। सीएम योगी ने स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स-2024 सम्बन्धी प्रस्तुतीकरण का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यकता है।

इस सम्बन्ध में शीघ्र तैयारी की जाए और ड्राफ्ट बनाकर प्रस्तुत किया जाए। वर्तमान परिदृश्य में पंजीकरण के लिए रजिस्ट्री कार्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है। यह एक साथ ही समय लेने वाली प्रक्रिया है। ई-रजिस्ट्रेशन की शुरुआत के बाद नागरिकों को काफी सुविधा होगी। लोगों के पैसे और समय की बचत होगी। इसके अतिरिक्त, कानूनी और किसी अन्य तरह की समस्या का भी सामना नहीं करना होगा। रजिस्ट्री कार्यालयों की कार्यकुशलता में भी वृद्धि होगी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने सरकारी आवास पर स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के प्रस्तुतीकरण के अवसर पर।

मुख्यमंत्री ने आवासीय, अनावासीय और व्यावसायिक सम्पत्ति के रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प रजिस्ट्रेशन शुल्क को कम करने के निर्देश दिए। इसके लिए अलग-अलग ब्रैकेट बनाए जाएं और एग्रीमेण्ट की प्रक्रिया को सरल किया जाए। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स-2024 के अन्तर्गत मौजूद रजिस्ट्रेशन के कोडिफिकेशन, ई-रजिस्ट्रेशन और ई-फाइलिंग की सम्पूर्ण व्यवस्था पारदर्शी हो। ई-रजिस्ट्रेशन का कार्य सरकारी एजेंसीज और रेरा अप्रूव्ड संस्थाओं के माध्यम से कराया जाए। वहीं ई-फाइलिंग का कार्य बैंक फाइल 6 (1), 12 माह तक का रेंट एग्रीमेंट और रजिस्ट्रेशन एक्ट-1908 के सेक्शन 18 और 89 के अन्तर्गत किसी भी डॉक्युमेण्ट के माध्यम से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-रजिस्ट्रेशन के तहत फेज-1 में सरकारी एजेंसियों-डेवलपमेण्ट एवं इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटीज को सेल डीड, एग्रीमेंट एवं लीज डीड के लिए मंजूरी प्रदान की जाए। सरकारी एजेंसियों के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतिकरण और स्वीकृति प्रदान की जाए। साथ ही, पार्टियों का फोटो और सिग्नेचर भी डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाना चाहिए। पंजीकरण उपरोक्त प्रक्रिया के इलेक्ट्रॉनिक प्रेषित डेटा के आधार पर रजिस्ट्रार अधिकारी द्वारा किया जाएगा। ई-रजिस्ट्रेशन के फेज-2 में सेल डीड, एग्रीमेंट और लीज डीड के लिए रेरा द्वारा अनुमोदित संस्थाओं तक विस्तारित किया जाए। पार्टियों का फोटो और हस्ताक्षर डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाए। प्रक्रिया के तहत इलेक्ट्रॉनिक प्रसारित डाटा के आधार पर पंजीकरण अधिकारी द्वारा पंजीकरण किया जाए।

ई-फाइलिंग के तहत फेज-1 में बैंक फाइलों की प्रोसेसिंग पहले ही शुरू हो चुकी है, जबकि दूसरे फेज में 12 माह तक का रेंट एग्रीमेंट, ऑनलाइन स्टाम्पिंग, ई-सिग्नेचर और पार्टियों और गवाहों का ई-केवाईसी वेरिफिकेशन आधार के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड्स बहुत सेंसिटिव रिकॉर्ड्स होते हैं और साथ ही इनके साथ छेड़छाड़ की गुंजाइश बनी रहती है। इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड सुरक्षित होने के साथ ही इन्हें सत्यापित करना भी आसान है।

# 3725 करोड़ के निवेश से दस हजार को मिलेगा रोजगार

## अंबुजा सीमेंट, बिसलेरी बॉटलिंग, अपोलो ट्यूब्स रेडीमेड गारमेंट के लिए मिलेगी जमीन

**गोरखपुर, 22 जून (एजेंसियां)।**


औद्योगिक प्रगति में छलांग लगा रहे गोरखपुर में चालू वित्तीय वर्ष में 3725 करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतरने की कतार में हैं। अडानी ग्रुप समेत सात औद्योगिक घरानों ने गीडा को अपने निवेश प्रस्ताव देकर जमीन की डिमांड की है। गीडा इन निवेशकों को उनके मनमाफिक जमीन देने की प्रक्रिया में है। इन निवेश परियोजना के मूर्त होने के बाद करीब दस हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

अडानी ग्रुप ने अंबुजा ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री लगाने के लिए, लोटस सिंगापुर ग्रुप ने बिसलेरी ब्रांड का बॉटलिंग प्लांट लगाने के लिए, शाही एक्सपोर्ट ने रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर के लिए, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) व आईआईएमटी यूनिवर्सिटी ने शिक्षा संस्थान के लिए, अपोलो ट्यूब्स ने स्टील पाइप फैक्ट्री के लिए और स्टैम्ज टेक ने कोल्ड रोल फार्मिंग सेक्शन, वैगन निर्माण एवं रख रखाव के लिए कुल मिलाकर 128 एकड़ जमीन की मांग गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) से की है। इन निवेशकों को जमीन मिलने के बाद वे 3725 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। इनमें सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव अडानी ग्रुप का है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक ने इन निवेश प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी गत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इन सभी निवेशकों को उनकी पसंद के मुताबिक जमीन दिखा दी गई है और जल्द ही आगे की प्रक्रिया पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

इंडस्ट्री और गोरखपुर के बीच दशकों तक विरोधाभासी रिश्ता बना रहा लेकिन योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद सात साल में माहौल ऐसा बदला कि अब दोनों एक दूसरे के पूरक रूप में देखे जा रहे हैं। जिस गोरखपुर में स्थानीय पूंजीपति भी औद्योगिक निवेश करने से घबराते थे, अब वहां देश की नामी कम्पनियों के आने की होड़ सी दिखती है। गोरखपुर को औद्योगिक विकास के नक्शे पर स्थापित करने के लिए नोएडा की तर्ज पर गीडा की स्थापना यूं तो 34 वर्ष पूर्व ही ओर दी गई थी लेकिन नोएडा से प्रतिस्पर्धा का दौर बीते आधे दशक में शुरू हुआ है। इंडस्ट्री को लेकर नकारात्मक धारणा वाले इस क्षेत्र में इंडस्ट्री फ्रेंडली होने की यह दास्तां महज सात साल पुरानी है। इस दौरान गोरखपुर के विशिष्ट औद्योगिक क्षेत्र गीडा में मल्टीनेशनल समेत कई ऐसी बड़ी यूनिट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ जो तीन दशक पहले तक सिर्फ कल्पनाओं की बात होती थीं। बीते करीब डेढ़ साल में ही गीडा में 1100 करोड़ रुपए के निवेश वाली पेप्सिको जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनी यूनिट में कमर्शियल उत्पादन शुरू हो चुका है। इस यूनिट का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ने किया था। इसके अलावा सीएम योगी 118 करोड़ रुपए के निवेश वाली ज्ञान डेयरी की यूनिट, जल जीवन मिशन में सप्लाई देने वाली तत्वा प्लास्टिक की 110 करोड़ रुपए निवेश वाली पाइप फैक्ट्री का उद्घाटन करने के साथ 1200 करोड़ रुपए का निवेश करने वाली केयान डिस्टलरी के एथेनॉल व डिस्टलरी प्लांट तथा 300 करोड़ रुपए के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का भी शिलान्यास कर चुके हैं। 50 करोड़ रुपए के निवेश से सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के इंडस्ट्रियल वेयरहाउस का निर्माण भी लगभग पूरा चुका है।

गोरखपुर में विकास व निवेश की संभावनाएं हमेशा रही हैं। कारण, यह समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार और नेपाल की तराई तक की आबादी के शिक्षा, चिकित्सा, कारोबार और शहरी आवासन के लिए केंद्रीय भूमिका में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस भूमिका से पहले से वाकिफ हैं। लिहाजा उन्होंने यहां इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और हर तरह की कनेक्टिविटी के साथ शिक्षा, चिकित्सा, शहरीकरण के क्षेत्र में कई प्रोजेक्ट को ऊंचाई दी। निवेश का इको सिस्टम बनाने में इन तथ्यों ने, खासकर रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ऐसे डिवाइस का इस्तेमाल खतरनाक



**इन** दिनों तकनीक की मदद से हमारे कई काम आसान होते जा रहे हैं। लेकिन, कई बार तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल हमारे लिए खतरनाक भी साबित हो जाता है। एक नए अध्ययन के मुताबिक, ड्राइविंग के वक्त हैंड्स-फ्री डिवाइस का इस्तेमाल भी काफी खतरनाक हो सकता है। आमतौर पर ड्राइविंग के वक्त मोबाइल फोन पर बात करने के लिए कई लोग हैंड्स-फ्री का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन, इस अध्ययन में कहा गया है कि हैंड्स-फ्री डिवाइस के इस्तेमाल से भी ड्राइवर का ध्यान भंग हो सकता है। भारत में भी ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन पर बातचीत करना गैरकानूनी है लेकिन, ज्यादातर लोग ड्राइविंग के दौरान हैंड्स-फ्री पर बात करते हैं। भारत में सड़क दुर्घटना में कई लोगों को जान गंवानी पड़ती है। ऐसे में इस अध्ययन के सामने आने से इस मुद्दे पर और गंभीर रूप से विचार करने की जरूरत है।

## ड्यूक 390 अगले साल तक



**ऑस्ट्रिया** की मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी केटीएम अपना ड्यूक 390 नेक्स्ट-जनेरेशन मॉडल अगले साल तक भारत में लॉन्च करेगी। हाल ही में इस ड्यूक की तस्वीरें यूरोप में टेस्टिंग के दौरान सामने आई है। केटीएम ड्यूक 390 के इस नए मॉडल में कई बदलाव नजर आ रहे हैं, साथ ही बाइक की स्टाइलिंग में काफी बदलाव किए गए हैं। बाइक के फ्यूल टैंक को बिल्कुल नया डिजाइन दिया गया है। इसके अलावा हेडलाइट क्लस्टर को भी बदला है। नए केटीएम ड्यूक 390 में ऑल-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल, नया स्विचगियर और एलईडी इंडिकेटर लगाए गए हैं। बाइक में सिंगल सिलिंडर इंजन लगा है, बताया जा रहा है कि इस बाइक के इंजन को भी पहले की तुलना में थोड़ा स्मूथ बनाया गया है ताकि ज्यादा वाइब्रेशन ना हो। इस नई ड्यूक 390 में पहले से बेहतर कूलिंग सिस्टम भी मौजूद है।

## बीएमडब्ल्यू की स्टंट बाइक...



**बीएमडब्ल्यू** आगामी जी310आर बाइक भारतीय सड़कों पर टेस्टिंग के लिए उतार चुकी है। बीएमडब्ल्यू जी310आर के दो मॉडलों को चेन्नई-बेंगलुरू हाइवे पर टेस्टिंग के दौरान देखा गया। आगामी मोटरसाइकिल बीएमडब्ल्यू की पहली बाइक है जिसको भारत में तैयार किया जा रहा है। इस बाइक को होसुर में टीवीएस मोटर्स के कारखाने में तैयार किया जाएगा। बीएमडब्ल्यू जी310आर को पहली बार 2016 ऑटो एक्सपो में प्रदर्शित किया गया था। उम्मीद है कि इस बाइक भारतीय बाजार में अक्टूबर, 2016 तक लॉन्च किया जाएगा। टेस्टिंग के दौरान एक दिलचस्प बात यह सामने आई कि बाइक बिना एंटी ब्रेक सिस्टम के दिखाई दी। दरअसल कंपनी किफायती दाम में बाइक लॉन्च करने की तैयारी में है। इसलिए भारतीय बाजार में इसके दो वेरिएंट लॉन्च हो सकते हैं। इसके अलावा परीक्षक सवार के अनुसार, बीएमडब्ल्यू जी310आर की टॉप स्पीड 170 किलोमीटर प्रति घंटा है। बीएमडब्ल्यू जी310आर के माइलेज की बात करें तो यह 25 से28 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज देती है। हालांकि यह आंकड़े अभी केवल अटकलें हैं। यह एक स्टंट बाइक है जिसको चार बार विश्व स्टंट बाइक चैंपियन रहे चुके क्रिस फीफर के सुझाव के साथ तैयार किया गया है। इस बाइक के ज्यादातार फीचर्स स्टंट के ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

## ये नियम हैं फायदे के...



**शास्त्रों** के अनुसार निर्धारित नियमों का पालन करने से घर-परिवार को सुखी व समृद्ध बनाया जा सकता है। कुछ ऐसे काम हैं जिन्हें करते रहने से घर में ऊपरी शक्तियां प्रवेश नहीं कर सकती। सर्वप्रथम तुलसी को घर में स्थापित करें क्योंकि तुलसी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा हैं और भारत के हर भाग में सहज उपलब्ध हैं। जिस घर में तुलसी का पौधा नहीं, वह घर सूना समझा जाता है। तुलसी का स्पर्श कर घर में प्रवेश करने वाली वायु साक्षात अमृत होती है। दैहिक स्वास्थ्य को सिद्ध करती है। प्रतिदिन तुलसी को जल चढ़ाने से न केवल स्वास्थ्य अच्छा रहता है अपितु इससे भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और घर में धन-धान्य की वृद्धि करते हैं। घर में मंदिर की स्थापना करने से पूर्व ध्यान रखें की वहां सूर्य की रोशनी और ताजी हवा आसानी से आ जा सके। ऐसा करने से ऊपरी शक्तियां घर में प्रवेश नहीं कर पाएंगी। जिस घर में एकाक्षी नारियल की पूजा होती है, वहां लक्ष्मी जी की कृपा होती है, अन्न व धन की कभी कमी नहीं आती। गोबर में लक्ष्मी का वास होने से इसे गोवर अर्थात गौ का वरदान कहा जाना ज्यादा उचित होगा। गोबर से लीपे जाने पर ही भूमि यज्ञ के लिए उपयुक्त होती है। गोबर से बने उपलों का यज्ञशाला और रसोई घर, दोनों जगह प्रयोग होता है। मान्यता है जिस जगह को प्रतिदिन गाय के गोबर से लीपा पोता जाता है वह जगह हमेशा पवित्र रहती है और उस स्थान में मां लक्ष्मी सर्वदा निवास करती हैं। ऐसे घर को धन-दौलत से समृद्ध करती हैं मां लक्ष्मी।

मलेशिया की एक लीडिंग यूनिवर्सिटी ने भारत में रहने वाले हिंदुओं को डर्टी और अनवलीन बताया है। यूनिवर्सिटी के इस टीचिंग मॉड्यूल के ऑनलाइन पब्लिश होने के बाद इसे लेकर विवाद हो गया है। इसमें दावा किया गया है कि हिंदू लोग बॉडी पर गंदगी लगाने को निर्वाण प्राप्त करने का धार्मिक जरिया मानते हैं। सच तो यह है कि किसी भी धर्म का मर्म जाने बिना उसके बारे में कोई भी टिप्पणी करना, कोई निष्कर्ष निकालना सतही ज्ञान का प्रदर्शन करना है। यूनिवर्सिटी के विद्वानों ने गंदगी कहकर हमारी भस्म की अवधारणा के बारे में अपनी अज्ञानता का परिचय दिया है।



# सृष्टि का सार है भस्म...

**मलेशिया** की लीडिंग यूनिवर्सिटी के मुताबिक भारत के हिंदू लोग बॉडी पर गंदगी लगाने को निर्वाण प्राप्त करने का धार्मिक जरिया मानते हैं। इस यूनिवर्सिटी की बात हिंदुओं द्वारा शरीर पर भस्म लगाने की ओर इशारा करती है। यूनिवर्सिटी के विद्वान भस्म को गंदगी और इसे शरीर पर लगाने को अवैज्ञानिक करार दे रहे हैं। ये विद्वान न तो भस्म के विज्ञान को समझ पाए हैं, न भस्म के अध्यात्म को औ न ही भस्म के दर्शन को। दरअसल शिवपुराण के अनुसार भस्म सृष्टि का सार है। एक दिन संपूर्ण सृष्टि इसी राख के रूप में परिवर्तित हो जानी है। इस सृष्टि के सार भस्म यानी राख को शिवजी सदैव धारण किए रहते हैं। इसका यही अर्थ है कि एक दिन यह संपूर्ण सृष्टि शिवजी में विलीन हो जानी है। शिवपुराण के लिए अनुसार भस्म तैयार करने के लिए कपिला गाय के गोबर से बने कंडे, शमी, पीपल, पलाश, बड़, अमलतास और बेर के वृक्ष की लकड़ियों को एक साथ जलाया जाता है। इस दौरान उचित मंत्रोच्चार किए जाते हैं। इन चीजों को जलाने पर जो भस्म प्राप्त होती है, उसे कपड़े से छान लिया जाता है। इस प्रकार तैयार की गई भस्म शिवजी को अर्पित की जाती है। शिवजी को अर्पित की गई भस्म का तिलक लगाया जाता है। भस्म की यह विशेषता होती है कि यह शरीर के रोम छिद्रों को बंद कर देती है। इसे शरीर पर लगाने से गर्मी में गर्मी और सर्दी में सर्दी नहीं लगती। भस्म धारण करने वाले भगवान शिव संदेश देते हैं कि परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढाल लेना चाहिए। जहां जैसे हालात बनते हैं, हमें भी स्वयं को उसी के अनुरूप बना लेना चाहिए।

### नश्वरता का आभास

भस्म यानी कुछ जलाने के बाद बची हुई राख। शिव जली हुई चिताओं के बाद बची हुई राख को भी अपने तन पर लगाते थे। इसका अर्थ पवित्रता में छिपा है, वह पवित्रता जिसे भगवान शिव ने एक मृत व्यक्ति की जली हुई चिता में खोजा है। इसे अपने तन पर लगाकर वे उस पवित्रता को सम्मान देते हैं। कहते हैं शरीर पर भस्म लगाकर भगवान शिव खुद को मृत आत्मा से जोड़ते हैं। उनके अनुसार मरने के बाद मृत व्यक्ति को जलाने के बाद बची हुई राख में उसके जीवन का कोई कण शेष नहीं रहता। न उसके दुख, न सुख, न कोई बुराई और न ही उसकी कोई अच्छाई बचती है। इसलिए वह राख पवित्र है, उसमें किसी प्रकार का गुण-अवगुण नहीं है, ऐसी राख को भगवान शिव अपने तन पर लगाकर सम्मानित करते हैं। विभूति, भस्म या पवित्र राख के इस्तेमाल के कई पहलू हैं। पहली बात, वह ऊर्जा को किसी को देने या किसी तक पहुंचाने का एक अच्छा माध्यम है। इसमें 'ऊर्जा-शरीर'



को निर्देशित और नियंत्रित करने की क्षमता है। इसके अलावा, शरीर पर उसे लगाने का एक सांकेतिक महत्व भी है। वह लगातार हमें जीवन के नश्वरता की याद दिलाती रहती है, मानो आप हर समय अपने शरीर पर नश्वरता ओढ़े हुए हों। 'भस्म' शब्द में 'भ' अर्थात 'भर्त्सनम्' अर्थात 'नाश हो'। 'स्म' अर्थात स्मरण। भस्म के कारण पापों का निर्दालन होकर ईश्वर का स्मरण होता है। शरीर नाशवान है । इसे निरंतर स्मरण रखने का जो प्रतीक है, वह भस्म है; ऐसा भस्म शब्द का भावार्थ है। विभूति, रक्षा एवं राख ये भस्म के समानार्थी शब्द है। अपनी आहुति देकर मनुष्य का भस्म होना, अर्थात अपनी इच्छा-आकांक्षा, दोष, अज्ञान एवं अहं का त्याग करना एवं मन की शुद्धता प्राप्त करना इसका मर्म है। मनुष्यदेह नश्वर है, इसलिए मरणोपरांत उस देह को जलकर राख होना है। इसलिए कोई भी देहासक्ति न रखें । मृत्यु किसी भी क्षण हो सकती है, यह भान रख मनुष्य जन्म को सार्थक करने के लिए प्रत्येक क्षण को पवित्र तथा आनंदमय बनाने में प्रयत्नरत रहें, यही भस्म सूचित करती है।

### शरीर मूल पदार्थ नहीं



आम तौर पर योगी श्मशान भूमि से उठाई गई राख का इस्तेमाल करते हैं। अगर इस भस्म का इस्तेमाल नहीं हो सकता, तो अगला विकल्प गाय का गोबर होता है। इसमें कुछ दूसरे पदार्थ भी इस्तेमाल किए जाते हैं लेकिन मूल सामग्री गाय का गोबर होती है। अगर यह भस्म भी इस्तेमाल नहीं की जा सकती, तो चावल की भूसी से भस्म तैयार की जाती है। यह इस बात का संकेत है कि शरीर मूल पदार्थ नहीं है, यह बस भूसी या बाहरी परत है। सुबह घर से निकलने से पहले, हम कुछ खास जगहों पर विभूति लगाते हैं ताकि हम अपने आस-पास मौजूद ईश्वरीय तत्व को ग्रहण कर सकें, शैतानी तत्व को नहीं। अगर भस्म को सही तरीके से तैयार किया जाए और हमको पता हो कि उसे कहां और कैसे लगाना है तो भस्म हमें और ग्रहणशील बनाती है। हम उसे अपने शरीर पर जहां भी लगाते हैं, वह अंग अधिक संवेदनशील हो जाता है और परम प्रकृति की ओर अग्रसर होता है। उस समय हमारा जो भी पहलू ग्रहणशील होगा, उसके आधार पर हम अलग-अलग रूपों में और अपने विभिन्न आयामों से जीवन को ग्रहण कर सकते हैं।

### कहां और क्यों लगाते हैं भस्म

आपने ध्यान दिया होगा कभी आप किसी चीज को देखकर एक खास तरीके से उसका अनुभव करते हैं, फिर किसी और समय आप उसी चीज का अनुभव बिल्कुल अलग रूप में करते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि आप जीवन को किस रूप में ग्रहण करते हैं। आप चाहते हैं कि आपके उच्च पहलू ग्रहणशील हों, न कि निम्न पहलू। हमारे शरीर में, सात मूल केंद्र हैं जो जीवन का अनुभव करने के सात आयामों को दर्शाते हैं। इन केंद्रों को चक्र कहा जाता है। चक्र, ऊर्जा प्रणाली के भीतर एक खास मिलन बिंदु होते हैं। इन चक्रों की प्रकृति भौतिक नहीं, बल्कि सूक्ष्म होती है। आप इन चक्रों को अनुभव से जान सकते हैं, लेकिन अगर आप शरीर को काटकर देखें, तो आपको कोई चक्र नहीं दिखेगा। जब आप तीव्रता के उच्च स्तरों की ओर जाते हैं, तो स्वाभाविक रूप से ऊर्जा एक चक्र से दूसरे चक्र की ओर बढ़ती है। अगर आप नीचे स्थित चक्रों से जीवन को ग्रहण करते हैं तो जो आपका अनुभव होगा उसकी तुलना में तब आपके अनुभव और आपकी स्थिति बिल्कुल अलग होगी जब आप शरीर में ऊपर की ओर स्थित चक्रों से जीवन को ग्रहण करेंगे। पारंपरिक रूप से थोड़ी भस्म भौंहों के बीच लगाना है, जिसे आज्ञा चक्र कहा जाता है, गले के गड्ढे में लगाना है, जिसे विशुद्धि चक्र कहा जाता है और छाती के मध्य में लगाना है, जिसे अनाहत चक्र के नाम से जाना जाता है। भारत में आम तौर पर माना जाता है कि आपको इन बिंदुओं पर विभूति जरूर लगानी चाहिए। इन खास बिंदुओं का जिक्र इसलिए किया गया है क्योंकि विभूति उन्हें अधिक संवेदनशील बनाती है। भस्म आम तौर पर अनाहत चक्र पर इसलिए लगाई जाती है ताकि हम जीवन को प्रेम के रूप में ग्रहण कर सकें। उसे विशुद्धि चक्र पर इसलिए लगाया जाता है ताकि हम जीवन को शक्ति के रूप में ग्रहण करें, शक्ति का मतलब सिर्फ शारीरिक या मानसिक शक्ति नहीं है, इंसान बहुत से रूपों में शक्तिशाली हो सकता है। इसका मकसद जीवन ऊर्जा को बहुत मजबूत और शक्तिशाली बनाना है ताकि सिर्फ हमारी मौजूदगी ही हमारे आस-पास के जीवन पर असर डालने के लिए काफी हो, हमें बोलने या कुछ करने की जरूरत नहीं है, बस बैठने से ही हम अपने आस-पास की स्थिति को प्रभावित कर सकते हैं। एक इंसान के भीतर इस तरह की शक्ति विकसित की जा सकती है। विभूति को आज्ञा चक्र पर इसलिए लगाया जाता है, ताकि हम जीवन को ज्ञान के रूप में ग्रहण कर सकें। यह बहुत गहरा विज्ञान है लेकिन इसकी आलोचना इसलिए हो रही है कि उन्होंने इसे समझा ही नहीं।

## विकास का उपकरण

वास्तव में भस्म शिव या किसी और भगवान की दी हुई चीज नहीं है। यह विश्वास का प्रश्न नहीं है। भारतीय संस्कृति में, उसे गहराई से किसी व्यक्ति के विकास के उपकरण के रूप में देखा गया है। सही तरीके से तैयार विभूति की एक अलग गूंज होती है। इसके पीछे के विज्ञान को पुनर्जीवित करने और उसका लाभ उठाने की जरूरत है। हमारे देश की संस्कृति में राख के बहुत से संदर्भ और अर्थ है राख एक वह जो जीवन का कटु सत्य है। प्राणांत के बाद यह देह भी भस्मसात होगी ही। कई बार तीर्थ स्थानों में गुफाओं में धूनी रमाए तपस्या करते साधु देखे जा सकते हैं। हमारे लोकगीतों और शास्त्रीय संगीत में अनेक प्रसंगो में भस्म का जिक्र आया है जैसे भस्म अंग गौरी संग अधिक सुहाय है...। कवियों ने अपनी कविताओं में भी भस्म का खूब प्रयोग किया हैं श्रीचन्द्रकुंवर बर्त्वाल ने 'ज्योति ओंकार' कविता में लिखा है ''शोभित चन्द्र कला मस्तक पर, भष्म विभूषित नग्न कलेवर कटि पर कृष्ण गजानिन सा घन गिरती घोर घोष कर पद पर वज्र छटा सी दीप्त सुरधुनि। तथा शिव पंचाक्षर स्तोत्र में लिखा है- नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्मांगरागाय विभूषिताय..।

### राख से उपचार

आयुर्वेद में भी राख का विशेषकर पहाड़ी गाय के गोबर से बने उपले की राख का कई प्रकार से उपयोग किया जाता है। किसी बच्चे के पेट में दर्द होने पर गांवों में जब डाक्टर और दवा नहीं होती थी तो बुजुर्ग लोग दादी-नानी बच्चे के पेट में जलती अंगीठी से गर्म राख निकालकर मल देते और सेक करते थे तो आराम आता था। कई बार जब बच्चे की तकलीफ का पता नहीं चलता था और लगातार रोता था तो उसे गोद में लेकर सयाने लोग मंत्र बोल-बोल कर राख का स्पर्श करते हुए कभी मां दुर्गा का, कभी हनुमान चालीसा का, कभी भगवान शंकर के, या अन्य देवी देवताओं का पाठ करते और बालक के माथे पर राख का तिलक लगाते और बच्चे दर्द मुक्त हो कर सो जाते। भारतीय संस्कृति में गो माता तो पूजनीय है ही तथा उसके त्याज्य गोमूत्र और गोबर की सर्वोत्तम जैविक खाद तो है ही इसके अतिरिक्त गाय से प्राप्त दूध, दही, घी, मक्खन आदि पदार्थों का भी आरोग्यता के लिए प्रयोग किया जाता है। गाय के गोबर के उपले की राख के भी अनेक प्रयोग है संक्रमण से जब कभी गंज रोग हो जाता है और सर पर गोल चकत्ते बन जाते व सिर के बाल उड़ जाते हैं तो उसके उपचार के लिए भी राख की आवश्यकता होती जो एक अलग विधि है। गाय के गोबर के उपले की राख में अत्यधिक औषधीय तत्व हैं। यों तो स्वास्थ्य विभाग के प्रयास से संक्रामक रोगों पर काफी नियन्त्रण कर लिया गया है। फिर भी कभी-कभार कहीं न कहीं रोगों के दर्शन हो ही जाते हैं। बड़ी माता भयानक संक्रामक रोग है। जो शरीर पर निकले फफोलों के सूखने पर खुरण्ड से फैलता है उससे चेहरा कुरूप हो जाता है कहीं बार आंखों की रोशनी भी चली जाती हैं जिस समय उसके फफोले सूखने लगे तो उस समय उस स्थान पर कपड़े से छनी हुई गाय के गोबर के उपले की राख मलने से दाग नहीं पड़ते। यह अनुभूत सत्य है।

## भस्म तिलक का आकार

देवता के तत्त्वानुसार मस्तक पर लगाए तिलक का आकार निर्धारित होता है। मस्तक पर बनाए भस्म के पट्टों में शिवतत्त्व आकर्षित होता है और शिव लय से संबंधित देवता होने से शिवतत्त्व आकर्षित करने वाली सीधी रेखाएं मस्तक पर बनाई जाती हैं। सीधी रेखा शांति एवं स्थिरता दर्शाती है। उसी प्रकार मस्तक के ये तीन पट्टे त्रिगुण, तथा उत्पत्ति, स्थिति एवं लय से संबंधित होते हैं। तिलक से निर्मित स्पंदन देह में कार्यरत होते हैं। तिलक के आकारानुसार व्यक्ति की प्रकृति तथा साधनामार्ग की पहचान होती है। विशेषज्ञों ने उत्तराखण्ड के सभी सिद्धपीठों का का वर्णन किया है। उत्तराखण्ड में लगभग सभी सिद्धपीठों में भस्म को अति पवित्र मानकर प्रसाद दिया जाता है और भक्तजन कुंकुम, रोली तथा चन्दन की तरह उसे शिरोधार्य करते है, अपनी आस्था और विश्वास के फलस्वरूप। भारतवर्ष के महान दार्शनिक विद्वान चार्वाक ने कहा था जब तक जीना है सुखपूर्वक जीना चाहिए कर्ज करके भी घी पीना चाहिए भस्म होने वाली यह देह भला फिर कहां से आएगी।

# किस दिशा में सिर रख कर सोएं...?

पारंपरिक रूप से उत्तर दिशा में सिर रख कर सोने के लिए अकसर हमें मना किया जाता है। क्या यह नियम पूरी दुनिया में सभी स्थानों पर लागू होता है? क्या है इसका विज्ञान? कौन सी दिशा सोने के लिए सबसे अच्छी है? किस दिशा में सिर रखकर सोना चाहिए? यही जानने की कोशिश है यह आलेख।



**आपने** पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्रों यानी मैगनेटिक फील्ड के बारे में सुना होगा। कई रूपों में अपनी चुंबकीयता के कारण पृथ्वी बनी है। इसलिए इस ग्रह पर चुंबकीय शक्तियां शक्तिशाली हैं। अगर हम उत्तर की ओर सिर करते हैं और 5 से 6 घंटों तक उस तरह रहते हैं, तो चुंबकीय खिंचाव हमारे दिमाग पर दबाव डालेगा। जब शरीर क्षैतिज अवस्था में होता है, तो हम तत्काल देख सकते हैं कि हमारी नाड़ी की गति धीमी हो जाती है। शरीर यह बदलाव इसलिए लाता है क्योंकि अगर रक्त उसी स्तर पर पंप किया जाएगा, तो हमारे सिर में जरूरत से ज्यादा रक्त जा सकता है और हमें नुकसान हो सकता है। अब अगर हम अपना सिर उत्तर की ओर करते हैं और 5 से 6 घंटों तक उसी अवस्था में रहते हैं, तो चुंबकीय खिंचाव हमारे दिमाग पर दबाव डालेगा। अगर कोई व्यक्ति एक उम्र से आगे निकल चुका है और उसकी रक्त शिराएं कमजोर हैं तो उसको रक्तस्राव और लकवे के साथ स्ट्रोक हो सकता है। अगर हमारा शरीर मजबूत है और ये चीजें हमारे साथ नहीं होतीं, तो हम उत्तेजित या परेशान होकर जाग सकते हैं क्योंकि सोते समय दिमाग में जितना रक्त संचार होना चाहिए, उससे ज्यादा होता है। ऐसा नहीं है कि एक दिन ऐसा करने पर हम मर जाएंगे। मगर रोजाना ऐसा करने पर हम परेशानियों को दावत दे रहे हैं। हमारे साथ किस तरह की परेशानियां हो सकती हैं, यह इस पर निर्भर करता है कि हमारा शरीर कितना मजबूत है।

**पूर्व सबसे अच्छी दिशा:** तो किस दिशा में सिर करके सोना सबसे अच्छा होता है? पूर्व सबसे अच्छी दिशा है। पूर्वोत्तर ठीक है। पश्चिम चलेगा। अगर कोई विकल्प नहीं है तो दक्षिण। उत्तर बिल्कुल नहीं। जब तक आप उत्तरी गोलार्ध में हैं, यही सही है। उत्तर के अलावा किसी भी दिशा में सिर करके सोया जा सकता है। दक्षिणी गोलार्ध में, दक्षिण की ओर सिर करके न रखें।

## सुबह ऐसे उठें

**अपनी दायीं तरफ घूमें:** जब आप उठें, तो अपनी दायीं तरफ घूमें और फिर बिस्तर से बाहर आएं, क्योंकि नींद से उठते समय मेटाबोलिक प्रक्रिया बहुत धीमी होती है। ऐसे में अचानक से बिस्तर छोड़ने पर दिल पर दबाव पड़ेगा।

**अपने हाथों को मसलें:** सुबह बिस्तर से उठने से पहले अपने हाथों को मसलें और अपनी हथेलियों को अपनी आंखों पर लगाएं। हथेलियों को मसलने से हाथों में स्थित सभी नाड़ियां सक्रिय हो जाती हैं और हमारा सिस्टम जल्दी से सजग हो जाता है।

**मुस्कुराएं:** सुबह उठ कर मुस्कुराएं! किसे देख कर? किसी को नहीं! क्योंकि आपका सुबह उठना अपने आप में एक बड़ी बात है। लाखों ऐसे लोग हैं जो कल रात सोए और आज सुबह नहीं उठे, लेकिन आप सुबह उठ गए। क्या यह बड़ी बात नहीं है? इसलिए मुस्कुराएं।

### उठने के बाद यह करें

पारंपरिक रूप से यह भी कहा जाता है कि सुबह उठने से पहले हमें अपनी हथेलियां रगड़नी चाहिए और अपनी हथेलियों को अपनी आंखों पर रखना चाहिए। कहा जाता है कि ऐसा करने पर हमें भगवान दिख सकते हैं। इसका संबंध भगवान के दिखने से नहीं है। हमारे हाथों में नाड़ियों का एक भारी जाल है। अगर हम अपनी हथेलियां रगड़ते हैं, तो सभी नाड़ियां सक्रिय हो जाती हैं और शरीर तत्काल सजग हो जाता है। सुबह जगने पर भी अगर सुस्त महसूस करते हैं, तो ऐसा करके देखिए, आपका पूरा शरीर तत्काल सजग हो जाएगा। तत्काल आपकी आंखों और आपकी इंद्रियों के दूसरे पहलुओं से जुड़ी सारी नाड़ियां सजग हो जाती हैं। शरीर को हिलाने से पहले आपका शरीर और दिमाग दोनों सक्रिय होने चाहिए। आपको सुस्त नहीं उठना चाहिए, इसका मकसद यही है।

# खादी की लहर है...



**केवीआईसी** यानी खादी एवं ग्रामीण उद्योग आयोग ने मंगलावर को कहा कि देश में खादी की लहर है और कई मंत्रालयों व संस्थानों ने दैनिक आधार पर हाथ से बुने परिधान का उपयोग शुरू किया है। खादी उत्पादों के लिए मांग बढ़ रही है और खादी दस्तकारों के लिए अधिक मानव श्रम सृजित कर रही है। जब 1920 के दशक में भारत में हाथ से बने खादी वस्त्रों की शुरुआत हुई तो यह केवल एक ढर्रा नहीं था, यह एक विचारधारा के रूप में सामने आया था। इसके सबसे बड़े प्रशंसक महात्मा गांधी थे और सूती भारत की आत्मनिर्भरता, ब्रितानी कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले कपड़ों से आजादी का प्रतीक बन गया था। आज भी यह कई नेताओं की पहली पसंद है। अब इसे लगातार फैशनेबल बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। भारतीय मौसम के लिए यह सबसे दुरुस्त पहनावा है, जो पसीने और गर्मी से राहत देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की यात्रा पर आए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भी खादी पहनने का सुझाव दिया था। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया अनुसार यह बहुत ज़्यादा संभावना वाला बाजार है, खादी के कपड़े सस्ते हैं. भारतीय डिजाइनर जनता के साथ काम करना चाहते हैं, न कि कुछ खास लोगों के लिए। इस समय भारतीय कपड़ा बाजार में इसकी महज एक या दो फीसदी हिस्सेदारी है। यह अभी भी एक सवाल है कि खादी की छवि को बदलने की ये कोशिशें क्या वाकई कोई बदलाव ला सकेंगी। हालांकि, इसकी व्यापक लोकप्रियता में समय लग सकता है लेकिन खादी में बदलाव इससे जुड़े लाखों कारीगरों की जिंदगी को बदल सकता है।





# अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स, फिलहाल वापस नहीं आएगा बोइंग स्टारलाइनर

**वॉशिंगटन, 22 जून (एजेंसियां)।**
अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू के आठ अन्य सदस्यों के लिए एक बार फिर एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। नासा ने जानकारी दी कि अंतरिक्ष यात्रियों के पहले दल को ले जाने वाले बोइंग स्टारलाइनर की वापसी को फिलहाल टाल दिया गया है। यहां तक कि नासा ने वापसी की कोई नई तारीख भी नहीं बताई है। अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। लोग जानना चाह रहे हैं कि मिशन के दो अंतरिक्ष यात्री कब लौटेंगे। टेस्टिंग और तकनीकी मुद्दों के कारण पहले से ही देरी हुई है। बता दें, अंतरिक्ष यान की वापसी पहले 26 जून को निर्धारित की गई थी।

### कब आएंगे अंतरिक्ष यात्री वापस

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने पांच जून को उड़ान भरी थी। 2019 के बाद से इसे दो बार बिना इंसान के अंतरिक्ष में भेजा गया है। इसके थ्रस्टर्स को पांच विफलताओं और पांच हीलियम रिसाव का सामना करना पड़ा है। नासा और बोइंग को खराबी का सामना करना पड़ा और अतिरिक्त परीक्षण करने पड़े, जिससे यह सवाल उठता है कि वास्तव में स्टारलाइनर अपने चालक दल को कब तक वापस ला सकेगा। इसके आलावा इस अंतरिक्ष यान की कई समस्याएं सामने आई हैं।

### कई समस्याओं से जूझ रहा स्टारलाइनर

गौरतलब है, कंपनी ने इस प्रोजेक्ट के लिए 4.5 अरब डॉलर के नासा डेवलपमेंट कॉन्ट्रैक्ट के अलावा लागत में वृद्धि पर 1.5 अरब डॉलर खर्च किए हैं। नासा चाहता है कि स्टारलाइनर दूसरा अमेरिकी अंतरिक्ष यान बने जो स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन के साथ अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक ले जा सके। बोइंग का स्टारलाइनर कार्यक्रम वर्षों से सॉफ्टवेयर गड़बड़ियों, डिजाइन समस्याओं और उपठेकेदारों के विवाद से जूझ रहा है। स्टारलाइनर छह जून को डॉक करने के लिए स्पेस स्टेशन के करीब पहुंचा तो थ्रस्टर फेलियर देखा गया। इस कारण अंतरिक्ष यान स्पेस स्टेशन के पास तब तक नहीं गया, जब तक इसे सही नहीं कर लिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बोइंग को मिल सकती है बड़ी राहत डीओजे मुकदमा नहीं चलाने के लिए कर रहा विचार, रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) बोइंग के साथ एक ऐसे समझौते पर विचार कर रहा है, जिससे एयरोस्पेस दिग्गज के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने से बचा जा सकेगा। हालांकि, सुरक्षा सुधारों पर कंपनी की प्रगति की निगरानी के लिए एक संघीय पर्यवेक्षक की नियुक्ति की जा सकती है। क्या सच में चल रहा डीपीए पर विचार एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले से परिचित लोगों का कहना है कि संभावित वैकल्पिक समझौते की शर्तों, जिसे स्थगित अभियोजन समझौते या डीपीए के रूप में जाना जाता है, पर अभी भी विचार चल रहा है। हालांकि, मामले में शामिल एक अमेरिकी न्याय विभाग के अधिकारी और धोखाधड़ी अनुभाग आपराधिक प्रभाग के प्रमुख ग्लेन लियोन ने एक सिविल पार्टी के वकील को भेजे गए एक ईमेल में कहा कि विभाग ने बोइंग के संबंध में फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया है। क्या है मामला दरअसल, डीओजे मई में इस निष्कर्ष पर पहुंचा था कि 2018 और 2019 में दो घातक 737 मैक्स दुर्घटनाओं के बाद बोइंग पर आपराधिक समझौते का उल्लंघन करने के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है, जिसमें 346 लोगों की जान चली गई थी। बोइंग पर मुकदमा चलाना जोखिम भरा एक मीडिया रिपोर्ट ने कुछ सूत्रों के हवाले से दावा किया कि काफी बहस के बाद न्याय अधिकारियों ने यह निष्कर्ष निकाला कि बोइंग पर मुकदमा चलाना कानूनी रूप से बहुत जोखिम भरा होगा। अधिकारियों का यह भी मानना है कि निगरानीकर्ता की नियुक्ति सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार सुनिश्चित करने के लिए एक सही तरीका होगा। पिछले महीने डीओजे ने मामले में न्यायाधीश से कहा था कि वह सात जुलाई से पहले अपना फैसला सुनाएगा। हालांकि, डीओजे के लियोन ने बोइंग के खिलाफ आपराधिक मामले में परिवारों के वकील पॉल कैसेल को ईमेल किया, जिसमें कहा गया था कि ऐसी खबरें झूठी हैं। विभाग के फैसलों पर जताई थी आपत्ति विमान का निर्माण करने वाली कंपनी बोइंग ने जून में विभाग के फैसलों पर आपत्ति जताई थी। हालांकि उसने सुरक्षा संकट की गंभीरता को स्वीकारा था। सीईओ डेव कैलहोन ने सदन को बताया था कि बोइंग कार्रवाई कर रही है।

### संयुक्त राष्ट्र का सबसे शक्तिशाली रूपक है योग, यूएनजीए अध्यक्ष ने क्यों कही ये बात

**वॉशिंगटन।** योग वैश्विक एकता के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों का प्रतीक है। अंतरराष्ट्रीय योग



दिवस मनाते हुए संयुक्त राष्ट्र के नेताओं ने ये बात कही। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने योग दिवस के मौके पर कहा कि योग, खुद संयुक्त राष्ट्र का शक्तिशाली रूपक है। योग, संयुक्त राष्ट्र का शक्तिशाली रूप 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र में आयोजित हुए एक समारोह में अपने वीडियो संदेश में डेनिस फ्रांसिस ने कहा, जिस तरह योग मानव अनुभव के विभिन्न पहलुओं को एक साथ लाता है ताकि एक संतुलित संपूर्णता बनाई जा सके, उसी तरह संयुक्त राष्ट्र विभिन्न देशों और संस्कृतियों को समान लक्ष्यों की दिशा में काम करने के लिए एकजुट करता है। उन्होंने कहा, इस एकता में अलग-अलग हिस्से एक साथ मिलकर अपने हिस्सों से भी बड़ी एक एकीकृत चीज बनाते हैं, जो शांति और सद्भाव का प्रतीक है। योग एकता के बारे में है कार्यक्रम में शामिल हुईं उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि योग की एकजुट करने की शक्ति, संयुक्त राष्ट्र में समारोहों में भी दिखाई देती है।

### करीब तीन महीने फंसे रहे आठ भारतीय लौट रहे स्वदेश, मालवाहक जहाज डाली के चालक दल में थे शामिल

**बाल्टीमोर (अमेरिका)।** बाल्टीमोर पुल हादसे के लगभग तीन महीने के बाद मालवाहक जहाज- एमवी डाली पर सवार भारतीय चालक दल के कुछ सदस्य स्वदेश लौट रहे हैं। स्थानीय समाचार रिपोर्ट के मुताबिक आठ भारतीय चालक दल के सदस्य भारत के लिए रवाना हो गए। 21 चालक दल के सदस्यों में से चार अभी भी 984 फुट लंबे मालवाहक जहाज पर ही फंसे हैं। जहाज वर्जीनिया के नॉरफ़ॉक रवाना होगा। चालक दल में शामिल अन्य लोगों को बाल्टीमोर के एक सर्विस अपार्टमेंट में ले जाया गया है। जांच पूरी होने तक वे वहीं रहेंगे। बता दें कि चालक दल के 20 सदस्य भारतीय नागरिक थे। डील के बाद अमेरिका छोड़ने की अनुमति मिली बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकराने के बाद नदी में फंसा मालवाहक जहाज- एमवी डाली और बाल्टीमोर हादसा बीते तीन महीने से लगातार चर्चा में बना हुआ है। इस जहाज पर 20 भारतीय और एक श्रीलंकाई सवार थे।

# भारत-अमेरिका के बीच बढ़ रही सैन्य साझेदारी इंडस-एक्स पहल की पहली वर्षगांठ पर बोला पेंटागन

**वॉशिंगटन, 22 जून (एजेंसियां)।**
अमेरिका ने साझेदारी की पहली वर्षगांठ पर कहा कि भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र (इंडस-एक्स) रक्षा नवाचार में द्विपक्षीय रिश्तों का विस्तार करने में सबसे आगे रहा है। इंडस-एक्स ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पहल के तहत रक्षा नवाचार के निर्माण के लिए दोनों रणनीतिक साझेदारों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है।

### पिछले साल पीएम मोदी आए थे अमेरिका की यात्रा पर

इंडस-एक्स भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक और रक्षा साझेदारी को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित एक रक्षा पहल है। यह पहल इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज के तहत आती है।भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक और रक्षा साझेदारी बढ़ाने के लिए इंडस-एक्स को पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा के दौरान अमेरिकी रक्षा विभाग और भारतीय रक्षा मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।

### रणनीतिक संबंध तेजी से बढ़े

पिछले कुछ वर्षों से भारत-अमेरिका के बीच रक्षा और रणनीतिक संबंध तेजी से बढ़े हैं और दोनों देशों में कई प्रमुख सुरक्षा व रक्षा समझौते किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जून 2023 में अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत-अमेरिकी डिफेंस एक्सीलरेशन ईकोसिस्टम (इंडस-एक्स) को शुरू किया गया था। रक्षा विभाग के अधिकारी ने कहा, अपने पहले वर्ष में,




इंडस-एक्स ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी (आईसीईटी) पहल के तहत रक्षा नवाचार के निर्माण के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। उन्होंने आगे कहा, इंडस-एक्स ने रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनियों, निवेशकों और शोधकर्ताओं के बीच साझेदारी को सुविधाजनक बनाकर अमेरिका और भारत के बीच निजी क्षेत्र के सहयोग को मजबूत किया है।

### सितंबर में होगा तीसरा सम्मेलन

व्हाइट हाउस की हालिया घोषणा का हवाला देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि तीसरा इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन सितंबर 2024 में सिलिकॉन वैली में होगा, जिसमें रक्षा नवाचार के लिए निजी पूंजी का इस्तेमाल करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा की जाएगी।

### कुछ वर्षों में कई सुरक्षा समझौते

दोनों देशों ने पिछले कुछ वर्षों में कई रक्षा और सुरक्षा समझौते किए हैं, जिसमें 2016 में लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एलईएमओए) भी शामिल है, जो उनकी सेनाओं को मरम्मत और आपूर्ति की पुन:पूर्ति के लिए एक-दूसरे के अड्डों का उपयोग करने की अनुमति देता है। दोनों पक्षों ने 2018 में कॉमकासा (संचार संगतता और सुरक्षा समझौता) पर भी हस्ताक्षर किए, जो दोनों सेनाओं के बीच अंतर-क्षमता प्रदान करता है और अमेरिका से भारत को उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी की बिक्री का भी प्रावधान करता है। अक्तूबर 2020 में भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और बढ़ावा देने के लिये बीईसीए (बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट) समझौते पर मुहर लगाई। यह समझौता दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय सैन्य तकनीक, रसद और भू-स्थानिक मानचित्रों को साझा करने का प्रावधान करता है।

### इंडस-एक्स क्या है

इंडस-एक्स भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक और रक्षा साझेदारी को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित एक रक्षा पहल है। यह पहल इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज के तहत आती है। जानकारी के मुताबिक, इंडस-एक्स के शुभारंभ के संबंध में प्रारंभिक चर्चा जून 2021 में हुई थी। यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी), अमेरिकी रक्षा विभाग और भारत के रक्षा मंत्रालय के साथ साझेदारी में यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स में 20-21 जून को पहले इंडस-एक्स सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह जानकारी यूएसआईबीसी के अध्यक्ष अतुल केशप ने मंलवार को दी। बता दें कि यह यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल की ही एक पहल थी, जिसका फोकस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने पर है।

### इंडस-एक्स के उद्देश्य क्या हैं

इंडस-एक्स का उद्देश्य अमेरिका और भारतीय रक्षा नवाचार क्षेत्रों के बीच साझेदारी को गहरा करना है। इंडस-एक्स हाई-टेक सहयोग को आगे बढ़ाने और रक्षा क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान, विकास और उत्पादन के अवसरों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। पहल का उद्देश्य सह-उत्पादन जेट इंजन, लंबी दूरी की तोपखाने और पैदल सेना के वाहनों के लिए संभावनाओं का पता लगाना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में कहा था, हम न केवल प्रौद्योगिकी साझा कर रहे हैं, बल्कि हम एक दूसरे के साथ पहले से कहीं अधिक सहयोग भी कर रहे हैं। इसके महत्व पर अमेरिकी रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा, इस पहल का उद्देश्य अमेरिका और भारतीय रक्षा क्षेत्रों के बीच सहयोग के परिप्रेक्ष्य को बदलना है।

# अल-मवासी की पहाड़ी चोटियों से इजराइल का हमला जारी, विस्थापित लोगों के तंबुओं पर गिराए जा रहे आग के गोले



**यरूशलम, 22 जून (एजेंसियां)।**
इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा समेत अन्य इलाकों में हमला किया, जिसमें 45 फलस्तीनियों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इजराइली राफा पर पूरी तरह से कब्जा करने की कोशिश में है। टैंक के जरिए शहर के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में कब्जा करने की कोशिश जारी है। इजराइली सेना ने केंद्र, पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में पहले से ही कब्जा कर लिया है। हवाई जहाज और टैंकों से जारी फायरिंग के कारण स्थानीय लोग शहर छोड़कर जाने को मजबूर हैं। कुछ महीने पहले ही विस्थापित हुए लोगों को एक बार फिर अपना स्थान बदलना पड़ रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पश्चिमी राफा के मवासी में 25 फलस्तीनियों की मौत हो गई, जबकि 50 के करीब घायल हैं। एक स्थानीय व्यक्ति ने मौजूदा हालात पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, दो टैंकों को मवासी की पहाड़ी चोटियों पर रखा गया। उनमें से आग के गोले छोड़े जा रहे हैं। ये आग के गोले विस्थापित लोगों के तंबुओं पर गिर रहे हैं। घटना की समीक्षा कर रहें इजराइली सेना इजराइली सेना ने बताया कि घटना की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने आगे कहा, प्रारंभिक जांच से मालूम चला है कि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में आईडीएफ (इजराइली रक्षा बलों) द्वारा हमला किया गया था। इससे पहले सेना ने कहा था कि राफा क्षेत्र में खुफिया आधारित कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुरंगों का पता भी लगाया गया। सेना ने आगे बताया कि कुछ हफ्ते पहले सैनिकों ने एक यूनिवर्सिटी को निशाना बनाया था। दरअसल, इस यूनिवर्सिटी में हमास के आतंकी अपना अभियान चला रहे थे। कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले दो दिनों में इजराइल ने हमले तेज कर दिए थे, मुश्किल से ही गोलियों और विस्फोटों की आवाजें रुकी थीं। स्थानीय नागरिक हैतेम ने कहा, पिछली रात राफा में सबसे खराब रातों में से एक थीं। इलाके में ड्रोन, विमान और टैंक से हमले किए गए। पिछले साल अक्तूबर से जारी इजराइल-हमास संघर्ष को आठ महीने हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा।

# पुतिन-किम जोंग के बीच दिखी गहरी दोस्ती, रूसी राष्ट्रपति हवाई जहाज की खिड़की से अलविदा कहते दिखे

**प्योंग्यांग, 21 जून (एजेंसियां)।**
रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक दिवसीय दौरे पर उत्तर कोरिया आए थे। उनकी यह राजकीय यात्रा अब समाप्त हो चुकी है। रूस वापस से जाने से पहले पुतिन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा, जिसमें वह अपने प्राइवेट जेट की खिड़की से उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को हाथ हिलाकर अलविदा कहते हुए दिख रहे हैं। पुतिन प्योंग्यांग एयरपोर्ट पर उतरे थे। इस एक दिवसीय दौरे के दौरान दोनों नेता 10 घंटे से अधिक समय तक एक साथ रहे। इस दौरान घोड़े को गाजर खिलाने से लेकर रूस निर्मित ऑरस लिमोजिन में एक-दूसरे को घुमाने तक, दोनों नेताओं को एक-दूसरे की कंपनी का आनंद लेते हुए देखा गया।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो रहे वीडियो में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को हवाई जहाज की खिड़की से झांकते और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की तरफ हाथ हिलाते देखा गया। एक यूजर ने इस



वीडियो को साझा करते हुए कहा, पुतिन और किम जोंग उन का का भावुक अलविदा। पिछले 24 वर्षों में रूसी राष्ट्रपति का उत्तर कोरिया का यह पहला दौरा था। दोनों नेताओं ने द्वितीय विश्व युद्ध में कोरिया को आजाद कराने की जंग में मारे गए रेड आर्मी के सैनिकों के स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह में हिस्सा लिया। इसके बाद किम जोंग उन ने घोड़े को गाजर खिलाया तो पुतिन ने उस घोड़े के सिर को थपथपाया। दोनों ने एक दूसरे को रूस निर्मित ऑरस लिमोजिन में घुमाया। पुतिन ने उपहार में दी रूस निर्मित ऑरस लिमोजिन मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने फरवरी में उत्तर कोरिया के तानाशाह को रूस निर्मित ऑरस लिमोजिन उपहार में दी थी।

# मौत के एक साल बाद भी वैगनर 'ग्रुप के संस्थापक प्रिगोझिन की लोकप्रियता बरकरार, लोग बोले- वह महान व्यक्ति

**मॉस्को, 22 जून (एजेंसियां)।**
रूस के खूंखार वैगनर ग्रुप के संस्थापक येवगेनी प्रिगोझिन की मौत को एक साल का समय पूरा होने वाला है। एक समय बगावत का बिगुल फूंकने वाले प्रिगोझिन और उनके वैगनर ग्रुप के भाड़े के सैनिकों ने राजधानी मॉस्को की तरफ चढ़ाई शुरू कर दी थी, लेकिन अब राजधानी मॉस्को में ही कई लोगों ने उनकी तारीफ की और उन्हें महान व्यक्ति करार दिया। उल्लेखनीय है कि प्रिगोझिन ने 23-24 जून 2023 को बगावत का एलान करते हुए अपने सैनिकों को मॉस्को की तरफ कूच का आदेश दिया था, लेकिन इसके दो महीने बाद ही येवगेनी प्रिगोझिन की एक रहस्यमयी हवाई जहाज दुर्घटना में मौत हो गई थी। उल्यानोव ने बताया- महान व्यक्ति राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्ता को सबसे बड़ी चुनौती देने के बावजूद प्रिगोझिन और उनके वैगनर समूह का सम्मान जारी है। वैगनर ग्रुप के केयरटेकर के रूप में काम कर रहे 60 वर्षीय अलेक्जेंडर उल्यानोव ने कहा, उन्होंने (येवगेनी प्रिगोझिन) मुश्किल समय में रूस के लिए बहुत कुछ किया। वह महान व्यक्ति थे। वैगनर ग्रुप ने



यूक्रेन में रूस के सबसे लंबे और सबसे खूनी सैन्य अभियानों का नेतृत्व किया, जिसमें पूर्व में बखमुत शहर के लिए लड़ाई भी शामिल है। उल्यानोव ने कहा कि प्रिगोझिन हमारे दिलों में जीवित हैं, अगर लोग उन्हें याद करते हैं, तो वे जीवित हैं। उल्यानोव ने प्रिगोझिन की तुलना मिखाइल कुतुज़ोव जैसे ऐतिहासिक जनरलों से की, जिन्होंने नेपोलियन से लड़ाइयों के दौरान रूसी सैनिकों का नेतृत्व किया था। एक पूर्व हॉटडॉग विक्रेता और सजायाफ्ता अपराधी, प्रिगोझिन 1990 के दशक में पुतिन के संपर्क में आए, बाद में उन्होंने कैटरिंग बिजनेस से नाम कमाया। पुतिन का करीबी माना जाता था, फिर उन्हीं के खिलाफ की बगावत इसके बाद पुतिन के रसोइये के उपनाम से जाने जाने वाले प्रिगोझिन का रूस में प्रभाव तेजी से बढ़ा और उन्होंने सरकारी अनुबंध हासिल किए। प्रिगोझिन ने साल 2014 में वैगनर समूह की स्थापना की। प्रिगोझिन की मौत के बाद क्रेमलिन ने उनकी मौत में कोई हाथ होने से साफ इनकार किया। प्रिगोझिन की मौत पर राष्ट्रपति पुतिन ने उन्हें प्रतिभाशाली व्यवसायी बताया, जिन्होंने गंभीर गलतियां की। प्रिगोझिन को कई लोगों ने ऐसे किया याद मास्को के शीर्ष सैन्य अधिकारियों को हटाने की अपनी कोशिश में, प्रिगोझिन के लड़ाकों ने रूस के दक्षिणी शहर रोस्तोव-ऑन-डॉन में रूसी सेना के मुख्यालय पर कब्जा कर लिया था। लगभग 24 घंटे के विद्रोह के बाद बेलारूस की मध्यस्थता से शांति समझौता हुआ। इस दौरान वैगनर ग्रुप के लड़ाके राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ चुके थे। यूक्रेन में रूस के लिए लड़ने वाले एस्पानोला बटालियन के सदस्य टेडी बॉय ने प्रिगोझिन की प्रशंसा की।

# घरेलू नीति पर भारी गाजा नरसंहार का मुद्दा, डेमोक्रेट मेयर ने हमास युद्ध को लेकर बाइडन पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन, 22 जून (एजेंसियां)।**
दो साल पहले डियरबॉर्न के पहले मुस्लिम मेयर के रूप में चुने गए अब्दुल्ला हम्मूद ने दोनों पार्टियों से आग्रह किया कि वे इजराइल की कार्रवाइयों के प्रति बढ़ते सार्वजनिक विरोध पर ध्यान दें। हमास और इजराइल बीते आठ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इजराइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गाजा में इजराइल द्वारा की जा रही कार्रवाई को नरसंहार बताया जा रहा है। हालांकि, अमेरिका इस बात से इनकार कर चुका है। अब इसी मुद्दे को लेकर दो साल पहले डियरबॉर्न के पहले मुस्लिम मेयर के रूप में चुने गए अब्दुल्ला हम्मूद ने राष्ट्रपति जो बाइडन पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि गाजा में हुआ नरसंहार घरेलू नीति पर भारी पड़ सकता है।

**दोबारा राष्ट्रपति नहीं बनें ट्रंप** – हम्मूद ने कहा, मैं सबसे पहले यह कहना चाहूंगा कि हम डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस में दोबारा निर्वाचित होते नहीं देखना चाहते हैं। मगर लोग प्रेरित होकर आगे आना चाहते हैं।

**डियरबॉर्न की राजनीति पर नजर** – बता दें, डियरबॉर्न हेनरी फोर्ड के जन्मस्थान और फोर्ड मोटर कंपनी के मुख्यालय के रूप में प्रसिद्ध डेट्रॉइट के उपनगर डियरबॉर्न की जनसंख्या लगभग 110,000 है, जिनमें से 55 प्रतिशत लोग मध्य पूर्वी या उत्तरी अफ्रीकी मूल के हैं। साल 2022 में यहां के मतदाताओं ने बाइडन को भारी समर्थन किया था। इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए भी कयास लगाए जा रहे हैं कि बाइडन को ही समर्थन मिलेगा।

**इजराइल पर बाइडन की नीति के विरोध में सुर उठाए** – हम्मूद जनवरी में उस समय चर्चाओं में आ गए, जब उन्होंने मुस्लिम वोटों को अपनी ओर करने के लिए बाइडन के चुनावी अभियान में लगे लोगों से मिलने के न्योते को ठुकरा दिया था। उसके बाद उन्होंने एक नया अभियान चलाया, जिससे मिशिगन के डेमोक्रेटिक प्राइमरी में 100,000 से अधिक मतदाताओं ने इजराइल पर बाइडन की नीति के विरोध में सुर उठाए। इस दौरान ग्रीन पार्टी के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार जिल स्टीन ने उनसे पूछा कि क्या वह उनके कार्यकाल में उप राष्ट्रपति बनेंगे।

**हम्मूद किसका करेंगे समर्थन** – इसपर



हम्मूद ने बताया कि यह प्रस्ताव वाकई बहुत विनम्र करने वाला है। बता दें, मेयर हम्मूद अगले मार्च तक 35 वर्ष की आयु प्राप्त करने की संवैधानिक आवश्यकता को पूरा नहीं कर पाएंगे। उप राष्ट्रपति पद के लिए वह फिलहाल बहुत युवा हैं। इसके अलावा, जब उनके समर्थन के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि अभी उन्हें नहीं पता वह किसे वोट देने वाले हैं। डियरबॉर्न के मेयर ने कहा, फिलहाल किसी भी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने मेरा वोट नहीं जीता है।

**लोगों की ये मांगें** – दो बच्चों के पिता हम्मूद ने दोनों पार्टियों से आग्रह किया कि वे इजराइल की कार्रवाइयों के प्रति बढ़ते सार्वजनिक विरोध पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अगर आप देशभर में उभर रहे सभी मतदान आंकड़ों को देखते हैं तो जिन मुद्दों की हम वकालत कर रहे हैं, जिनके लिए लड़ रहे हैं, वे ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर बड़ी संख्या में लोग बात कर रहे हैं। लोगों की मांग है कि सभी बंधकों और कैदियों की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाए। इसके अलावा एक स्थायी युद्धविराम, मानवीय सहायता तक आसानी से पहुंच और इजराइल को हथियारों की आपूर्ति को समाप्त करने की भी मांग की जा रही है।

**क्या है हमास-इजराइल युद्ध** – हमास ने सात अक्तूबर को इजराइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इजराइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है।

**घरेलू नीति...** – इस पूरे मामले से पहले हम्मूद जो बाइडन को परिवर्तनकारी राष्ट्रपति मानते थे, लेकिन अब उनका मानना है कि गाजा में हुआ नरसंहार घरेलू नीति पर भारी है। जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह सही हालातों में बाइडन का समर्थन कर सकते हैं, तो हम्मूद ने प्रश्न को नजरअंदाज कर इस बात पर जोर दिया कि कुछ भी हो सकता है। मगर उन लोगों के लिए बहुत देर हो चुकी है, जिन्होंने इजराइली हमलों में अपने दर्जनों रिश्तेदारों को खो दिया है।

**ट्रंप को भी होगा नुकसान** – वहीं, मेयर ने यह भी कहा कि उन्हें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि ट्रंप, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान यमन के खिलाफ सऊदी अरब को हथियार देने, वेस्ट बैंक में इजराइली बस्तियों का समर्थन करने और अमेरिकी दूतावास को यरुशलम में स्थानांतरित करने के रिपब्लिकन के उदाहरण का हवाला देते हुए मुस्लिम यात्रा पर प्रतिबंध लगाया था। उनके लिए यह कदम एक बहुत बड़ी आपदा साबित होगी।



# आईएल टी20 सत्र 3 के लिए रसेल नारायण, वार्नर सहित 69 खिलाड़ी रिटेन

**दुबई, 22 जून (एजेंसियां)।** आईएल टी 20 के तीसरे सत्र से पहले 69 खिलाड़ियों को उनकी संबंधित टीमों ने रिटेन किया है जिसमें आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, निकोलस पूरन, डेविड वार्नर और मोहम्मद आमिर शामिल हैं। टूर्नामेंट का तीसरा सत्र 11 जनवरी 2025 से शुरू होगा और नौ फरवरी तक अबू धाबी, दुबई और शारजाह में खेला जाएगा।

रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ियों के लिए विंडो एक जून को खुली थी और टीमों को रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ियों की सूची जमा कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया था। गत चैंपियन एमआई अमीरात ने कप्तान पूरन, ड्वेन ब्रावो, अकील हुसैन, कीरोन पोलार्ड और फ़ज़लहक फारूकी को रिटेन किया है जबकि ट्रेंट बोल्ट को रिटेन नहीं किया है। अबू धाबी नाइट राइडर्स ने कप्तान नारायण और रसेल के साथ-साथ यूएसए के डेविड विली, चरित असालंका, अली खान और एंड्रीज़ गौस जैसे खिलाड़ियों को बरकरार रखा है।

डेजर्ट वाइपर ने आमिर, वानिंदु हसरंगा, एलेक्स हेल्स और आजम खान को बरकरार रखा है। हालाँकि, उनकी रिटेनशन सूची से उल्लेखनीय रूप से तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी और मथीशा पथिराना को बाहर रखा गया है। कप्तान वार्नर के नेतृत्व वाली दुबई कैपिटल्स ने रोवमैन पॉवेल, सैम बिलिंग्स और जेक फ्रेजर-मैकगर्क सहित प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इंग्लैंड के जो रूट और मार्क वुड, जो पिछले साल उनकी टीम का हिस्सा थे, को बरकरार नहीं रखा गया है।

गल्फ जाइंट्स ने शिमरॉन हेटमायर और कप्तान जेम्स विंस को बरकरार रखा है, जबकि यूएसए के सौरभ नेत्रवलकर और अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान को जगह नहीं मिली है। शारजाह वॉरियर्स ने अपने आठ रिटेन खिलाड़ियों में कुसल मेंडिस, कप्तान टॉम कोहलर-कैडमोर और जॉनसन चार्ल्स को रिटेन किया है। छह फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक ने यूएई के दो-दो खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। सीजन 3 के लिए बरकरार रखे गए यूएई के खिलाड़ियों में आदित्य शेट्टी और अलीशान शराफू (अबू धाबी नाइट राइडर्स), अली नसीर और तनिष सूरी (डेजर्ट वाइपर), हैदर अली और राजा आकिफ (दुबई कैपिटल्स), अयान अफजल खान और मोहम्मद ज़ोहैब जुबैर (गल्फ जाइंट्स), मुहम्मद रोहिद खान और मुहम्मद वसीम (एमआई अमीरात), जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद जवादुल्लाह (शारजाह वारियर्स) शामिल हैं।

टीमें अब चल रही खिलाड़ी अधिग्रहण विंडो में नए खिलाड़ियों को साइन कर सकती हैं जो 15 सितंबर तक खुली रहेंगी। अक्टूबर में आयोजित होने वाले आईएल टी20 विकास टूर्नामेंट के पूरा होने के बाद फ्रेंचाइजी को चार यूएई हस्ताक्षरों का अपना कोटा भी पूरा करना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एआईएफएफ ने दी पूर्व मुख्य कोच स्टिमैक को चेतावनी, कहा- सभी टिप्पणियों का अगले 48 घंटे में देंगे जवाब



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमैक और अखिल भारतीय फुटबॉल संघ के बीच विवाद कम नहीं हो रहा है। दिग्गज ने हेड कोच पद से बर्खास्त किए जाने के बाद एआईएफएफ को चेतावनी दी है कि 10 दिन में उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वह फीफा ट्रिब्यूनल में उसके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे। इसके अलावा स्टिमैक ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भड़ास निकालते हुए उनका अनुबंध कई बार तोड़ने का आरोप लगाया। इसके अलावा उन्होंने क्वालिफायर में भारत के दूसरे दौर से आगे नहीं जा पाने के लिए चौबे को ही जिम्मेदार ठहराया। अब बोर्ड ने उन्हें अगले 48 घंटे में कार्रवाई की चेतावनी दी है। कुवैत के खिलाफ हारा भारत दरअसल, हाल ही में हुए फीफा विश्व कप 2024 क्वालिफायर में टीम इंडिया का प्रदर्शन खराब रहा था। इसके बाद एआईएफएफ ने स्टिमैक को हेड कोच पद से बर्खास्त कर दिया था। भारतीय टीम ने दूसरे राउंड में कुवैत से ड्रॉ खेला था, जबकि कतर से अहम मुकाबले में हार गई थी। ऐसे में टीम इंडिया ने पहली बार फीफा विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका गंवा दिया था। एआईएफएफ ने दी चेतावनी एआईएफएफ ने स्टिमैक की प्रेस कांफ्रेंस के बाद जारी एक बयान में कहा, हमारे संज्ञान में आया है कि भारतीय पुरुष टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने एआईएफएफ और उसके कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के कामकाज से संबंधित मीडिया में कुछ टिप्पणियां की हैं। एआईएफएफ अगले 48 घंटों में इस संबंध में एक बयान जारी करेगा।

### पिछड़ने के बाद यूक्रेन ने की वापसी स्लोवाकिया को हराकर अगले दौर में पहुंचने की संभावना बरकरार रखी



**नई दिल्ली।** रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत यूक्रेन ने शानदार वापसी करते हुए स्लोवाकिया को यूरोपीय चैंपियनशिप 2024 (यूरो कप) फुटबॉल टूर्नामेंट के मुकाबले में 2-1 से हराया। यूक्रेन की टीम इस मुकाबले में एक गोल से पिछड़ रही थी, लेकिन यारेमचुक ने दमदार प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन को जीत दिलाई जिसके दम पर उसने खुद को अगले दौर में पहुंचने की दौड़ में बरकरार रखा है। यूक्रेन की तीसरी जीत यूक्रेन की यह 2024 में चार प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी करते हुए तीसरी जीत है। रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी। तेज बारिश में खेलते हुए स्लोवाकिया ने 17वें मिनट में इवान शरांज के हेडर से किए गए गोल से बढ़त बना ली थी।

### क्वींस क्लब की चोट के बाद एंडी मरे की होगी पीठ की सर्जरी

**नई दिल्ली।** दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे विंबलडन टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक 9 दिन पहले पीठ की सर्जरी से गुजरेंगे। इस बात की जानकारी उनकी मैनेजमेंट टीम की ओर दी से गई। विंबलडन 1 जुलाई से शुरू हो रहा है। एंडी मरे को क्वींस क्लब



चैंपियनशिप में दूसरे दौर के मैच के दौरान चोट लगने के कारण पीठ की सर्जरी करानी होगी। मरे विंबलडन 2024 से पहले फिट होने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि यह काफी मुश्किल लगता है। एंडी मरे की मैनेजमेंट टीम की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, विंबलडन में उनके खेलने पर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। एंडी की पीठ की सर्जरी होगी। इस सर्जरी के बाद ही उनके भविष्य को लेकर अधिक जानकारी दी जाएगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद लंदन टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। यह मरे के शानदार करियर में एक और झटका है, जो शारीरिक चुनौतियों से भरा रहा है। मरे का पीठ की सर्जरी करवाने का फैसला उनकी स्थिति की गंभीरता और उनके शीर्ष फॉर्म में लौटने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनके प्रशंसक और साथी खिलाड़ी उनकी तेज रिकवरी की दुआ और उम्मीद करेंगे कि वह कोर्ट पर जल्द कमबैक करेंगे।

# भारत का आलराउंड प्रदर्शन, बांग्लादेश को 50 रन से हराया

## सेमीफाइनल की दहलीज पर पहुंचा भारत, हार्दिक-कुलदीप का दमदार प्रदर्शन



**एंटीगा, 22 जून (एजेंसियां)।** आईसीसी टी20 विश्वकप में भारत का अजेय सफर शनिवार को जारी रहा। एंटीगा में सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम, नॉर्थ साउंड की धीमी पिच पर हार्दिक पांड्या ( 50 नाबाद) के अर्धशतकीय प्रहार के बाद कुलदीप यादव (19 रन पर तीन विकेट) और जसप्रीत बुमराह एवं अर्शदीप सिंह के कातिलाना अंदाज की बदौलत भारत ने सुपर आठ के ग्रुप ए मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 50 रन से आसान जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारत ने सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया है।

भारत ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 196 रन बनाये जिसके जवाब में बांग्लादेश आठ विकेट पर 146 रन ही बना सका। भारत की जीत में बल्लेबाजों और गेंदबाजों का बराबर का योगदान रहा। रोहित शर्मा (23),विराट कोहली (37) और ऋषभ पंत (36) की मजबूत शुरुआत के बाद हार्दिक पांड्या के शानदार अर्धशतक और शिवम दुबे (34) के साथ 53 रनो की तेज भागीदारी की मदद से भारत ने एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।बाद में कुलदीप यादव की खतरनाक फिरकी से बांग्लादेशी खुल कर नहीं खेल सके और दवाब में अपने विकेट गंवाने को मजबूर हुए वहीं विश्व के नंबर एक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की दहशत भी बांग्लादेशी बल्लेबाजों के चेहरे पर साफ दिखायी पड़ी। बुमराह ने पहले कप्तान नजमुल शांतो (40) का अहम विकेट लिया जबकि बाद में खतरनाक दिख रहे रिशाद हुसैन (24) को निपटाया। दूसरी ओर अर्शदीप ने महमुदल्लाह (13) और जाकिर अली का विकेट चटकाया। इससे पहले कुलदीप ने तंजिद हसन (29), तौहीद हृदोय (4) और शाकिब अल हसन (11) के विकेट झटके।

टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किये जाने का बांग्लादेशी कप्तान नाजमुल हस शान्तो का फैसला अचरज भरा था क्योंकि धूप तेज होने के साथ यहां पिच के और धीमा होने के कयास लगाये जा रहे थे। रोहित और विराट ने पारी की शुरुआत आक्रमक तरीके से की और दोनो ने पहले पावर प्ले का भरपूर फायदा उठाते हुये मैदान के चारों ओर कई आकर्षक शाट्स लगाये। रोहित हालांकि पारी के चौथे ओवर में शाकिब अल हसन का शिकार बने। शाकिब की धीमी गेंद को ऑन साइड में हिट करने के प्रयास में फुलर गेंद ने बल्ले का बाहरी किनारा लिया और मिड ऑफ़ जाकेर ने दौड़ लगाते हुये उनका कैच लपक लिया।नये बल्लेबाज ऋषभ पंत ने विराट का साथ देते हुये रनो की रफ्तार को बनाये रखा और दोनो ने आठवे ओवर तक टीम के खाते में 70 रन जोड़ लिये थे मगर इस बीच विराट की पारी का अंत तनजीम हसन साकिब ने किया जब उनकी डिलीवरी पर कोहली पूरी तरह से गच्चा खा गए और पुल करने के प्रयास में गेंद की लाइन से चूक गये और गेंद स्टंप से टकरा गयी। इसी ओवर में बांग्लादेश को विस्फोटक सूर्य कुमार यादव (6) के विकेट के रुप में एक और अहम सफलता मिली। ऋषभ पंत 12वें ओवर में रिशाद हुसैन का शिकार बने। उधर हार्दिक पांड्या का साथ देने आये शिवम दुबे ने आज स्पिनर्स के खिलाफ अपने हाथ खोले और दोनो बल्लेबाजों ने बांग्लादेशी आक्रमण की धज्जियों उड़ाते हुये तेजी से रन बटोरना शुरु किया। दुबे रिशाद हुसैन की गेंद पर छक्का लगाने के बाद दूसरी गेंद को भी हिट करने के प्रयास में बोल्ड आउट हुए वहीं हार्दिक पांड्या ने अक्षर पटेल (3 नाबाद) का सहयोग लेते हुए अपनी रफ्तार जारी रखी और टीम के स्कोर को विशाल बना दिया।

# डीएसए ए डिवीजन लीग: नोएडा सिटी और एम 2 एम का विजय अभियान जारी




**नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)।** कुशाग्र चौधरी ने धमाकेदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए नेहरू स्टेडियम में खेली जा रही डीएसए ए डिवीजन लीग के सुपर सिक्स में शानदार हैट्रिक जमाई। बंगदर्शन फुटबाल क्लब के विरुद्ध 3 -1 की जीत में कुशाग्र ने तीनों गोल जमा कर एम 2 एम को पूरे अंक दिलाए। एम 2 एम ने दूसरी जीत के साथ छह अंक जुटा लिए हैं। पराजित टीम का इकलौता गोल गगन सिंह पवार ने किया।

एक अन्य मुकाबले में नोएडा सिटी एफसी ने हॉप्स एफसी को कड़े संघर्ष में 2-1 से हरा कर लगातार दूसरा मैच जीता। विजेता के लिए प्लेयर ऑफ द मैच वाजिद अली और पवन प्रताप सिंह ने गोल दागे। पराजित टीम का गोल विश्वजीत जेना ने पेनल्टी पर किया।

नोएडा सिटी और हॉप्स के मध्य खेले गए मैच में रफ टफ खेल के साथ साथ खेल कौशल भी देखने को मिला लेकिन पहले गोल के लिए 75 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। नोएडा सिटी एफसी के लिए वाजिद अली ने प्रतिद्वंद्वी रक्षकों को चकमा देते हुए अपनी टीम का खाता खोला। लेकिन छह मिनट बाद विश्वजीत जेना ने पेनल्टी पर बेहतरीन गोल से हिसाब चुकता कर दिया। लंबी सीटी बजने से कुछ पहले मिली पेनल्टी पर पवन प्रताप ने एक बार चूकने के बाद बाल को गोल में डाल कर नोएडा सिटी को दूसरा मैच जिता दिया।

# मांजरेकर और कुंबले ने बुमराह को शीर्ष स्तर का गेंदबाज बताया




**ब्रिजटाउन, 22 जून (एजेंसियां)।** संजय मांजरेकर और अनिल कुंबले सहित कई दिग्गज क्रिकेटरों ने भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि भारतीय टीम भाग्यशाली जो उसके पास बुमराह जैसा शीर्ष स्तर का तेज गेंदबाज है। मांजरेकर का मानना है कि बुमराह अन्य गेंदबाजों से कहीं आगे हैं। मांजरेकर ने कहा, 'दुनिया के बाकी शीर्ष गेंदबाजों को देखें तो बुमराह और उनमें काफी अंतर है। वहीं पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने कहा, 'अपनी गेंदबाजी को वह काफी अच्छी प्रकार से समझता है, वह पता चलता है। उसने हर बल्लेबाज के खिलाफ अध्ययन कर रखा है और रणनीति पर सटीक अमल कर रहा है। यह आसानी से नहीं होता। पूरे विश्वकप टूर्नामेंट में उसकी गेंदों पर बहुत कम चौके छक्के लगे हैं। वहीं इससे पहले स्पिनर अक्षर पटेल ने बुमराह का विश्वस्तरीय गेंदबाज बताते हुए कहा कि उसको बताने की जरुरत नहीं पड़ती। वह जानता है कि कब क्या करना है। इसके अलावा आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लेकर कहा कि उसके रहने से विश्वकप में भारतीय टीम को लाभ हुआ है।

# भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा, स्वदेशी खेलों को शामिल करने का प्रयास

**नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)।** भारत की नजरें 2036 में होने वाले ओलंपिक की मेजबानी पर टिकी हुई है और भारतीय खेल प्रशासक अगले महीने से होने वाले पेरिस ओलंपि के दौरान इसके के लिए कड़ी लॉबिंग करेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है। इन खेलों में योग, खो-खो, कबड्डी, शतरंज, टी20 क्रिकेट और स्क्वाश शामिल हैं। भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा।

### मेजबानी अधिकार को नहीं दिया गया अंतिम रूप

अभी खेलों के मेजबानी अधिकार को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और ऐसे में मेजबान देश की प्राथमिकताओं पर बाद में चर्चा की जाएगी।



आईओसी अध्यक्ष के अगले साल होने वाले चुनाव के बाद ही इस पर फैसला किए जाने की संभावना है। भारत अगर मेजबानी हासिल करता है तो प्रस्तावित खेलों को इससे पहले 2032 में ब्रिस्बेन में होने वाले ओलंपिक खेलों के दौरान प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया जाएगा। इसी के बाद इन खेलों को ओलंपिक में शामिल करने पर विचार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल मुंबई में आईओसी कांग्रेस के दौरान कहा था कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने का इच्छुक है।

### पेरिस ओलंपिक के बाद होगी चर्चा

एमओसी के एक सीनियर सदस्य ने कहा, हमने नए खेल मंत्री से मुलाकात की और उन्हें रिपोर्ट सौंपी। उन्होंने कहा कि उन्हें इसको पढ़ने में कुछ दिन लगेंगे। उन्होंने हमसे एक अन्य रिपोर्ट तैयार करने के लिए भी कहा कि कैसे देश में खेल करियर का विकल्प बन सकते हैं और किस तरह से युवाओं में खेल के प्रति दिलचस्पी पैदा की जा सकती है।

## वेस्टइंडीज ने अमेरिका को 9 विकेट से हराया

# सेमीफाइनल की रेस में बरकरार, होप ने नाबाद 82 रन बनाए, चेज ने 3 विकेट लिए

**नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)।** वेस्टइंडीज ने आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 सुपर-8 के छठे मुकाबले में अमेरिका को 9 विकेट से हरा दिया। इस जीत से विंडीज सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। सुपर 8 के दूसरे ग्रुप में साउथ अफ्रीका 4 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद वेस्टइंडीज दूसरे तो इंग्लैंड तीसरे स्थान पर है। दोनों टीमों के 2 मैचों में 2-2 पॉइंट्स हैं हालांकि बेहतर नेट रन रेट के चलते विंडीज इंग्लैंड से ऊपर है। वेस्टइंडीज ने बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया और अमेरिका को 19.5 ओवर में 128 रन पर ऑलआउट कर दिया। 129 रन का टारगेट वेस्टइंडीज ने 10.5 ओवर में ही चेज कर लिया।



### 1. मैच विनर

वेस्टइंडीज की जीत में बॉलर्स का अहम योगदान रहा। यूएसए ने मैच में शुरुआत अच्छी की, लेकिन पावरप्ले के बाद रोस्टन चेज ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया। चेज ने 19 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### 2. ग्राफिक्स में मैच के हीरोज

टर्निंग पॉइंट मैच का टर्निंग पॉइंट रोस्टन चेज का स्पेल रहा। चेज ने अपने स्पेल में तीन विकेट झटके। उन्होंने 10वें ओवर में पहले कप्तान एरोन जोन्स को पवेलियन भेजा। उन्होंने इसके बाद 14वें ओवर में अमेरिका को दो लगातार झटके दिए। ओवर की दूसरी बॉल पर कोरी एंडरसन और तीसरी बॉल पर हरमीत सिंह को आउट किया। इन झटकों के बाद यूएसए मैच में वापसी ही नहीं कर सका।

### फाइटर ऑफ द मैच

एंड्रियस गॉस ने अपनी टीम को 128 रन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने अमेरिका के लिए सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। इस दौरान 16 गेंदों का सामना करते हुए तीन चौके और एक सिक्स लगाया।

### अमेरिका की पारी

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी अमेरिका की ओर से एंड्रियस गॉस 29, नीतीश कुमार 20, मिलिंद कुमार 19 और अली खान ने 14 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसेल और रोस्टन चेज ने 3-3 विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ ने 2 विकेट झटके। गुडाकेश मोती को एक विकेट मिला। वहीं मिलिंद कुमार रन आउट हुए।

### वेस्टइंडीज की पारी

टारगेट का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की ओर से शाई होप ने 39 बॉल पर नाबाद 82 रन की पारी खेली। यह उनका चौथा टी-20 इंटरनेशनल अर्धशतक है। निकोलस पूरन ने नाबाद 27 रन बनाए। वहीं जॉनसन चार्ल्स 15 रन बनाकर आउट हुए। अमेरिका की ओर से इकलौता विकेट हरमीत सिंह ने लिया। होप और चार्ल्स के बीच 67 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई। वहीं दूसरे विकेट के लिए होप और पूरन ने नाबाद 63 रन जोड़े।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**वेस्टइंडीज:** रोवमेन पॉवेल (कप्तान), शाई होप, जॉनसन चार्ल्स, निकोलस पूरन (विकेट कीपर), रोस्टन चेज, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, ओबेद मैकॉय, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ और गुडाकेश मोती।

**अमेरिका:** एरोन जोन्स (कप्तानी), स्टीवन टेलर, एंड्रियस गॉस, नीतीश कुमार, कोरी एंडरसन, मिलिंद कुमार, हरमीत सिंह, नॉस्थुश केंजीगे, शैडली वैन शल्कविक, अली खान और सौरभ नेत्रवल्कर।

शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दे

# तुअर, उड़द, मसूर की शत प्रतिशत खरीद एमएसपी पर करेगा केंद्र, केंद्रीय मंत्री शिवराज ने किया एलान



नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। तुअर, उड़द और मसूर की दालों पर मोदी सरकार शत प्रतिशत एमएसपी देगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों के कृषि मंत्रियों की बैठक के बाद यह ऐलान किया। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने व आयात कम करने के लिए केंद्र सरकार तुअर, उड़द और मसूर की शत प्रतिशत खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करेगी। केंद्रीय किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक में कहा कि यदि किसानों को बाजार में उनकी उपज का एमएसपी नहीं मिलेगा तो केंद्र सरकार किसानों की शत प्रतिशत उपज खरीदेगी। शिवराज ने कहा, एमएसपी पर 100 प्रतिशत फसलों की खरीद के लिए किसानों समृद्धि पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। इसे केंद्र सरकार ने नेफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से शुरू किया है। एक अधिकारी ने कहा, बैठक में केंद्रीय मंत्री ने 2015-16 के बाद से दलहन उत्पादन में 50 प्रतिशत की वृद्धि के लिए राज्यों की प्रशंसा की, लेकिन प्रति हेक्टेयर उपज में सुधार के लिए और प्रयास करने का आह्वान किया। चौहान ने कहा, भारत ने पिछले दशक में दाल आयात पर अपनी निर्भरता 30 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दी है, जिससे मूंग और चना में आत्मनिर्भरता हासिल हुई है। दलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 150 दलहन बीज केंद्र खोले हैं और कम उत्पादकता वाले जिलों में आईसीएआर विशेष चक बनाकर उत्पादकता को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। दलहन की विशेष किस्में करेंगे तैयार बैठक में शिवराज ने दलहन की खेती करने वाले किसानों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए दलहन की विशेष किस्में ईजाद की जा रही हैं। काबुली चना, तुअर और चना पर स्टॉक सीमा लागू...दालों की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए काबुली चना, तुअर दाल, और चना पर 30 सितंबर तक स्टॉक सीमा लागू कर दी। नए नियमों के तहत सभी दाल कारोबारियों को अपने दलहन स्टॉक की जानकारी 30 सितंबर तक हर सप्ताह सरकार के पोर्टल पर देनी होगी। सरकार का मानना है कि मौजूदा समय में दाल की कीमतें बढ़ने की वजह जमाखोरी और सट्टेबाजी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### लिव, गलिव...

इसके बाद अप्रैल, 2024 में बिहार के मूल निवासी शंकर शाह के बेटे राजू शाह की जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। रेहड़ी-पटरी लगा कर जीवनयापन करने वाले वाले राजू शाह पर दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग शहर के बिजबेहरा इलाका में हमला हुआ। जबलीपोरा में वह अपने परिवार के साथ रहते थे।

इन हमलों के करीब दो महीने बाद ही, 9 जून को शाम करीब 6.15 बजे आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर घात लगाकर हमला किया, इस हमले में महिलाओं और एक छोटे बच्चे समेत 10 लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। इस बस में करीब 50 लोग सवार थे। यह घटना पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में हुई, जहां हमलावरों ने कटरा की ओर जा रही श्रद्धालुओं से भरी 53 सीटों वाली बस पर गोलियां बरसाईं। वाहन असंतुलित होकर गहरी खाई में गिर गया। आतंकियों ने इस बस पर कम से कम 50 राउंड फायरिंग की।

इस्लामी आतंकियों के हमले से बचने वाले एक हिंदू तीर्थयात्री ने बताया, जब हम शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे, उसके करीब आधे घंटे बाद, बस पर गोलीबारी हुई और सभी खिड़कियां टूट गईं। बस में सवार सभी लोग उतरने की बात कहने लगे, इसलिए हम नहीं जान पाए कि क्या हुआ। कुछ सेकंड बाद ही हमारी बस खाई में गिर गई। इसके बाद भी आतंकवादी कुछ देर तक गोलीबारी करते रहे। दूसरे पीड़ित ने बताया, हम शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे, तभी एक आतंकवादी सड़क के बीच में आया और बस पर गोलीबारी शुरू कर दी। उसने पहले ड्राइवर पर गोलियां चलाईं और जब बस खाई में गिर गई, उसके बाद भी आतंकवादी कुछ देर तक लगातार हमला करते रहे।

साल 2023 का पहला दिन ही खून-खराबे से भरा रहा। 1 जनवरी को ही जम्मू के राजौरी के पास डांगरी गांव में दो हथियारों से लैस आतंकियों ने घरों में घुसकर हिंदू परिवारों पर गोलीबारी की, इस हमले में दीपक कुमार (23), सतीश कुमार (45), प्रीतम लाल (56) और शिव पाल (32) मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए। इस हमले के बारह घंटे के भीतर आतंकियों द्वारा लगाया गया आईईडी फटा, जिसमें 4 वर्षीय विहान शर्मा और 16 वर्षीय समीक्षा शर्मा की मौत हो गई, जबकि 20 साल के प्रिंस शर्मा की इलाज के दौरान मौत हुई।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 25 फरवरी 2023 को आतंकियों ने एक 40 वर्षीय कश्मीरी पंडित की हत्या कर दी, जब वह बाजार में जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे दक्षिण कश्मीर के अचन इलाके में अपने घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर एटीएम गार्ड संजय शर्मा को सीने में गोली मार दी गई। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी मौत हो गई। उनके सहकर्मियों के अनुसार, हिंदुओं पर लगातार होते हमले के कारण उन्होंने ड्यूटी पर आना बंद कर दिया था।

उधमपुर के रहने वाले 27 वर्षीय दीपू कुमार की 29 मई की शाम को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने उन्हें उस समय गोली मारी जब वे दूध खरीदने के लिए बाजार गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। वे अनंतनाग में जंगलात मंडी के पास एक मनोरंजन पार्क में एक निजी सर्कस में काम कर रहे थे। दीपू उधमपुर जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर मजालता के थियाल गांव के रहने वाले थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी, अंधे पिता और उनके भाई हैं, जिनकी आंख खराब है। दीपू ही परिवार चला रहे थे।

30 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादी हमले में उत्तर प्रदेश के एक प्रवासी मजदूर की गोली लगने से मौत हो गई थी। 38 वर्षीय मुकेश सिंह नाम के इस व्यक्ति को राजपोरा इलाके में दोपहर करीब 12:45 बजे गोली मारी गई। वह एक ईंट भट्ठे पर काम करते थे और जरूरत का सामान खरीदने के लिए पड़ोस की एक दुकान पर गए थे, तभी आतंकियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौत हो गई। तुमची गांव में कई ईंट भट्ठे हैं, जो बडगाम और पुलवामा जिलों की सीमा से सटे हैं और यहां प्रवासी मजदूरों को काम पर रखा जाता है। मुकेश सिंह यूपी के उन्नाव जिले के भटपुरा गांव के रहने वाले थे।

12 मई को मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकियों ने कश्मीरी पंडित राहुल भट्ट की उनके दफ्तर के भीतर हत्या कर दी थी। 35 वर्षीय राहुल भट को चडूरा कस्बे में तहसील कार्यालय के अंदर गोली मार दी गई। उन्हें 2010-11 में प्रवासियों के लिए विशेष रोजगार पैकेज के तहत राजस्व विभाग में क्लर्क की नौकरी मिली थी। उनके परिवार में उनकी पत्नी मीनाक्षी भट और 7 वर्षीय बेटी कृतिका बचे हैं।

13 अप्रैल को एक और हमले में कुलगाम निवासी सतीश कुमार सिंह राजपूत की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्हें काकरान गांव में उनके घर पर गोलियों से छलनी कर दिया गया। यह घटना कुलगाम जिले के पोम्बे कांग्रिम इलाके में शाम करीब साढ़े सात बजे हुई। सतीश कुमार सिंह एक ड्राइवर थे। वे मूल रूप से जम्मू के रहने वाले थे और राजपूत समुदाय से थे, जो करीब 70 साल पहले यहां आकर बस गए थे। सतीश कुमार सिंह परिवार के अकेले कमाने वाले थे। उनके परिवार में उनकी बुजुर्ग मां, पत्नी और तीन बेटियां, साक्षी, सेनोनी और मीनाक्षी हैं, जिनकी उम्र 7 से 12 वर्ष के बीच है। साक्षी दिव्यांग है।

इससे पहले लश्कर-ए-इस्लाम ने हिंदुओं को चेतावनी जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि वह कश्मीर छोड़कर भाग जाएं वरना उन्हें मार दिया जाएगा। सतीश सिंह की हत्या उन एक दर्जन से भी कम राजपूत परिवारों के लिए एक झटका थी, जिन्होंने सबसे बुरे समय में भी दक्षिण कश्मीर के काकरान गांव में रहना चुना। इससे नौ दिन पहले, शोपियां में आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित पर गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गया। उससे पहले पुलवामा में प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाकर किए गए पांच हमलों में सात लोग घायल हुए, इनमें से तीन पंजाब, तीन बिहार और एक उत्तर प्रदेश से थे।

13 मई को जम्मू-कश्मीर के रियासी में वैष्णो देवी मंदिर जा रही तीर्थयात्रियों की एक बस में कटरा के पास आग लग गई, इसके कारण चार लोगों की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए। कटरा से लगभग 1.5 किलोमीटर दूर खरमल के पास इस बस में आग लगी। आग लगने की जिम्मेदारी आतंकवादी समूह जेएंडके फ्रीडम फाइटर्स ने ली। यह हमला स्टिकी बम से किया गया था। एनआईए समेत सुरक्षा एजेंसियों की टीमों ने इस घटना स्थल का दौरा किया और बस की जांच की।

15 मई 2022 को एक अज्ञात आतंकवादी ने ग्राहक बन कर बारामूला के दीवान बाग शराब की दुकान में ग्रेनेड फेंका, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। मृतक की पहचान राजौरी निवासी 35 वर्षीय रंजीत सिंह के रूप में हुई, जो राजौरी के बख्तर गांव निवासी किशन लाल का पुत्र था और गैरीसन टाउन की शराब की दुकान पर काम करता था। घायल कर्मचारियों में गोवर्धन सिंह पुत्र बिजेंद्र सिंह, रवि कुमार पुत्र करतार चंद दोनों निवासी बिलावर, कठुआ और गोविंद सिंह पुत्र गुरदेव सिंह थे जो राजौरी के ही रहने वाले थे।

31 मई को कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकियों ने जम्मू के सांबा की मूल निवासी 36 वर्षीय हिंदू स्कूल शिक्षिका रजनी बाला को गोली मार दी। पुलिस के अनुसार, वह कुलगाम के गोपालपोरा इलाके में आतंकियों की गोलियों से घायल हो गई, जहां वह शिक्षिका के रूप में काम करती थीं। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

2 जून को आतंकियों ने कश्मीर घाटी में अलग-अलग हमलों में दो हिंदुओं को मार दिया। एक व्यक्ति की पहचान राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के नोहर तहसील के भगवान गांव के बैंक मैनेजर 27 वर्षीय विजय कुमार के रूप में हुई। वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्रामीण बैंक में तैनात थे। उनकी सुबह दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में हत्या मारकर हत्या कर दी गई, जबकि बिहार के 18 वर्षीय मजदूर दिलखुश कुमार की शाम को बडगाम जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पंजाब के गुरदासपुर के गोरिया के रहने वाले एक अन्य मजदूर गोलीबारी में घायल हो गए। पीड़ित विजय कुमार की इस बैंक में पांच दिन पहले ही पोस्टिंग हुई थी। इससे पहले उन्हें अनंतनाग के कोकरनाग इलाके में मैनेजर के पद पर तैनात किया गया था। उनकी शादी तीन महीने पहले ही हुई थी और वह अपनी पत्नी के साथ काजीगुंड में रह रहे थे।

इसके बाद बडगाम के मगरेपोरा इलाके में दो हिंदू मजदूरों पर आतंकी हमला हुआ। बडगाम के चडूरा इलाके में ईंट भट्ठे पर काम कर रहे दो प्रवासी मजदूरों पर आतंकियों ने फायरिंग की। दोनों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, हालांकि, उनमें से एक की मौत हो गई। 16 अगस्त को शोपियां जिले के छोटेपोरा इलाके में सेब के बगीचे में आतंकी हमले में सुनील कुमार नामक कश्मीरी पंडित की मौत हो गई, जबकि उनके भाई पिंटू कुमार घायल हो गए।

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में 15 अक्टूबर को कश्मीरी पंडित पूरण कृष्ण भट की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दक्षिण कश्मीर जिले के चौधरी गुंड इलाके में उनके घर के पास उन पर हमला किया गया। उन्हें शोपियां अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आतंकी संगठन केएफएफ ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

16 अक्टूबर को शोपियां जिले के हरमैन गांव में आराम कर रहे उत्तर प्रदेश के कन्नौज के दो मजदूर राम सागर (50) और मनीष कुमार (40) की आतंकियों ने ग्रेनेड फेंक कर हत्या कर दी। एक रिश्तेदार ने बताया कि यह लोग सितंबर में सेब के बागों में कटाई के समय काम करने के लिए शोपियां गए थे। उनकी झोपड़ी के अंदर ग्रेनेड फेंका गया।

5 अक्टूबर को दो अलग-अलग आतंकी हमलों में दो हिंदुओं की जान चली गई। एक समाजसेवी और श्रीनगर की लोकप्रिय बिंदरू मेडिकल फार्मेसी के मालिक 68 वर्षीय कश्मीरी पंडित माखनलाल बिंदरू की इकबाल पार्क के पास आतंकियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। इसके अलावा बिहार के भागलपुर जिले के रहने वाले वीरेंद्र पासवान की भी हत्या कर दी गई। आतंकियों ने माखन लाल बिंदरू की हत्या के बाद यह हमला किया। वीरेंद्र पासवान एक रेहड़ी-पटरी वाले थे और भेलपुरी बेचने का काम करते थे। उन्हें भी करीब से गोली मारी गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। माखन लाल बिंदरू उन चंद लोगों में से एक थे जो 1990 में आतंकवाद के बाद भी पलायन कर बाहर नहीं गए थे।

उनकी बेटी डॉ श्रद्धा बिंदरू ने इसके बाद आतंकियों को चुनौती दी, मैं एक एसोसिएट प्रोफेसर हूं, मेरा भाई एक प्रसिद्ध डॉक्टर है और मेरी मां हमारी दुकान चलाती है। हमारे पिता ने शून्य से शुरुआत की थी, लेकिन उन्होंने हमें यह बनाया। आतंकी केवल शरीर को मार सकते हैं, आत्मा को नहीं। पत्थरबाजी और गोलियां चलाना ही उन्हें आता है। तुम लोगों ने एक शरीर को मार दिया है, लेकिन तुम मेरे पिता की विरासत और उनकी आत्मा को नहीं मार सकते। अगर तुम्हें लगता है कि तुममें हिम्मत है, तो आओ और हमारे सामने बैठो और बहस करो। मैं यहीं हूं, मेरे कश्मीरी पंडित हिंदू पिता की कश्मीरी पंडित हिंदू बेटी। आओ और मेरा सामना करो।

7 अक्टूबर को सुबह 11.15 बजे आतंकियों ने गवर्नमेंट बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल सतिंदर कौर और स्कूल के शिक्षक दीपक चंद की हत्या कर दी। श्रीनगर के संगम इलाके में स्थित इस स्कूल में आतंकियों ने धावा बोला और दोनों को गोली मार दी। उस समय वहां कोई छात्र नहीं था क्योंकि कक्षाएं ऑनलाइन चल रही थीं। प्रिंसिपल के कार्यालय में लगभग चार-पांच शिक्षक बैठे थे, तभी दो आतंकी घुसे, सभी को लाइन में खड़ा कर दिया। फिर उन्हें अपने पहचान पत्र और मोबाइल फोन दिखाने के लिए कहा गया। हिंदू और सिख को अलग कर उन्हें घसीटकर बाहर लाया गया। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। गोलीबारी में मारे गए दीपक चंद (38) कश्मीरी पंडित समुदाय के थे जो जम्मू से वापस घाटी में चले गए थे। जबकि सतिंदर कौर (46) श्रीनगर के अलोची बाग बंड की सिख महिला थीं।

बिहार के बांका जिले के निवासी अरबिंद कुमार साह (30) की 16 अक्टूबर की शाम को श्रीनगर के ईदगाह स्थित एक पार्क के बाहर आतंकियों ने हत्या कर दी। वह अपने परिवार के अकेले कमाने वाले थे। वह एक रेहड़ी-पटरी वाले थे और बिहार में अपने परिवार को चलाने के लिए यहां रेहड़ी लगाते थे। 14 अक्टूबर को दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकियों ने छत्तीसगढ़ के एक प्रवासी मजदूर की हत्या कर दी। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के बंसुला गांव के निवासी सेठी कुमार सागर पुलवामा के ओखू गांव में ईंट भट्टे पर काम करते थे। काकपोरा रेलवे स्टेशन के पास निहामा इलाके में आतंकियों ने उन पर गोलियां चलाईं। उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दो दिन बाद, 16 अक्टूबर को शाम करीब 7:30 बजे, शोपियां इलाके में तीन से चार आतंकियों ने हमला किया। इस हमले में पंजाब के व्यापारी चरणजीत सिंह पोपली और उनके सहयोगी संजीव चराया को निशाना बनाया गया। दोनों को पुलवामा के जिला अस्पताल ले जाया गया, इलाज के दौरान चरणजीत की मौत हो गई।

रियासी जिले के पेंथल ब्लॉक के ककरियाल के पास सेरा कोटला गांव के निवासी ट्रक चालक नारायण दत्त की 28 अक्टूबर को अनंतनाग में आतंकियों ने हत्या कर दी थी। 45 वर्षीय नारायण दत्त को दक्षिण कश्मीर जिले के बिजबेहरा के कनिलवान इलाके में आतंकियों ने गोलियों से भून दिया था। उनकी 15 वर्षीय बेटी तान्या शर्मा ने बताया था, श्रीनगर जाने से पहले पिता जी ने हमसे कहा था कि वह दिवाली पर घर लौटेंगे लेकिन आज सुबह हमें उनकी लाश मिली। आतंकियों ने बिना किसी गलती के उन्हें मार डाला।

4 नवंबर की दोपहर श्रीनगर शहर के लालचौक इलाके में ग्रेनेड हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 42 से ज़्यादा लोग घायल हो गए, इसमें नौ महिलाएँ भी थी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी रिंकू सिंह (40) के रूप में हुई। रिंकू सिंह गुब्बारे और खिलौने बेचते थे। इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए थे।

लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 23 मार्च 2003 को रात 10.30 बजे जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के नंदीमर्ग गांव में 11 पुरुषों, 11 महिलाओं और 2 बच्चों सहित 24 कश्मीरी पंडितों को पहचान कर उन्हें लाइन में खड़ा किया और उनकी सामूहिक हत्या कर दी थी।

1990 के कश्मीरी पंडितों के नरसंहार और उनके पलायन के दौरान अन्य हिंदुओं के घाटी छोड़ने के बाद, नंदीमर्ग गांव में केवल 52 कश्मीरी पंडित रहते थे, यह सभी 4 परिवारों का हिस्सा थे। हमलावर, जिनमें पास के एक गांव के कुछ युवा लोग और आतंकवादी शामिल थे, ने नरसंहार से एक दिन पहले 21 और 22 मार्च को नंदीमर्ग की रेकी की थी कि ताकि कश्मीरी पंडितों को मारने का स्थान निर्धारित किया जा सके। कश्मीरी पंडितों को एक खुले मैदान में लाया गया। उन्हें घुटनों के बल बैठने के लिए मजबूर किया गया और फिर उनके सिर में गोली मार दी गई। हमलावरों ने इस दौरान छोटे बच्चों को भी नहीं बख्शा। आतंकियों का सरगना जिया मुस्तफा था, जिसे 2003 में गिरफ्तार किया गया था और जेल में रखा गया था। अक्टूबर 2021 में पुंछ के जंगल में आतंकी ठिकानों की पहचान करने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा जिया को जेल से बाहर निकाला गया और उसके बाद आतंकियों के साथ मुठभेड़ के दौरान गोलीबारी में वह मारा गया।

20 जून 1998 को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के डोडा इलाके में शादियों में शामिल होने आए 25 लोगों की हत्या कर दी थी। यह घटना तब हुई जब दो अलग-अलग शादी समारोह के मेहमान घर जाने के लिए बस का इंतज़ार कर रहे थे। मारे गए लोगों में दोनों दूल्हे भी शामिल थे।

जनवरी 1998 में श्रीनगर के उत्तर में एक गांव में 23 हिंदू नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना कश्मीर घाटी के उस क्षेत्र में हुई थी जहां पाकिस्तान द्वारा पाले पोसे आतंकवाद के चालू होने से पहले 100,000 से अधिक हिंदू बसते थे। इनमें से कई लोग जम्मू जैसे इलाकों में चले गए थे। ऐसी ही एक अन्य घटना अप्रैल में उधमपुर जिले के एक सुनसान पहाड़ी इलाके में हुई, जहां 13 महिलाओं और बच्चों सहित 29 हिंदू मार दिए गए थे। इस घटना में बचने वालों ने खुलासा किया था कि आतंकियों ने हिंदुओं पर इसलिए हमला किया क्योंकि उन्होंने इस्लाम अपनाने और गोमांस खाने से मना कर दिया था।

10 जुलाई 2017 को आतंकियों ने अमरनाथ से लौट रहे तीर्थयात्रियों की एक बस पर हमला कर दिया। इसमें 7 लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। यह घटना कश्मीर के अनंतनाग जिले में हुई। 21 जुलाई 2006 को आतंकियों ने कश्मीर के गांदरबल जिले के बीहामा इलाके में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया, इसमें अमरनाथ यात्रा के बेस कैंप से वापस आ रहे 5 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। आतंकियों ने 6 अगस्त 2002 को पहलगाम में अमरनाथ यात्रा के नुनवान बेस कैंप पर गोलीबारी की थी। इस हमले में 6 हिंदू तीर्थयात्रियों और तीन अन्य लोगों सहित नौ लोग मारे गए थे।

इससे पहले 20 जुलाई 2001 को आतंकियों ने अमरनाथ गुफा के पास एक कैंप पर ग्रेनेड फेंके, जिसमें 13 तीर्थयात्री मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। हमले में 2 पुलिस अधिकारी भी मारे गए। 2 अगस्त 2000 को आतंकियों ने पहलगाम बेस कैंप पर हमला किया, जिसमें 21 तीर्थयात्रियों सहित 32 लोग मारे गए और 60 अन्य घायल हो गए। 28 जुलाई, 1998 को आतंकियों ने शेषनाग कैंप ग्राउंड में अमरनाथ गुफा की ओर जा रहे तीर्थयात्रियों पर हमला किया, जिसमें 20 लोग मारे गए। 15 अगस्त 1993 को अमरनाथ गुफा की ओर जाते समय 8 तीर्थयात्री आतंकी हमले में मारे गए।

लब्बोलुबाब यह है कि जम्मू-कश्मीर में अंधे इस्लामिस्ट दशकों से मासूम लोगों की जिंदगियां तबाह कर रहे हैं। 1 और 2 अगस्त 2000 को आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में कुछ ही घंटों में कम से कम 105 लोगों की हत्या कर दी थी। इस दौरान उन्होंने खास तौर पर हिंदू पुरुषों को निशाना बनाया और उनकी जान ले ली। प्रवासी मजदूरों से लेकर गांव की रक्षा समिति के सदस्यों तक किसी को भी नहीं बख्शा गया। आतंकियों ने मृतकों और घायलों के हथियार भी छीन लिए।

### बांग्लादेश की...

हरित भागीदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को फायदा होगा।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने आधिकारिक बयान में भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और भरोसेमंद दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, भरोसेमंद मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, जो 1971 के मुक्ति संग्राम से शुरू हुए थे।

भारत ने बांग्लादेश के नागरिकों को मेडिकल ई-वीजा की सुविधा देने का ऐलान किया है। इसके लिए भारत सरकार बांग्लादेश के रंगपुर में उप-उच्चायोग खोलेगी। साथ ही दोनों देश तीस्ता नदी के जल-बंटवारे पर चर्चा के लिए तकनीकी टीम भेजने पर भी सहमत हो गए हैं। पीएम मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष के बीच कुल 10 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिनमें डिजिटल साझेदारी, हरित साझेदारी, मेरीटाइम सहयोग, समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग, रेलवे संपर्क, समुद्री रिसर्च, सुरक्षा और रणनीतिक मामलों में आपसी सहयोग, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन संबंधी समझौते शामिल हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, मैं बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। शेख हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, आज हमारी बहुत ही उपयोगी बैठकें हुईं, जिनमें हमने सुरक्षा, व्यापार, सम्पर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय और बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। हम अपने लोगों और देशों की बेहतरी के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करने पर सहमत हुए।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री भारत की अपनी दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को भारत पहुंचीं। लोकसभा चुनावों के बाद भारत में नई सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा है। शनिवार सुबह शेख हसीना ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। बैठक से पहले बांग्लादेशी प्रधानमंत्री को एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक स्वागत किया गया। शेख हसीना भारत के पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के उन सात शीर्ष नेताओं में शामिल थीं, जिन्होंने 9 जून को प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था।

### राष्ट्रपति भवन में ...

शेख हसीना ने राजघाट में जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि शेख हसीना का यह दौरा भारत-बांग्लादेश दोनों देशों के संबंधों को बढ़ावा देगा। राजघाट पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शेख हसीना ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी से मुलाकात की। यहां दोनों नेता द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए।

दिल्ली पहुंचने के बाद कल शाम को ही शेख हसीना से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की। इस मुलाकात पर जयशंकर ने कहा कि उनकी राजकीय यात्रा दोनों देशों के घनिष्ठ संबंधों को उजागर करती है। उन्होंने कहा, शेख हसीना से मुलाकात करके खुशी हुई। उनकी राजकीय यात्रा दोनों देशों के घनिष्ठ और स्थायी संबंधों को प्रदर्शित करती है। विशेष साझेदारी और आगे के मार्गदर्शन के लिए उनकी सराहना करते हैं।

### पेपर लीक के ...

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की स्वीकृति और अधिसूचना जारी होने के बाद यह कानून अब प्रभावी हो गया है। नीट विवाद के चलते देश भर के कई शहरों में जारी छात्रों के विरोध प्रदर्श के बीच इस कानून का लागू होना काफी अहम है।

केंद्र सरकार द्वारा पारित कानून का नाम लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 है। गौरतलब है कि संसद में विधेयक पारित हो गया था लेकिन पेपर लीक के मामलों के बाद खूब बवाल मच रहा है, जिसके चलते सवाल उठने लगे थे कि आखिर यह कानून लागू कब होगा। इन विवादों के बीच केंद्र ने शुक्रवार शाम को इस कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। पेपर लीक विरोधी इस कानून के तहत, पेपर लीक करने या उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी आरोपी को कम से कम तीन साल की सजा होगा, जिसे बढ़ाकर अधिकतम 5 साल भी किया जा सकता है। इसके अलावा आरोपी से 10 लाख रुपए का जुर्माना भी वसूला जाएगा। पेपर लीक कानून को गैर-जमानती बनाया गया है।

इतना ही नहीं, अगर किसी सर्विस प्रोवाइडर की इसमें पाई जाती है, या उसे बस इस बात की जानकारी भी होती है, और वह सार्वजनिक नहीं करता है, तो ऐसे सर्विस प्रोवाइडर्स को भी नहीं बख्शा जाएगा। साथ ही 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। वहीं केस की जांच अगर इस नतीजे पर पहुंचती है कि सर्विस प्रोवाइडर्स के किसी वरिष्ठ अधिकारी ने अपराध की अनुमति दी थी, या वह अपराध में शामिल था, तो उसे भी कम से कम 3 और अधिकतम 10 साल की सजा हो सकती है। ऐसे में दोषी पाए गए उस सर्विस प्रोवाइडर पर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके अलावा अगर परीक्षा प्राधिकरण यानी एग्जामिनेशन अथॉरिटी या फिर सर्विस प्रोवाइडर संगठित करता है, तो जेल की सजा की अवधि न्यूनतम पांच साल और अधिकतम दस साल तक की हो जाएगी, साथ ही इसमें भी दोषी को 1 करोड़ रुपए का जुर्माना देना होगा।

गुरुवार को ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने बयान में कहा था कि पेपर लीक रोकने और नकल खत्म करने के लिए केंद्र सरकार लोक परीक्षा संबंधी कानून लाई है, जिसमें कड़े प्रावधान हैं, और हम इसे बारीकी से लागू करेंगे। शिक्षा मंत्री के आक्रामक बयान के एक दिन बाद ही एंटी पेपर लीक लॉ की अधिसूचना जारी होने के साथ ही यह कानून प्रभावी हो गया है।

भारत सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) कानून-2024 लाने से उन छात्रों को राहत मिलेगी, जो पेपर लीक की समस्या से लंबे अर्से से जूझ रहे हैं। फरवरी 2024 में ही इसे संसद में पारित करा लिया गया था। इसमें चीटिंग में संलिप्त आरोपियों के लिए 3 से से 5 साल तक की कारावास की सजा का प्रावधान किया है। वहीं संगठित रूप से चीटिंग गिरोह चलाने वालों को 10 साल तक की सजा दी जा सकती है। उनके लिए एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने की सज़ा भी निर्धारित की गई है। परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारी, कोई गिरोह या फिर कोई भी समूह या संस्था इस अपराध में शामिल होता है तो उन्हें कम से कम 5 साल की सज़ा भुगतनी होगी, जो 10 साल तक बढ़ाई जा सकती है। अगर कोई संस्था इसमें शामिल होती है तो उसकी सम्पत्ति भी जब्त की जाएगी। परीक्षा आयोजित करने में जो खर्च आता है, उसकी वसूली भी पेपर लीक गिरोह से ही की जाएगी। केंद्र सरकार किसी केंद्रीय जांच एजेंसी को भी ऐसी स्थिति में जांच सौंप सकती है।

हालांकि, परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को कड़ी सज़ा से छूट दी गई है और उन्हें मौजूदा कानूनों के तहत ही परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था के नियमों के हिसाब से सज़ा मिलेगी। अवैध तरीकों में पेपर लीक के अलावा परीक्षा के दौरान सवालों के जवाब को लेकर अभ्यर्थियों की मदद करना, कम्प्यूटर नेटवर्क के साथ गड़बड़ी करना, किसी अभ्यर्थी के बदले परीक्षा में पहुंचना, फर्जी दस्तावेज बनाना, फर्जी परीक्षा आयोजित करना और मेरिट लिस्ट के साथ छेड़छाड़ करने को कानून के दायरे में रखा गया है। यह गैर-जमानती होगा। डीएसपी या एसीपी स्तर के अधिकारी ही इसकी जांच करेंगे।

### जला हुआ प्रश्न...

दावा है कि यह बुकलेट हजारीबाग के एक सेंटर का है। अब तक की जांच में यह स्पष्ट हो गया हे कि नूरसराय महाविद्यालय का कर्मचारी संजीव मुखिया पेपर लीक करने वाले गिरोह का सरगना है।

पुलिस ने संजीव की तलाश तेज कर दी है। आरोप है कि संजीव को एक प्रोफेसर ने वाट्सएप पर प्रश्नपत्र भेजा था। इसे पटना और रांची के मेडिकल स्टूडेंट की मदद से हल करवाया गया था। इसके बाद पांच मई की सुबह उत्तर के साथ इसे करायपुरसराय के चिंटू उर्फ बलदेव के मोबाइल पर भेजा गया था। चिंटू की मदद से पिंटू ने इसका प्रिंट निकाला। इसके बाद पटना के एक प्ले स्कूल में ठहराए गए करीब 20-25 अभ्यर्थियों को इस प्रश्नोत्तर को रटने के लिए भेज दिया। पुलिस ने एकंगरसराय प्रखंड में छापेमारी कर एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने धमाकेदार खुलासा किया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पीएस प्रीतम कुमार ने पेपर लीक कांड के सक्रिय अगुआ जूनियर इंजीनियर सिकंदर यादवेंदु के साले के बेटे अनुराग यादव और उसकी मां को सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरने की व्यवस्था की थी। सरकारी गेस्ट हाउस में ही लीक प्रश्न पत्र का ऐंसर अभ्यर्थियों को रटवाया जा रहा था। बिहार पुलिस की जांच टीम तेजस्वी यादव के पीएस प्रीतम से पूछताछ करने की तैयारी में है। पुलिस संजीव मुखिया के अलावा राकेश रंजन, चिंटू, पिंटू, आशुतोष समेत कई लोगों की तलाश में छापेमारी कर ही है।

### रुशिकोंडा पहाड़ ...

रुशिकोंडा हिल पर बनाया गया जगन-पैलेस का विवाद उस समय शुरू हुआ था जब भीमिली के विधायक गंटा श्रीनिवास राव ने पिछली वाईएसआरसी सरकार द्वारा रुशिकोंडा हिल के ऊपर बनाए गए महलों का दौरा किया था। उन्होंने उसे राजमहल बताया था। साथ ही टीडीपी नेता ने परियोजना को लेकर भी गहरी चिंता जताई थी। रुशिकोंडा पहाड़ की तस्वीरें देखने के बाद लोग जगन मोहन रेड्डी की तुलना दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल से कर रहे हैं। रुशिकोंडा पर बने महल की तुलना दिल्ली वाले शीशमहल से हो रही है। कहा जा रहा है कि रुशिकोंडा पहाड़ पूरा पेड़ों से घिरा था। हरा भरा था। लेकिन इसे बर्बाद कर दिया गया। लोग मांग कर रहे हैं कि ग्रीन ट्रिब्यूनल को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए। कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर महल के भीतर की भी सामने आई हैं। इसमें चमचमाते पत्थर और इंटीरियर दिखाई दे रहे हैं।

### जनता से वसूली के...

कई लोगों ने निजी सलाहकार नियुक्त करने के सरकार के फैसले की आलोचना की। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एमजी देवसहायम ने बताया कि अधिकांश सलाहकारों के पास गहन ज्ञान की कमी होती है और वे मोटी फीस लेते हुए खोखली (खराब) रिपोर्ट तैयार करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि अनुभवी आईएएस अधिकारियों, जिनमें से कई आईआईटी और आईआईएम से पढ़े हैं, उन्हें इसके लिए नियुक्त किया जाना चाहिए। देवसहायम ने चेतावनी दी कि मुफ्त उपहार और गारंटी टिकाऊ नहीं हैं और राज्य की वित्तीय सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस ने जो 5 गारंटियां दी हैं, उसमें सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली (गृह ज्योति), परिवार की प्रत्येक महिला मुखिया को 2,000 रुपए प्रति माह (गृह लक्ष्मी), गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों को 10 किलो खाद्यान्न (अन्न भाग्य), बेरोजगार स्नातकों को दो साल के लिए 3,000 रुपए प्रति माह, और बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को दो साल के लिए 1,500 रुपए प्रति माह (युवनिधि), और राज्य भर में राज्य द्वारा संचालित गैर-एसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा (शक्ति) शामिल हैं। इन पर काफी खर्च आएगा, लेकिन कर्नाटक सरकार का खजाना खाली है। यहां तक कि उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने विधायकों को विधायक निधि का फंड भी देने से मना कर दिया है।

कांग्रेस सरकार की इन पांच गारंटियों से राज्य के 5.10 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन 2023-24 में इनसे सरकारी खजाने पर 36,000 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। सिद्धारमैया ने इस वित्तीय वर्ष में इन योजनाओं के लिए 52,009 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। 2024-25 के लिए उनका राजस्व घाटा बजट कुल 3,71,383 करोड़ रुपए है, और इसमें पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक की वार्षिक उधारी की परिकल्पना की गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पांच चुनावी गारंटियों पर 52,000 करोड़ खर्च करने की योजना का असर राज्य पर पड़ रहा है। इसकी वजह से कांग्रेस सरकार ने जुलाई 2023 में राज्य के एससी-एसटी समुदाय के कल्याण के लिए खर्च किए जाने वाले 11,000 करोड़ को भी इन गारंटियों के लिए उपयोग करने का फैसला लिया था, जिसके कारण इसकी काफी आलोचना हुई थी।

इन गारंटियों को पूरा करने के लिए जरूरी अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए कांग्रेस सरकार ने ईंधन (पेट्रोल-डीजल) की कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की। इससे पेट्रोल की कीमतें 102 रुपए प्रति लीटर से ज्यादा हो गई हैं। इसके साथ ही कर्नाटक सरकार ने संपत्तियों के मार्गदर्शन मूल्य में 15-30 प्रतिशत की वृद्धि की। सभी स्लैब में भारत में निर्मित शराब (आईएमएल) पर 20 प्रतिशत का अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एईडी) लगाया, बीयर पर एईडी को 175 प्रतिशत से बढ़ाकर 185 प्रतिशत किया, नए पंजीकृत परिवहन वाहनों पर 3 प्रतिशत अतिरिक्त उपकर लगाया, 25 लाख रुपए से अधिक कीमत वाले ईवी (इलेक्ट्रिक वाहनों) पर आजीवन कर लागू किया और पंजीकरण की आवश्यकता नहीं वाले सभी दस्तावेजों के लिए स्टाम्प शुल्क में 200 प्रतिशत से 500 प्रतिशत की वृद्धि की। राज्य सरकार ने सम्पत्ति कर, जल कर के साथ-साथ बस किराए में भी बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं।

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने शराब-बीयर पर सेस लगाकर कमाई तो बढ़ाई ही है, साथ ही अब विदेशी और महंगे ब्रांड्स को भी सस्ता करके बेचने की तैयारी हो रही है। कर्नाटक में 1 जुलाई से महंगी यानी प्रीमियम शराब की कीमतों को कम किया जा रहा है। यही नहीं, हर तरफ शराब और बीयर की सप्लाई बढ़ सके, इसके लिए नई कंपनियों को भी मैदान में उतारा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, कर्नाटक में शराब की कीमत कम करने का फैसला लिया गया है। इस फैसले का उद्देश्य राज्य में शराबियों को शराब खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना है। राज्य सरकार ने 1 जुलाई से राज्य में बीयर समेत प्रीमियम शराब ब्रांडों की कीमतों में उल्लेखनीय कमी की घोषणा की है।

कांग्रेस सरकार के इन कामों का उद्देश्य किसी तरह से जनता की जेब पर डाका डालकर रेवड़ी योजनाओं को जारी रखना है, भले ही उसके लिए दूसरे तरीकों से पैसा खुद जनता ही क्यों न दे। बता दें कि भाजपा सरकारी खजाने पर विपरीत असर डालने वाली ऐसी योजनाओं का विरोध करती आई है। हालांकि, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने इन योजनाओं को चुनावी हथियार की तरह इस्तेमाल किया है। हालिया लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस ने हर महिला को प्रतिमाह 8500 रुपए देने की बात कही थी।

### माथे पर तिलक...

क्रूरतापूर्वक हमला किए जाने की घटना सामने आई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने मद्रास हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस के चंद्रू की अध्यक्षता में एक सदस्यीय कमेटी गठित की थी। जस्टिस चंद्रू ने 610 पन्नों की अपनी रिपोर्ट सोमवार को सीएम एमके स्टालिन को सौंपी। अपनी रिपोर्ट में जस्टिस चंद्रू ने इस तरह की अराजक सिफारिशें की है। इसमें यह भी कहा गया है कि समय-समय पर शिक्षकों का ट्रांसफर किया जाना चाहिए। इसमें जाति संबंधी चित्र भी लगाने पर रोक का प्रस्ताव है। रिपोर्ट में जस्टिस चंद्रू ने सरकार को सुझाव दिया है कि अगर इन नियमों का पालन कोई छात्र नहीं करता है तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए।

कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में सुझाया है कि कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्रों के लिए जातिगत भेदभाव, यौन उत्पीड़न, हिंसा और एससी/एसटी अधिनियम जैसे कानूनों पर अनिवार्य कार्यक्रम बनाया जाए। इसके साथ ही 500 से अधिक छात्रों वाले स्कूलों में स्कूल कल्याण अधिकारी की भी नियुक्ति हो। समिति ने प्रस्ताव दिया है कि सभी स्कूलों और कॉलेजों में प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों की बैठने की व्यवस्था पूरी तरह से वर्णमाला क्रम पर आधारित होनी चाहिए।

### परीक्षा प्रक्रिया...

सात सदस्यीय समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की संरचना और कार्यप्रणाली में सुधार पर अपनी सिफारिशें देगी। हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीजे राव और एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया भी इस समिति में शामिल हैं।

### ईडी की अर्जी...

एएसजी ने यह भी कहा कि केजरीवाल की ओर से गलत बयान दिया गया और अदालत ने इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि ट्रायल कोर्ट के आदेश में उल्लेख है कि ईसीआईआर 22 अगस्त 2022 की है, लेकिन यह जुलाई 2022 में पंजीकृत हुई थी। राजू ने तर्क दिया, यदि आप दस्तावेजों पर गौर करते तो आपको पता चल जाता कि ईसीआईआर अगस्त में पंजीकृत हुई थी। इसलिए जुलाई में सामग्री उपलब्ध होने का कोई सवाल ही नहीं था। गलत तथ्यों, गलत तारीखों पर, आप इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि यह दुर्भावनापूर्ण है।

ईडी ने हाईकोर्ट में यह भी दलील दी कि निचली अदालत ने इस मामले में हाईकोर्ट के पिछले आदेश की अवहेलना की। इसमें गिरफ्तारी को उचित पाया गया था और दिल्ली के सीएम को ईडी की हिरासत में और फिर जेल में भेज दिया गया था। एएसजी ने यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक नहीं लगाई। इसलिए निचली अदालत अरविंद केजरीवाल के पक्ष में फैसला नहीं दे सकती थी।

एएसजी राजू ने कहा कि हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उचित ठहराया था, क्योंकि उन्होंने ईडी के 9 समन को नजरअंदाज किया था। अब निचली अदालत ने विपरीत फैसला देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से विपरीत आदेश है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि निचली अदालत ने जमानत आदेश जारी करते समय मामले में उसके फैसले पर विचार नहीं किया। पीठ ने पूछा, आप कह रहे हैं कि इन सभी बिंदुओं पर विचार नहीं किया गया? आप कह रहे हैं कि हाईकोर्ट द्वारा जिन बिंदुओं पर विस्तार से विचार किया गया था, उन पर विचार नहीं किया गया?

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की अवकाश पीठ ने केजरीवाल की जेल से रिहाई पर रोक लगा दी। इसके बाद जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने पर सहमति जताई। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री और आपा मुखिया अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत पर अंतरिम तौर पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने कहा है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई करने के बाद ही अब फैसला देगा।

ईडी ने हाईकोर्ट से साफ-साफ कहा कि दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने 100 करोड़ की घूस मांगी थी। ईडी के पास 45 करोड़ तक के लेनदेन के प्रमाण हासिल हो चुके हैं। ईडी ने कहा है कि उसके पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पक्के सबूत हैं। एजेंसी ने कहा है कि उसके पास इस मामले में पैसे के लेनदेन तक की फोटो हैं। केजरीवाल ने अपने फोन का पिन बताने से भी मना किया, जो इस मामले में शंका पैदा करता है। दिल्ली शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया गया ईडी ने आरोप लगाया था कि केजरीवाल ही इस पूरे मामले के सरगना हैं। एजेंसी का आरोप है कि दिल्ली में शराब नीति बदल कर निजी विक्रेताओं को फायदा पहुंचाया गया और उनसे बदले में लाभ प्राप्त किए गए।

# रविवार के दिन किस देवता की पूजा करने से भाग्य सोने सा चमकता है



हिंदू धर्म में हर दिन किसी ना किसी देवी-देवता को समर्पित है । हिंदू धर्म में रविवार का दिन सूर्य की पूजा करने के लिए उचित माना जाता है। ग्रहों के राजा सूर्य देव शुभ फल प्रदान करते हैं तो आपकी किस्मत के तारे आपके पक्ष में हो जाते हैं और आपके बिगड़े काम बनने लगते हैं।

जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हैं, तो रविवार के दिन सूर्य देव के इन अचूक उपाय को करने से आप अपने जीवन में यश की प्राप्ति कर सकते हैं और अपने सोए भाग्य को जगा सकते हैं। जानते हैं रविवार के देवता सूर्य उपाय के अचूक उपाय।

### रविवार उपाय

-रविवार के दिन नहा धोकर, साफ वस्त्र पहनकर सूर्य देव ज ल अर्पित करें।

-वैसे हर रोज सूर्य को अर्घ्य देता लाभकारी होता है लेकिन अगर आप रोज नहीं दे पर रहे तो रविवार के दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य जरुर दें।

-सूर्य को अर्घ्य देते समय तांबे के कलश का प्रयोग करें।

-तांबे के कलश में रोली, चावल, फूल और मिश्री डाल कर जल अर्पित करें।

-सूर्य देव को कभी भी खाली जल नहीं देना चाहिए।

-सूर्य देव को अर्घ्य देते समय सूर्य देव के प्रिय मंत्रों का जाप अवश्य करें।

-सूर्य देव के प्रिय मंत्र हैं-ओम सूर्याय नमः ओम वासुदेवाय नमः ओम आदित्य नमः

रविवार के दिन गायत्री मंत्र का जाप जरुर करें। गायत्री मंत्र के जाप से शांति मिलती है, कोशिश करें 108 बार इस मंत्र का जाप करें।

रविवार के दिन पीपल के पेड़ के नीचे चौमुखी आटे का दीपक जलाएं और सूर्य देव की आर-ाधना करें, ऐसा करने से सूर्य देव का आशीर्वाद सदैव के लिए बना रहता है।

रविवार के दिन झाड़ू जरुर खरीदें और झाड़ू को सोमवार के दिन झाड़ू का दान करें।

# अगर आपके घर पर हैं राहु की छाया तो ऐसे छुड़ाएं पीछा

## छूमंतर हो जाएगी सारी नेगेटिव एनर्जी




ज्योतिष शास्त्र में राहु को ग्रहों में छाया ग्रह माना जाता है। राहु का प्रभाव किसी व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का हो सकता है। यदि राहु का प्रभाव नकारात्मक हो, तो घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास हो सकता है, जिससे अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लेकिन आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ सरल उपाय जिसे अपनाकर आप अपने घर में राहु के नकारात्मक प्रभाव को कम कर सकते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार स्थापित कर सकते हैं। तो चलिए शूरू करते हैं।

### ये चीजें घर से दूर करेंगी नकारात्मक ऊर्जा

**नमक का दीया**

नमक को ज्योतिष शास्त्र में अत्यंत शुभ माना जाता है। नमक का दीया जलाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। राहु के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए आप घर के मुख्य द्वार पर नमक का दीया जला सकते हैं।

**शंख-** शंख को भी हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ माना जाता है। शंख बजाने से घर का वातावरण शुद्ध होता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। राहु के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए आप प्रतिदिन घर में शंख बजा सकते हैं।

**नींबू-** नींबू को भी नकारात्मक ऊर्जा दूर करने का एक प्रभावी उपाय माना जाता है। राहु के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए आप घर के मुख्य द्वार पर नींबू रख सकते हैं।

**इस मंत्र का करें जाप**

राहु दोष से छुटकारा पाने के लिए आपको इस मंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए। मंत्र इस प्रकार है - 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे। ॐ ग्लौ हुं क्लीं जूं सः ज्वालय ज्वालय ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल, ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ज्वल हं सं लं क्षं फट् स्वाहा।।

**इन बातों का रखें ध्यान**

घर को नियमित रूप से साफ-सुथरा रखें। घर में धूप और हवा आने दें। घर में तुलसी, गेंदा, चंपा, और मनी प्लांट जैसे पौधे लगाएं। नियमित रूप से घर में दीपक जलाएं। इसके अलावा 'ॐ नमो नारायणाय' मंत्र का जाप अवश्य करें।

# गंगा, समुद्र, बादल और पाप का चक्र क्या है, जानें ये पौराणिक कथा




धार्मिक दृष्टिकोण से पाप को ईश्वर या देवताओं के खिलाफ किए गए अपराध के रूप में देखा जाता है। यह माना जाता है कि पाप करने से नकारात्मक कर्म फल प्राप्त होते हैं और भविष्य में दुख और पीड़ा भोगनी पड़ती है। हर धर्म में पापों की अलग-अलग श्रेणियां होती हैं और इनके प्रायश्चित के लिए भी अलग-अलग विधियां उस धर्म में बतायी जाती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पाप का क्या चक्र है। हिंदू धर्म में, पाप को अधर्म या अकुशल कर्म के रूप में परिभाषित किया जाता है। शास्त्रों में पापों के मुख्य रूप से दस प्रकार बताए गए हैं- हिंसा, चोरी, झूठ बोलना, कामुकता, नशा, ईर्ष्या, क्रोध, अभिमान, निंदा और मोह। पाप करने के परिणाम कर्म के नियम के अनुसार होते हैं। इसका मतलब है कि हर कर्म की एक प्रतिक्रिया होती है, और पाप करने वाले व्यक्ति को नकारात्मक परिणाम भुगतने होंगे।

अगर आप ये सोचते हैं कि आपने पाप किए हैं और आप गंगा जी में जाकर स्नान कर आएंगे और आपके सारे पाप धुल जाएंगे तो ऐसा नहीं होता। पाप का चक्र है, जो पाप आपने किए हैं वो कैसे और किस रूप में लौटते हैं इसकी पौराणक कथा भी बेहद रोचक है।


### पाप चक्र की पौराणिक कथा

एक बार देवताओं के मन में एक विडंबना उत्पन्न हुई। उस विडंबना को लेकर वह मां गंगा के पास गए और मां गंगा से पूछने लगे कि हैं माता लोग आपके पास अपने पापों को धोने आते हैं तो क्या आप भी पापी हुई तो मां गंगा ने कहा कि मैं कैसे पापी हुई, मैं तो सभी पाप लेकर समुद्र को अर्पित कर देती हूं।

फिर सभी देवता और ऋषि समुद्र के पास गए और कहने लगे कि मां गंगा द्वारा अर्पित किए गए पाप आपके पास हैं तो क्या आप पापी हुए, तब समुद्र देव बोले- मैं कैसे पापी हुआ? मैं तो पाप रूपी जल को भांप बनाकर बादल बना देता हूं। फिर वे सब बादलों के पास गए और पूछा की क्या आप पापी हो, तो बादलों ने कहा कि हम कैसे पापी हुए। हम तो वह पाप वापस धरती पर जल के रूप में बरसा देते हैं। उस वर्षा से ही अन्न उगता है जिसे मनुष्य खाता है। इस अन्न को जिस मानसिक स्थिति से उगाया जाता है, जिस व्यक्ति से प्राप्त किया जाता है या जिस मानसिकता से खिलाया जाता है। उसी के आधार पर मानव की मानसिकता बनती है। यही कारण है कि जैसा खाये अन्न वैसा बने मन। तो आप अपने पापों से मुक्ति पाने के लिए अच्छे कर्म तो करें लेकिन जहां खाना खाएं या खिलाएं तो अपनी भावनाओं को भी पवित्र रखें।

# शादी में क्यों किया जाता है गठबंधन जानिए क्या है इसका महत्व

**हिंदू धर्म में अलग-अलग विवाह परंपराएं होती हैं। विवाह के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। हर शादी में गठबंधन एक ऐसी रस्म होती है, जो महत्वपूर्ण मानी जाती है। गठबंधन में एक पवित्र धागे से वर-वधू को बांध दिया जाता है। यह धागा गठबंधन कहलाता है, जो मंगल ग्रह को समर्पित होता है। इसके बाद सात फेरे लिए जाते हैं और जीवन भर साथ रहने की कसमें खाई जाती हैं।**



### क्या होता है गठबंधन

शादी के दौरान फेरे के समय दुल्हन के आंचल में पांच खास वस्तुएं बांधी जाती हैं। कहा जाता है कि इन पांच तत्वों के आशीर्वाद के बाद दूल्हा-दुल्हन फेरे लेते हैं। गठबंधन एक दैवीय शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। गठबंधन में सिक्का, फूल, हल्दी, दूर्वा और चावल रखा जाता है। इन सभी का अलग-अलग महत्व है।

**सिक्का-** सिक्का गठबंधन का महत्वपूर्ण तत्व माना जाता है। सिक्का धन और समृद्धि का प्रतीक है। सिक्का रखने का मतलब है कि नवविवाहित जोड़े के जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं हो। इसके अलावा, दोनों का धन पर समान अधिकार होगा।

**दूर्वा-** भगवान गणेश को दूर्वा बहुत प्रिय है। यही कारण है कि गठबंधन के समय दूर्वा रखने से भगवान गणेश की कृपा प्राप्त होती है। भगवान गणेश की आशीर्वाद बना रहे, तो वैवाहिक जीवन सुखी बनता है। साथ ही परिवार में समृद्धि आती है।

**हल्दी-**हल्दी को शुभ और पवित्र माना जाता है। भगवान विष्णु को हल्दी विशेष तौर पर चढ़ाई जाती है। ऐसा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। हल्दी का पीला रंग सूर्य का भी प्रतीक होता है। गठबंधन में हल्दी वैवाहिक जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है।

**चावल-**गठबंधन में चावल के दाने को अन्न का प्रतीक माना जाता है। गठबंधन में अक्षत रखने से दांपत्य जीवन में कभी- भी धन-धान्य की कमी नहीं होती है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होती है। इससे वैवाहिक जीवन में खुशहाली भी आती है।

**फूल-**फूल प्रेम और सौंदर्य का प्रतीक माने जाते हैं। गठबंधन में फूल रखने से दांपत्य जीवन में सुख, सौभाग्य, प्रेम और आनंद हमेशा बना रहता है।

# खुल जाएंगे बंद किस्मत के ताले, बारिश के मौसम में राशि के अनुसार लगाएं पौधे



जानें पहली 6 राशि के बारे में

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, आप सिर्फ एक पौधा लगातार अपने ग्रहों की दशा को ठीक कर सकते हैं और उन्हें मना सकते हैं। लेकिन, ध्यान रहे आपको इन पौधों को सिर्फ रोपित करके नहीं छोड़ना, बल्कि इनके बड़ा होने तक देखरेख भी करना है। ऐसा करने से आपके जीवन में खुशहाली आएगी और साथ ही पर्यावरण भी शुद्ध होगा।

तुला राशि :- इस राशि के स्वामी शुक्र हैं और इसलिए आपको सफेद और सुगंधित फूल वाले पौधे लगाना चाहिए। इससे आपको विशेष लाभ मिलेगा। आप चंदन के पौधे को भी इस बारिश लगा सकते हैं।

वृश्चिक राशि :- ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस राशि के स्वामी मंगल हैं और आपको लाल रंग के फूल वाले पौधों के अलावालाल चंदन के अलावा, अनार आदि के पौधे लगाकर उनकी देखभाल करना चाहिए। इससे आपके जीवन में उन्नति आएगी।

धनु राशि :- ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस राशि का स्वामी गुरु होता है और आपको पपीता या कदंब का पौधा गुरुवार को लगाना चाहिए। इसके अलावा आप किसी भी धार्मिक स्थल पर केले का पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें।

मकर राशि :- इस राशि का संबंध शनि ग्रह से होता है और इसलिए आपको शनि देव का प्रिय पेड़ शमी का पौधा शनिवार को लगाना चाहिए। इसके अलावा आंवरी, सतावर, कटहल और अमरुद का पौधा भी आप लगा सकते हैं।

कुंभ राशि :- इस राशि के स्वामी भी शनि हैं और इसलिए आपको भी शनिवार के दिन पौधा रोपण करना शुभ होगा। आप कौमुदी, आक और नीलकमल का पौधा लगा सकते हैं। इससे आपको साढ़ेसाती-ढैय्या में भी लाभ मिलेगा।

मीन राशि :- ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस राशि का संबंध गुरू से है और इसलिए आप पीले फूल वाले पौधे जैसे गेंदा का रोपण करें। इसके अलावा आप पीपल, पपीता या पहले चंदन का पौधा भी लगा सकते हैं। इससे आपके जीवन में खुशहाली आएगी।

# तीन शब्द बोलकर.. इस विधि से करें भगवान गणेश की पूजा




भगवान गणेश को सभी देवी देवताओं में प्रथम देवता माना जाता है। किसी भी पर्व त्यौहार या पूजा पाठ में सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा आराधना की जाती है। इसलिए भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता भी माना जाता है। इसके साथ ही भगवान गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। भगवान गणेश की विधि विधान के साथ पूजा आराधना करने पर सभी प्रकार के विभिन्न समाप्त हो जाते हैं। लेकिन, अगर भगवान गणेश क्रोधित हो जाए तो राजा को भी रंक बनाने में सामर्थ हैं। वहीं, भगवान गणेश को तीन शब्द बेहद प्रिय जिसके उच्चारण से भगवान गणेश प्रशन्न होते है। इससे मांगी गयी मुराद जल्द पूर्ण हो जाती है। वह तीन शब्द कौन सा है जानते देवघर के ज्योतिष आचार्य से?।

श्री गणेशाय नमः के नाम से ही सभी प्रकार के विघ्न समाप्त हो जाते हैं। इसके साथ ही कोई भी मांगलिक कार्य के शुरुआत करने से पहले भगवान गणेश की पूजा आराधना अवश्य करनी चाहिए। इससे शुभ फल की प्राप्ति होती है। इससे घर में हमेशा सुख समृद्धि की बढ़ोतरी होती है। वहीं, शिव पुराण में उल्लेख है कि भगवान गणेश की पूजा करते समय वह आपके घर में वास जरूर करते हैं। इसलिए भगवान गणेश की पूजा आराधना नियम विधि के साथ करना चाहिए। वहीं तीन ऐसे शब्द है। जो पूजा करने के बाद आप उच्चारण करते हैं तो भगवान गणेश बेहद प्रसन्न होते है। इससे आपका भाग्य चमक जाएगा।

ज्योतिष आचार्य बताते है कि भगवान गणेश की पूजा आराधना करने के बाद गाय के गोबर का उपला को जलाएं। उसमें थोड़ा धुप और धूमन डालें। इसके बादड़ धुम्रवर्ण विनायक विराजो ड़शब्द का उच्चारण करे इससे भगवान गणेश बेहद प्रशन्न होंगे। आपके द्वारा मांगी गयी मनोकामना अवश्य पूर्ण होंगी। इसके साथ ही आपका किस्मत चमक जाएगा।लेकिन, ये तीन शब्द सिर्फ भगवान गणेश की पूजा आराधना करने के बाद ही उच्चारण करना चाहिए।

# कालाष्टमी पर ऐसे करें भैरव देव को प्रसन्न

## सभी प्रकार के भय से मिलेगी मुक्ति



मासिक कालाष्टमी के दिन काल भैरव की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इससे भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और साधक की सभी मनोकामना पूरी करती हैं। मुख्य रूप से इस तिथि पर तंत्र-मंत्र की साधना करने वाले उपासक, काल भैरव देव की पूजा करते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि मासिक कालाष्टमी के दिन किस प्रकार काल भैरव देव को प्रसन्न किया जा सकता है।

आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 28 जून को दोपहर 04 बजकर 27 मिनट पर शुरू हो रही है। साथ ही इस तिथि का समापन 29 जून को दोपहर 02 बजकर 19 मिनट पर होगा। कालाष्टमी की पूजा निशिता मुहूर्त में की जाती है। ऐसे में 28 मई, 2024 शुक्रवार के दिन मासिक कालाष्टमी मनाई जाएगी।

### करें इन मंत्रों का जाप

ॐ तीखदन्त महाकाय कल्प-ान्तदोहनम्। भैरवाय नमस्तुभ्यं अनुज्ञां दातुर्माहिसि

ऊं कालभैरवाय नम:

ॐ ह्रीं बं बटुकाय मम आपत्ति उद्ध-ारणाय। कुरु कुरु बटुकाय बं ह्रीं ॐ फट स्वाहा

ओम भयहरणं च भैरव:

ॐ ब्रह्म काल भैरवाय फट'.



# इमरान हाशमी और मौनी रॉय स्टारर शो टाइम का टीजर जारी

इमरान हाशमी, नसीरुद्दीन शाह, मौनी रॉय और राजीव खंडेलवाल स्टारर वेब सीरीज शोटाइम 8 मई 2024 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज की गई थी। शोटाइम के सिर्फ 4 एपिसोड्स ही उस समय रिलीज हुए थे लेकिन बाकी बचे हुए एपिसोड्स को लेकर बड़ी अपडेट आई है। एक टीजर रिलीज करते हुए बताया गया है कि शोटाइम के बचे एपिसोड्स आप कब देख सकेंगेशोटाइम को उस समय दर्शकों का काफी प्यार मिला था और अब एक बार फिर आपके सपोर्ट की इस वेब सीरीज को जरूरत है। शोटाइम के सभी एपिसोड्स आप किस तारीख से देख सकेंगे इसकी डेट सामने आ गई है।डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर शोटाइम का एक प्रोमो शेयर किया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, असली मजा तो अब आएगा।।।हॉटस्टार स्पेशल शोटाइम के सभी एपिसोड्स 12 जुलाई से स्ट्रीम कर रहे हैं। शोटाइम हॉटस्टार पर।वीडियो में आप देख सकते हैं कि शोबिज में जितना ग्लैमर देखने को मिलता है अंदर से इसमें काफी ईर्ष्या भी है। पेज 3 हो यो शोबिज हर तरफ एक ही बात है कि ऊंचाई पर कोई एक रहेगा और इसी की हर किसी में लड़ाई है। मेकर्स ने टीजर शेयर करते हुए लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। इस सीरीजी में कई ऐसे सितारे नजर आएंगे जिनका अलग ही रूप आपको देखने को मिलेगा।बता दें, शोटाइम का डायरेक्शन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वहीं इस सीरीज को धर्माटिक एंटरटेनमेंट बैनर तले बनाया गया है। सीरीज में इमरान हाशमी और मौनी रॉय के अलावा नसीरुद्दीन शाह, महिमा मकवाना, राजीव खंडेलवाल, विजय राज, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**12 जुलाई को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होंगे बाकी एपिसोड**




## गुरमीत चौधरी ने किया अपनी पहली वेब सीरीज कमांडर करण सक्सेना का ऐलान, टीजर आया सामने

टीवी की दुनिया में भगवान राम का किरदार निभाकर मशहूर हुए अभिनेता गुरमीत चौधरी अब एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं।उन्होंने अपने करियर की पहली वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम कमांडर करण सक्सेना है।इस सीरीज में गुरमीत के साथ इकबाल खान और ऋता दुर्गुले भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। निर्माताओं ने कमांडर करण सक्सेना का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें गुरमीत जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। कमांडर करण सक्सेना का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें गुरमीत हाथों में बंदूक थामे नजर आ रहे हैं।यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। कमांडर करण सक्सेना का प्रीमियर 8 जुलाई, 2024 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा।कमांडर करण सक्सेना के टीजर से प्रेरित होना स्वाभाविक है, जिसमें गुरमीत चौधरी के वजूद को देश की रक्षा करते हुए देखने का वादा किया गया है। उनके अभिनय से इस शो को एक नया दिमेंशन मिलेगा, और उनका अभिनय इस ड्रामा को उत्साहित करेगा।यह संदेश देखकर स्पष्ट है कि गुरमीत चौधरी के फैंस उनके इस नए और उत्साहजनक किरदार के लिए बेताब हैं। उन्हें इस सीरीज में उनके पसंदीदा कलाकार के रूप में देखने का इंतजार है।इस सीरीज का निर्देशन जतिन वागले ने किया है, जबकि इसका निर्माण कीलाइट प्रोडक्शंस ने किया है।सीरीज की कहानी अमित खान ने लिखी है।




## सनी देओल की साउथ सिनेमा में एंट्री, पुष्पा के मेकर्स संग मास एक्शन फिल्म एसडीजीएम का ऐलान

सनी देओल के किस्मत के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। पिछले साल उनकी फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब रही थी, वहीं इस साल वह एक के बाद एक अपनी नई फिल्मों का ऐलान कर रहे हैं।सनी ने बीते दिन गोपीचंद मालिनेनी के साथ नई मास एक्शन फिल्म एसडीजीएम की घोषणा की है, जिसके लिए उन्होंने पुष्पा के निर्माताओं के साथ हाथ मिलाया है।सैयामी खेर भी फिल्म में अदाकारी का तड़का लगाती हुई नजर आएंगी।एसडीजीएम की शूटिंग शुरू हो चुकी है। सैयामी ने मुहूर्त पूजा की कुछ झलकियां साझा किया हैं।उन्होंने लिखा, लाइट्स कैमरा एक्शन! गंभीर एक्शन का समय आ गया है। सनी सर के साथ मिलकर लडने़ का इंतजार नहीं कर सकती। मैं बहुत खुश हूं कि सर ने मुझ पर एक बेहतरीन एक्शन फिल्म के लिए भरोसा दिखाया है। यह सपना सच होने जैसा है। हमें शुभकामनाएं दें।इस फिल्म को देश की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बताया जा रहा है।फिल्म में घूमर फेम सैय्यामी खैर और साउथ फिल्मों में एक्टिव खूबसूरत एक्ट्रेस रेगिना कैसेंड्रा लीड रोल में होंगी। इस फिल्म के निर्माता नवीन येर्ननी, वाई रवि शंकर, टीजी विश्व प्रसाद,ऋषि पंजाबी, अविनाश कोला चैरी है। फिल्म में एस, थामन का म्यूजिक होगा।अब सोशल मीडिया पर सनी देओल के फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ चुकी है और सीधा बोल रहे हैं कि यह मास एक्शन फिल्म बॉक्स ऑफिस को हिला डालेगी।बता दें, सनी देओल की फिल्म गदर 2 के हिट होने के बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई है। इसमें बॉर्डर 3, लाहौर 1947, सफर, गदर 3 और अब एसजीजीएम भी शामिल हो गई है।





## पिंक लहंगे में बला की खूबसूरत लगीं अवनीत कौर



बी-टाउन की टॉप चाइल्ड एक्ट्रेस अवनीत कौर की सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट पिंक कलर के आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है।अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पिंक कलर का सिंपल सा लहंगा पहना हुआ है और साथ ही हॉल्टर नेक डिजाइन वाले ब्लाउज से पूरे लुक को टिमअप किया है।कानों में इयररिंग्स, बालों का बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए इंटरनेट का पारा बढ़ा रही हैं।बता दें चाहे इंडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने हर लुक में कहर ढाती हैं। उनका स्टनिंग लुक फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है।अवनीत कौर का ये ग्लैमरस लुक और आउटफिट कोई भी फंक्शन के लिए एकदम परफेक्ट है।



## फैशन ट्रेंड का अनुसरण करने वाले लोग वे होते हैं जिनका अपना कोई स्टाइल नहीं होता: अनुष्का चौहान

अभिनेत्री अनुष्का चौहान ने साझा किया कि आपके फैशन से यह पता चलना चाहिए कि आप कौन हैं, और कहा कि इसे मौलिक बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि जो लोग फैशन के रुझानों का अनुसरण करते हैं, वे वे लोग होते हैं, जिनका अपना कोई फैशन स्टाइल नहीं होता।अपने फैशन स्टेटमेंट के बारे में बात करते हुए, अनुष्का, जो वर्तमान में शो कृष्णा मोहिनी में दिखाई दे रही हैं, ने कहा: फ़ैशन एक त्वरित भाषा है। जब मानव संपर्क इतना त्वरित होता है, तो यह ज़ोर से कहना महत्वपूर्ण होता है कि आप क्या दर्शाते हैं और आप कैसे दिखना चाहते हैं। यह सिर्फ़ इतना ही नहीं है कि आप क्या पहनते हैं या क्या एक्सेसरीज़ पहनते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहाँ से आते हैं, आप किस पर विश्वास करते हैं और आप कहाँ जा रहे हैं।रोमांटिक वेब सीरीज कैंपस बीट में माया के रूप में नजर आने वाली दिवा ने आगे बताया जो लोग फैशन के रुझानों का अनुसरण करते हैं, वे ऐसे लोग होते हैं, जिनका अपना कोई फैशन स्टाइल नहीं होता। आप अपनी पहचान खो देते हैं। फैशन के रुझान हमेशा पर्यावरण के अनुकूल नहीं होते।अगर ट्रेंड के बारे में अपडेट रहना अच्छा है, तो अनुष्का ने कहा: हां, लेकिन आप जो पहनते हैं, वह आपके फैशन स्टाइल और ट्रेंडिंग का मिश्रण होना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि एक कलाकार के तौर पर मुझे कभी भी ट्रेंड का अनुसरण करने की ज़रूरत महसूस हुई, लेकिन मैं निश्चित रूप से ट्रेंडसेटर बनना चाहती हूं।जब उनसे पूछा गया कि क्या वह ऐसे किरदार को निभाने में सहज हैं, जिसका फैशन सेंस उनके लुक के विपरीत हो, तो अनुष्का ने कहा: मैं जीवन और जीवनशैली के किसी भी सेगमेंट या स्थिति से आने वाले किसी भी तरह के किरदार को निभाने के लिए तैयार हूं। चाहे वह साउथ बॉम्बे की लड़की हो या धारावी की लड़की, यह ऐसा विषय भी नहीं है जो किसी भूमिका का चयन करते समय मेरे दिमाग में आता है।अनुष्का ने कहा, हम स्क्रीन पर जो भी निभाते हैं, वह हमारे किरदार का सच्चा चित्रण होता है। लेकिन हमें इससे बाहर निकलकर अपनी ज़िंदगी को वैसे ही जीना चाहिए जैसा हम जीना चाहते हैं, क्योंकि अन्यथा यह प्रदर्शन कला और सिनेमा की खूबसूरती को खत्म कर देगा। अगर उन्हें लगता है कि फैशन में कोई हद से ज़्यादा जा सकता है, तो अनुष्का ने कहा: मैं इसे क्लासी और सिंपल रखना पसंद करती हूँ, कुछ ऐसा जो यह दर्शाता हो कि मैं क्या हूँ। यह एक स्टेटमेंट होना चाहिए। लेकिन एक चीज़ जो मैं बिल्कुल नहीं पहनूँगी, वह है ब्लैक ड्रेस।

## आज का राशिफल

### मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

आज खर्चा ज्यादा होगा स्वास्थ्य भी चिंतित करेगा इसलिए समजदारी से कार्यों का संचालन करें । आपका जीवन साथी आपकी और परिवार की पूरी देखभाल करेंगे आप को भी खुशी होगी । आपके दुश्मन आपके खिलाफ गुप्त रूप से काम कर सकते हैं और आपको परेशानी दे सकते हैं. आज कोई दुखद घटना आप को परेशान करेगी यात्रा का योग नही हैं फिलहाल टाल दें ।
मृत्युंजय यंत्र का जप करें ब्राह्मण बटुक को दूध का दान करें।

### वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आज आपका दिन बदलाव का हैं परिवर्तन होगा सीनियर्स आपके कार्यों की प्रशंसा होगी. बचपन के किसी मित्र से आपकी मुलाकात होगी. दोस्त के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे. आपका मन प्रसन्न रहेगा. धैर्य पूर्वक किसी कार्य पर किया गया विचार बहुत फलदायी रहेगा. सोचे हुए कार्य पूरे होंगे. बिजनेस में कई नए मौके आपको मिलेंगे. अपने कारोबारी पार्टनर के साथ सही तालमेल रहेगा अपने परिवार के साथ किसी रेस्टोरेंट में लंच करने भी जा सकते हैं.शिवजी को जलधारा अर्पित करें बिल्वपत्र चढाए।

### मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

आप को साझेदारी वाले कारोबार मे बहुत सोचसमझकर निर्णय लेने होंगे जीवनसंगिनी का पगपग पर साथ मिलेगा । कर्मचारियों के साथ आप असहज महसूस करेंगे . आज कहीं प्राकृतिक सौंदर्ययुक्त स्थान पर घूमने का आनन्द उठाएंगे. विद्यार्थियों के लिए समय मध्यम है. आपका रोमांटिक अंदाज दाम्पत्य जीवन को प्यार से भर देगा. समाज में मान सम्मान बढ़ेगा. संबंधो को बहुत ही नाजुकता से निभाने की जरुरत हैं घर मे पौधरोपण करें सुबह तुलसी को जल सींचे ।

### कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आप अविवाहित है तो दुर्गा जीको घी का दीपक प्रज्वलित करें मंत्र का जप करें सम्बन्ध हो सकता हैं आप को
रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े हैं तो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के अवसर मिलेंगे और आकर्षक सौदे हाथ लग सकते हैं. आप स्वयं के लिए यश एव कीर्ति भी अर्जित कर पाएंगे. आपके काम और व्यवसाय में सकारात्मक विकास होगा. अगर आप नौकरी या व्यवसाय बदलना चाहते हैं, तो आपको सफलता मिलेगी. आप आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों की ओर आकर्षित होंगे. आप के दिन का उतरार्ध सुखमय बीतेगा ।

### सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आज सामाजिक कार्यों हिस्सा लेने से दिन ठीक बीतेगा आप को भी कार्य के प्रति रुचि भी रहेगी . कार्यस्थल पर किसी सहयोगी से वाद–विवाद की स्थिति बन सकती है. किसी से बिना वजह आपको उलझने से बचना चाहिए. परिवार वालों के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं. आपको कोई नया काम सिखने का अवसर मिल सकता है. कोई व्यक्ति आपकी योजनाओं को बिगाड़ने की कोशिश कर सकता है. मा भगवती को कमल का पुष्प अर्पित करें धनकोष बढेगा मन भी प्रफुल्लित रहेगा।

### कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

आज कुछ नया निवेश करना जोखिम भरा हो सकता हैं फिलहाल निवेश की योजना को टालदें यात्राका योग बन रहा हैं संभव हो सके तो अचल संपत्ति के विषय में आज चर्चा टाल दें. रात्रि में कुछ लोगों पर धन खर्चा करना पड़ सकता है. रोजी व रोजगार में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा. कुछ लोगों के जीवन में नये अवसर आएंगे जिन्हे नजरअंदाज न करें अन्यथा बाद में आत्मग्लानि होगी. आपके स्वभाव की सबसे खास बात संतुलित रहना है.शक्कर की मिठाई कन्याओं को खिलाएं रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

### तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

आज का दिन सकारात्मक रहेगा कार्य के परिणामदायक सुखद रहेगें . सामाजिक कार्य या राजनीति से जुड़े लोग कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करेंगे. आप में से कुछ नवीन संपर्क स्थापित कर पाएंगे. रचनात्मक क्षेत्रों में आप असाधारण रूप से अच्छा करेंगे. परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश करने वालों को शुभ परिणाम प्राप्त होंगे. कोर्ट में लंबित कोई संपत्ति संबंधी मामला आपके पक्ष में जाएगा. घरेलू वातावरण अच्छा रहेगा डीनर को कुछ समय के लिए रोग दें आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा.।

### वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

आज का दिन उर्जा से भरा रहेगा कोई शुभ समाचार मिलेगा आपके मन में किसी की मदद करने का भाव आ सकता है. आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आ सकती है. आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी. आप किसी धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं. आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे. समाज में आपका मान–सम्मान बढ़ेगा. आगे बढ़ने के आपको नए मौके मिल सकते हैं. आज आप जिससे भी बात करेंगे, उसे अपनी राय से सहमत कर सकते हैं. शाम के वक्त शिवालय मे दर्शन करने जाए नारियल अर्पण करें।

### धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

आज कार्य मे रुकावटें तो जरूर आंएगी परन्तु दृढसंकल्पित होकर आगे बढते जाए. सफलता निश्चित होगी . नौकरी पेशावालों की पदोन्नति की संभावनाएं हैं. आपका साथी आपके विचारों के प्रति ग्रहणशील होगा. अपने पार्टनर के साथ मिलकर आप अपने संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे. जीवन के प्रति गंभीरता को बनाये रखने की जरुरत है. कार्य क्षेत्र में सहकर्मियों का आपको सहयोग मिल सकता है. डिनर के वक्त कोई कारोबारी चर्चा नही करें केवल परिवार के साथ भोजन का आनंद उठाएं ।

### मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आज स्वभाव कुछ मे चिडचिडापन रहेगा लोगों से वाद विवाद होगा , किन्तु आपको शांत और संयम रखने की ज़रूरत है. जल्द ही सब ठीक हो जाएगा. आपके बच्चे आपका ध्यान रखेंगे. आपको दफ़्तर में आपके सहयोगियों का सहयोग मिलेगा. वरिष्ठ आपके काम को सराहेंगे. वित्तीय फैसले लेने के लिए यह बहुत अच्छा वक़्त है. प्रेम प्रसंग के मामले में आज का दिन अनुकूलता लिए हुए है. खास कर वो लोग जो समाज की मर्यादाओ को अधिक महत्त्व नहीं देते ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखें । गुरुदेव के मंत्र का जप करें।

### कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

आज खुश होने वाला दिन. रूका हुआ धन वापस मिल जायेगा. आपके अधूरे काम आसानी से पूरे होंगे. व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ होगा. समाज के कार्यों में आप आगे रहेंगे. योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी. आपकी यात्रा सुखद रहेगी. आपके काम से सभी लोग प्रसन्न रहेंगे. स्टूडेंट्स को पढ़ाई–लिखाई में साथियों से मदद मिलेगी. आपका दाम्पत्य जीवन ख़ुशी से भरा रहेगा. सुबह भोर मे ॐ नमः शिवाय मंत्र का उच्चारण से कीर्तन करें।

### मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आज कारोबार की स्थिति ठीक है परन्तु निवेश टाल दें क्योंकि आपकी परेशानी बढ़ने की भी संभावना है. दिनभर संभलकर रहना होगा. घर–परिवार की चिंता बढ़ सकती है. कामकाज में नए बदलाव करने से बचना होगा. उच्च अधिकारियों से अच्छे सम्बन्ध आपको बिजनेस में लाभ प्राप्त करवाएंगे. संतांन पक्ष की ओर से चिंताएं दूर होंगी. वैवाहिक जीवन आनंद पूर्वक बीतेगा. स्टूडेंट्स के लिए स्थिति अनुकूल रहेगी बस किसी भी काम में लापरवाही न बरतें.आलस्य को छोड दें भविष्य सुनहरा होगा।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 23 जून 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : आषाढ़ , कृष्ण पक्ष
तिथि : द्वितीया रात्रि 03:28 तक
नक्षत्र : पूर्वाषाढा सायं 05:04 तक
योग : ब्रह्म दोपहर 02:25 तक
करण : तैतिल सायं 04:24 तक
चन्द्रराशि : धनु रात्रि 10:48 तक
सूर्योदय : 05:43, सूर्यास्त 06:53 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:55, सूर्यास्त 06:48 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त 06:42 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:36, सूर्यास्त 06:43 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : आषाढ़ कृष्ण क्षय पक्ष आरंभ

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)

हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# महिला शक्ति के हित में राज्य सरकार ने लिए कई ऐतिहासिक निर्णय :भजनलाल

**जयपुर, 22 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि आधी आबादी के योगदान के बिना देश और प्रदेश सशक्त नहीं बन सकता इसलिए प्रदेश सरकार महिला शक्ति के उत्थान और चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

श्री शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं का आरक्षण बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने पर महिला शक्ति द्वारा अभिनन्दन और आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को बराबर के अधिकार और अवसर मिलना आवश्यक है। इस दौरान बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार जताया। श्री शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण आर्थिक स्वतंत्रता तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने की बात करता है क्योंकि महिलाएं सशक्त होंगी तो वे परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही नारी शक्ति को आदर और सम्मान दिया जाता है। हम शक्ति के लिए मां दुर्गा, विद्या के लिए मां सरस्वती और धन के लिए मां लक्ष्मी की आराधना करते हैं। हमारे जीवन में भी मां, बहन, बेटी, पत्नी और अन्नपूर्णा के रूप में नारी का अहम स्थान है। श्री शर्मा ने कहा कि हमारी बहन और बेटियां देश और प्रदेश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं इसके लिए सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने सहित कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। प्रदेश के 73 लाख परिवारों की महिलाओं को 450 रूपए में रसोई गैस सिलेण्डर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के तहत गर्भवती और धात्री महिलाओं को दी जाने वाली राशि भी बढ़ाकर 6500 रूपए कर दी गई है। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना में गरीब परिवारों में बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रूपए का सेविंग बॉन्ड देने, पंचायती राज, नगरीय निकाय तथा आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने के साथ ही साथिन कार्यकर्ताओं का मानदेय भी बढ़ाया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रदेश महिला अत्याचार के मामलों में अव्वल हो गया था। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करती थीं लेकिन हमारी सरकार ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा चिंता ना करें, सरकार बेटियों के साथ ही उन्हें भी आगे बढ़ने के पूरे अवसर उपलब्ध कराएगी। आगामी दिनों में राज्य के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चरणबद्ध तरीके से भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर उन्हें भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में भी युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि देश की आधी आबादी सशक्त और मजबूत बने इसलिए उन्होंने देश की तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 3.2 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर शौचालय का निर्माण कर महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दी गई है और अब तो प्रधानमंत्री आवास योजना में भी आवास महिलाओं के नाम ही आवंटित किया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने में महिला शक्ति की अहम भूमिका है। राज्य सरकार विकसित राजस्थान और विकसित भारत के लिए नारी शक्ति के हित में निरंतर फैसले करती रहेगी। इस दौरान बालिका पूजा पुरी गोस्वामी ने मुख्यमंत्री को वुड बर्न आर्ट से बनाया हुआ चित्र भेंट किया। समारोह में आई महिलाओं और बालिकाओं ने मुख्यमंत्री के साथ शेल्फी भी ली।

# सीएम सैनी ने 126 करोड़ रुपए की 22 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**चंडीगढ़, 22 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को हिसार में 126 करोड़ रुपए की लागत की 22 प्रमुख परियोजनाओं के लिये प्रशासनिक मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से हिसार, जींद, कैथल और सिरसा जिलों में बुनियादी संरचना का विकास कराया जायेगा।

आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव सिसाय में 14.25 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति योजना के तहत बालसमंद शाखा से पानी की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा 3.90 करोड़ रुपये और 1.50 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से नारनौंद और हांसी में विभिन्न ढाणियों में घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) किये जायेंगे। इसी तरह से 4.10 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गयी है।

उन्होंने बताया कि 46.59 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा जिले के (मंडी डबवाली और कालांवाली) गांवों भारूखेड़ा, चोरमार खेड़ा, देसू जोधा, गदराना, हबुआना,



जोत्तांवाली, खतरावान, मंगियाना, मसीतां, नौरंग और सुखचैन को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) की बढ़ी हुई जलापूर्ति का लाभ मिलेगा। इसी प्रकार से 13.65 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा जिले के झोड़ा रोही, गिदरांवाली और रगुआना (कालांवाली) गांवों के ग्रामीणों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) की बेहतर पेयजल आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि कैथल जिले के पट्टी डोगरान गांव में 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) के साथ पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के लिये 3.30 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। जिला जींद के अशरफगढ़ और संडील गांवों के लिये क्रमशः 2.12 करोड़ और 4.84 करोड़ रु मंजूर किये गये हैं।

# करंट लगने से एक मादा पैंथर, दो शावकों की मौत

**अलवर, 22 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में अलवर जिले के नाका डेहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में बिजली का तार टूट कर गिरने के बाद करंट लगने से एक मादा पैंथर और उसके दो शावकों की मौत हो गयी।

मंडल वन अधिकारी राजेंद्र हुड्डा ने बताया कि 21 जून को रात लगभग 10 बजे पर अलवर वन मण्डल में रेंज के नाका डहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में एक बघेरा और दो शावकों के शव मिलने की सूचना मिली। शव दो–तीन दिन पुराने हैं। उन्होंने बताया कि बिजली के तार टूटने से बघेरा एवं उसके दो शावको की मौत होने की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा दी गयी। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो घटनास्थल पर जहां बघेरों के शव पड़े हुये थे, वहाँ बिजली के तार टूटे हुये थे। मृत बघेरों के शवों पर बिजली का करंट लगने से उनके शरीर पर जलने के निशान भी स्पष्ट नजर आ रहे थे। सभी बघेरों के शवों को घटनास्थल से बरामद कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के लिये अलवर रेंज के कटी घाटी स्थल पर लाया गया। शनिवार को मेडिकल बोर्ड द्वारा इनका पोस्टमॉर्टम कराया और उनके जला दिये गये।

# सुनैना ने सांसद जयप्रकाश के बयान की कड़ी निंदा की

**चंडीगढ़, 22 जून (एजेंसियां)।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) महिला प्रकोष्ठ की प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला ने हिसार सीट से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश उर्फ जेपी द्वारा विरासत महिलाओं की नहीं, पुरुषों की होती है जैसे बयान की कड़ी निंदा की है।



सुश्री चौटाला ने कहा कि जयप्रकाश पुरुष प्रधान मानसिकता से ग्रस्त हैं। वह शायद यह भूल गये हैं कि जिस कांग्रेस से वह संबंध रखते हैं, उस पार्टी की कमान संभालने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ही थी।

उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मृत्यु के बादसोनिया गांधी ने कांग्रेस पार्टी की कमान संभाली। वह दोनों ही महिला थीं। श्री जयप्रकाश का इस तरह से महिलाओं पर ओछी टिप्पणी करना बेहद अशोभनीय और निंदनीय है। यह उनकी उनकी छोटी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने ऐसे नेता कभी भी समान रूप से समाज का विकास नहीं करवा सकते क्योंकि वह हमेशा महिला और पुरुष में अंतर रखते हैं।

सुश्री चौटाला ने कहा कि कांग्रेस को भी जयप्रकाश की टिप्पणी पर अपना स्पष्टीकरण देना चाहिये कि क्या यह उनकी पार्टी का अधिकारिक बयान है, अगर यह कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक बयान है तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिये।

# जिला बार एसोसिएशन ने मनाया कबीरदास का जन्मदिवस

**सिरसा, 22 जून (एजेंसियां)।** संत शिरोमणि संत कबीरदास महाराज का 627वां जन्म दिवस सिरसा जिला बार एसोसिएशन के कांफ्रेंस हाल में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदित्य राठौर थे। एसोसिएशन के उपप्रधान लक्की दुग्गल, राखी मौर्य सह सचिव तथा वरिष्ठ अधिवक्ता मदन मोहन पारीक ने बतौर वशिष्ठ अतिथि उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत गाकर व संत कबीर की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर की गई। कार्यक्रम के संयोजक सुनील मौर्या एडवोकेट ने आए हुए महानुभावों का अभिनंदन किया।

प्रसिद्ध इतिहासकार रमेश शास्त्री ने संत कबीर के जीवन बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संत कबीर एक निर्भिक, दार्शनिक, धर्मशास्त्री, अत्याचार के खिलाफ सच्चाई से लडऩे वाले तथा पवित्र ग्रंथों के रचयिता, जुल्मी राजाओं के आगे कभी न झुकने वाले एक महान व्यक्तित्व के मालिक थे। जिला बार संघ ने संयुक्त रूप से शिरोमणि महापुरुष को संसार के लिए एक सही मार्ग पर चलाने के लिए अपने शरीर पर अत्यंत दुख सहन कर मार्ग प्रशस्त करने वाला एक महान संत बताया। संस्था की ओर से आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन जिला बार संघ के मोहनलाल एडवोकेट ने किया।

# गुरुग्राम में फायर एग्जीक्यूटर फैक्ट्री में विस्फोट, आठ लोगों की मौत

**गुरुग्राम, 22 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा में गुरुग्राम स्थित दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में फायर एग्जीक्यूटर बनाने वाली कंपनी में विस्फोट होने से लगभग आठ लोगों की मौत होने का सूचना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विस्फोट के कारण आसपास के क्षेत्र में काफी संख्या में मकान और उद्योगों में भारी नुकसान हुआ है। सहायक दमकल अधिकारी सैनी ने बताया कि शनिवार को तड़के 2:45 बजे संजय कुमार सिपाही ने भीम नगर दमकल विभाग को फोन कर बताया कि दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में विस्फोट हुआ है और इसके कारण भयंकर आग लग गई है। इस घटना की सूचना मिलते ही



भीमनगर और गुरुग्राम के सेक्टर 29 से दमकल विभाग के कार्यालय से लगभग एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची पहुंची और कड़ी मसकत के बाद आग को काबू में किया। बताया कि घटनास्थल से पांच लोगों को जख्मी हालत में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दो व्यक्ति मृत पाए गए और एक व्यक्ति लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के कई मकानों और उद्योगों में भारी नुकसान हुआ है। पुलिस विभाग ने बताया कि फैक्ट्री मालिक तथा प्रबंधकों खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और जांच की जा रही है। अभी तक प्रशासन की ओर से इस घटना में आठ लोगों की मौत होने की पुष्टि नहीं हुई है।

# काजल बनीं पानीपत जिला परिषद की अध्यक्ष



**चंडीगढ़, 22 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 161 की उपधारा (4) के तहत प्रावधानों के अनुरूप काजल को जिला परिषद पानीपत की अध्यक्ष के रूप में उसके पूर्वाधिकारी की शेष अवधि के लिये अधिसूचित किया है।

राज्य चुनाव आयोग, हरियाणा द्वारा जारी इस आशय की एक अधिसूचना अनुसार 14 जून को हुये चुनाव में सुश्री काजल को सर्वसम्मति से जिला परिषद पानीपत की अध्यक्षा चुना गया था।

# मंदिरों में हो रही चोरियों का खुलासा, दो गिरफ्तार

**चूरू, 22 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में चूरू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के मंदिरों में लगातार हो रही चोरियों की वारदात का खुलासा करते हुये सरदारशहर थाना पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जय यादव ने शनिवार को बताया कि अरुण सोनी (34) एवं राजकुमार माली (34) को गिरफ्तार करके मंदिरों में लगातार हो रही चोरियों की गुत्थी सुलझा ली है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मंदिरों में चोरी की सात वारदातें करना स्वीकार किया है।उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न मंदिरों में हो रही चोरियों को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज और माध्यमों के जरिए चोरों की शिनाख्त कर ली गयी। इसके बाद इनको पकड़ने के लिये पुलिस दल गठित किया गया जिसने जयपुर और चुरु मे कई स्थानों पर दबिश दी और चोरों का करीब 15 दिन तक पीछा करके आखिर अरुण सोनी एवं राजकुमार माली को दबोच लिया। श्री यादव ने बताया कि दोनों ने सरदारशहर कस्बे के गिनाणी बास में दो मंदिरों, ग्रामीण क्षेत्र में गांव कल्याणपुरा, देगा, तारानगर के ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में छत्र चोरी करना स्वीकार किया है।

# दिया कुमारी ने राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों के लिए केन्द्र सरकार से मांगा सहयोग

**जयपुर/नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश के 21 जिलों की जीवनदाई रेखा साबित होने वाली पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को जल्द ही मूर्त रूप देने एवं राज्य में रेल, राज़मार्ग और ऊर्जा क्षेत्र के लिए केन्द्र सरकार से सहयोग मांगा हैं।

श्रीमती दिया कुमारी ने शनिवार को आगामी केंद्रीय परिवर्तित बजट 2024-25 से पहले केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व चर्चा में राजस्थान का पक्ष रखा। उन्होंने राजस्थान की जनता से जुड़े हुए विकास के मुद्दों को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। बैठक के दौरान दिया कुमारी ने राजस्थान के 21 जिलों की जीवनदाई रेखा साबित होने वाली ईआरसीपी को जल्द ही मूर्त रूप देने के सभी आयामों को विस्तार से रखा। उन्होंने राजस्थान में संचालित जल जीवन मिशन की प्रगति और और इस मिशन को अधिक मजबूती देने तथा जल्द ही इसके लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राजस्थान सरकार के प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग की मांग रखी।

श्रीमती दिया कुमारी ने बताया कि हमने केंद्रीय मंत्री के समक्ष राजस्थान में लंबित तीन प्रमुख रेल परियोजनाओं को जल्द ही मूर्त रूप देने के विषय को भी रखा ताकि रेल सुविधाओं से वंचित राजस्थान के दूरस्थ इलाकों में विकास की धारा को पहुंचाया जा सके। प्रदेश में नए राष्ट्रीय



राजमार्गों के निर्माण और उनके सुदृढ़ीकरण को लेकर भी केंद्रीय मंत्री से बैठक के दौरान चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के साथ–साथ राजस्थान में बड़े शहरों को दूरस्थ इलाकों के गांवों और ढाणियों से जोड़ने के लिए सड़कों का सुदृढ़ जाल होना बहुत जरूरी है ताकि राज्य के सभी हिस्सों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में कृषि, उद्योग के साथ प्रदेश की आधारभूत संरचना के विकास में पर्याप्त ऊर्जा की सुलभ उपलब्धता बहुत अहम स्थान रखती है, इसलिए राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्रीय सहयोग आवश्यक है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से राजस्थान में संचालित ऊर्जा कंपनियों के लिए विशेष सहयोग दिए जाने की मांग रखी ताकि ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान सभी संभावित संभावनाओं का बेहतर ढंग से दोहन करते हुए विकास को आगे बढ़ा सके। सीतारमण ने आश्वास्त किया कि केंद्र सरकार राजस्थान की सभी मांगों पर सकारात्मक कदम उठाएगी।

भागलपुर में ओवरलोड ट्रकों पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

# सैकड़ों वाहन जब्त, मालिकों में हड़कंप



**भागलपुर (एजेंसियां)।**

बिहार के भागलपुर में ओवरलोड ट्रक के कई मामले सामने आए। अवैध वसूली की बात अक्सर चर्चा में थी। जहां जिले के अलग मार्ग से ओवरलोडिंग की काला बाजारी का खेल चलता था। वहीं, वर्षों बाद जिला प्रशासन ने ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अधिकारियों ने दो सौ ट्रकों की जांच की, जिसमें 80 ट्रकों और हाइवा ट्रक को जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई से ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक, झारखंड और अन्य राज्यों से ट्रक चालक अंधाधुंध तरीके से ओवरलोड ट्रक ले जाते थे। पासिंग गिरोह ओवरलोड ट्रकों को पास करवा देते थे। चालक ओवरलोड गिट्टी, बालू और मौरम लेकर जाते थे, जिससे प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे थे। वहीं, लगातार ओवरलोड ट्रकों और हाइवा के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही थीं।

इसको देखते हुए डीएम के निर्देश पर एसडीओ धनंजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। इसमें सिटी डीएसपी के साथ कई पुलिस जवान, दंगा नियंत्रण बल, भागलपुर माइनिंग की टीम, बांका माइनिंग की टीम और जमुई माइनिंग की टीम को शामिल किया गया। इस टीम ने जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर झारखंड बॉर्डर के मिर्जाचौकी पीरपैंती बार्डर, सनहौला महगामा बॉर्डर और अन्य इलाकों में ओवरलोड ट्रकों को रोका।

इसके साथ ही अवैध तरीके से गलत रास्ते जा रहे ट्रकों को रोका गया। फिर उनकी जांच की गई। दिन भर हुई छापामारी के बाद देर शाम कुल 80 ट्रकों को जब्त कर हवाई अड्डा परिसर ले जाया गया। यहां से ट्रकों की जांच कर जानकारी लेकर बारी-बारी से धर्मकांटा पर भेजा गया, वहां ओवरलोड का पता चलने पर चालान काटा गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया।

जान हथेली पर रख लोको पायलट ने ठीक की ट्रेन की खराबी

# पुल पर फंसी गाड़ी, रेंगते हुए ट्रैक पर पहुंचे

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले से एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आयी है। एक लोको पायलट कभी पुल से लटकते तो कभी ट्रैक पर रेंगते नजर आ रहे हैं। उन्होंने ऐसा काम कर दिखाया जिससे लोग हैरान हैं। अब इस काम के लिए रेलवे ने इन्हें 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। दरअसल, समस्तीपुर रेल मंडल के वाल्मिकीनगर और पानियावा स्टेशन के बीच पिलर नंबर 383 पर अचानक पैसेंजर ट्रेन के लोको इंजन का अनलोड वॉल्व लीक हो गया। इस कारण ट्रेन वहीं खड़ी हो गई। पुल के ऊपर रेलवे की टीम का पहुंचना भी मुश्किल था। इस बीच अचानक लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ने वॉल्व को ठीक करने की ठान ली। इसके बाद पुल से



लटककर टैक के पास पहुंचे। टैक पर रेंगते हुए लीकेज को ठीक करने के लिए इंजन तक पहुंचे। इसके बाद पायलट इंजन से अनलोडर वॉल्व से एयर प्रेशर के लीकेज को ठीक कर दिया।

बताया जाता है कि ट्रेन नम्बर 05497 यात्री गाड़ी के इंजन में एयर लीकेज हो जाने के कारण ट्रेन वाल्मिकीनगर और पनियहवा के बीच में रुक गई। जैसे ही ट्रेन वाल्मीकिनगर रोड स्टेशन से खुली अनलोडर वाल्व से लीकेज होने लगा। और पुल पर पिलर नंबर 382 के पास खड़ी हो गई। ट्रेन रुकते ही यात्री घबरा गए। अनलोडर वॉल्व पुल के बीचों-बीच लीकेज हुआ था। ऐसे में उसे बंद करना चुनौती भरा काम था।

इसी बीच ट्रेन के लोको पायलट अजय यादव और सहायक लोको पायलट रंजीत कुमार ने कमान संभाली और साहस का परिचय देते हुए किसी तरह से पुल पर होते हुए ट्रेन के नीचे पहुंचे। जहां वॉल्व को ठीक किया और सुरक्षित आगे के लिए यात्रा शुरू किए।

## *सीवान में नहर का बांध टूटने से पूरा इलाका हुआ पानी-पानी, विभाग ने चूहों पर मढ़ा दोष*

**सारण (एजेंसियां)।**

बिहार के सीवान के मैरवा में नहर का बांध टूटने से कई एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सीवान जिले के मैरवा प्रखंड के नवादा गांव में स्थित नहर का बांध अचानक टूट गया, जिससे करीब पांच एकड़ खेतों की फसल बर्बाद हो गई है। देखते-देखते पूरे इलाके में पानी भर गया। बताया जा रहा है कि 50 से 60 किसानों की धान की फसल बर्बाद हो गई है। जिन किसानों ने धान के लिए बिजड़ा डाला था, उनकी लाखों की फसल तबाह हो गई है।





वहीं, इस घटना की सूचना मिलते ही विभाग कनिष्ठ अभियंता (जेई) मदन मोहन घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि नहर के आउटलेट के लिए जगह छोड़ी जाती है, जिसमें हर जगह चूहों ने छेद कर दिया था। पानी भरने की वजह से रिसाव ज्यादा हुआ और इस तरह से बांध टूट गया। जेई ने कहा कि बांध बांधने की तैयारी हम लोगों ने शुरू कर दी है। ताकि पानी के बहाव को रोका जा सके।

इधर, धीरे-धीरे कई इलाकों में और पानी घुसना शुरू हो गया है। गौरतलब है कि बरसात की अभी सिर्फ शुरुआत है, लेकिन जिस तरह से बांध टूटा है जिसे लेकर ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा इसकी कोई जांच नहीं की जाती थी। न ही देखने के लिए ही कोई आता था। इसलिए यह बांध टूट गया है। वहीं, लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही मरम्मत नहीं हुई तो अब रिहायशी इलाकों में भी पानी घुसने लगेगा जिससे परेशानी और बढ़ जाएगी।

# आरा में युवक की हत्या, विवाद के बाद घर से बुलाकर अपराधी ने मारी गोली

### फायरिंग करते हुए फरार हो गया

**पटना (एजेंसियां)।**

आरा में एक युवक की हत्या कर दी गई। अपराधी ने उसे घर से बाहर बुलाया और गोली मार दी। गोली लगते ही युवक वह जमीन पर गिर गया। आननफानन में परिजन अस्पताल लेकर गए। लेकिन, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना चांदी थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव की है। मृतक की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी सुरेंद्र यादव के पुत्र शत्रुघ्न कुमार (28) के रूप में हुई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक के भाई कमेंदर कुमार ने बताया कि शत्रुधन कुमार अपने गांव के लड़को के साथ विंध्यांचल जाने के लिए निकला था। जो रास्ते से ही घूमकर घर वापस आ गया था। शाम में घर के पास टहल रहा था तब ही गांव के कौशल यादव से किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान कौशल यादव के साथ पहले मारपीट हुई। उसके बाद कमर से पिस्टल निकालकर गोली मार दिया। अनानफानन में परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने कौशल यादव के साथ मामूली विवाद हुआ था। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक उसने गोली मार दी गई है। एक गोली शत्रुघ्न के सीने में लगी। अस्पताल ले जाते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने चार राउंड हवाई फायरिंग भी की और भाग गया। मृतक शत्रुधन यादव की चार साल पहले ही शादी हुई थी। वह अपने पीछे एक बेटा और बेटी को छोड़ गया।

शत्रुधन यादव तीन भाई में छोटा था जो घर पर ही रहकर खेती करता था। मामले में एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि चांदी थाना के रतनपुरा गांव के रहने वाले शत्रुघ्न यादव और कौशल यादव के बीच आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान कौशल यादव ने उसकी हत्या कर दी। आरोपी की तलाश में छापेमारी चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है।

# बिहार में एक और पुल धराशायी, अब सीवान में नहर पर बना ब्रिज भरभरा कर गिरा, आवागमन ठप

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार में फिर से पुल हादसा हुआ है। चार दिन के अंदर दूसरा पुल भरभरा कर गिर गया। सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया। दरअसल, शनिवार सुबह अचानक पुल का एक पाया धंसने लगा। देखते ही पुल नहर में समा गया। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं।





ग्रामीणों का कहना है कि 30 साल पहले बिहार सरकार ने इस पुल का निर्माण करवायाा। कुछ दिन पहले ही विभाग नहर की सफाई करवाई गई थी। साथ ही नहर की मिट्टी काटकर नहर के बांध पर फेंक दी गई थी। ग्रामीणों का दावा है कि इसी कारण पुल का पाया कमजोर हो गया। आज पाया टूट गया, जिससे पुल नहर में गिर गया। घटना के बाद प्रशासन ने जांच टीम का गठन किया है।

वहीं पुल हादसे के बाद वहां पर दोनों ओर से दोनों गांव के लोग इकट्ठे हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले नहर की सफाई की गई थी, जिसमें यहां से मिट्टी काटकर नहर के बांध में फेंकी गई थी। इस से पुल का पिलर काफी कमजोर हो गया और ज्यादा लोड होने के वजह से यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि 30 फीट चौड़ा और 30 साल पुराना यह पुल था। वही ग्रामीणों का कहना था कि पुल टूटने के बाद भी अभी तक कोई विभाग के लोग जायजा लेने नहीं पहुंचे हैं।

इसके टूट जाने की वजह से काफी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा। बच्चे स्कूल नहीं जा पाएंगे और एक गांव से दूसरे गांव में आने जाने के लिए यही एक पुलिया ही सहारा था।

बता दें कि 18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था।

182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत बने इस पुल की लागत 7.79 करोड़ रुपये थी। 182 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था। शुरुआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का था, लेकिन बाद में नदी की धारा बदलने और एप्रोच सड़क को लेकर कुल 12 करोड़ की लागत का हो गया था।

## ट्रेन से कटकर दो कॉलेज छात्राओं की मौत

**मुंगेर (एजेंसियां)।**

बिहार के मुंगेर में रतनपुर स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से कॉलेज की दो छात्राओं की मौत हो गई। जान गंवाने वाली दोनों छात्राएं बरियारपुर की बताई जा रही हैं। घटना दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन से हुई है।

घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर आरपीएफ के साथ रेल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रेलवे ट्रैक से दोनों शव को हटाया जा रहा है। इस घटना के बाद से दो घंटे से परिचालन बाधित है। दोनों छात्राएं एसबीएन कालेज पाटम की बताई जा रही हैं। दोनों सहेलियां थीं और इंटर में पढ़ती थीं।

## गोपालगंज में मामूली विवाद को लेकर युवक को खंभे से बांधकर बेरहमी से पीटा

**गोपालगंज (एजेंसियां)।**

बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर लक्ष्मीपुर गांव में एक युवक को कुछ लोगों ने खंभे से बांधकर बेरहमी से पिटाई कर दी। उसके बाद घायल युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान जिले के भोरे थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी वृक्ष भगत के बेटे अनिल भगत (30) के रूप में की गई है।



जानकारी के मुताबिक, घायल अनिल भगत के गांव के ही कुछ लोगों की बकरी उसके खेत में चली गई थी और फसल बर्बाद कर रही थी, जिसको लेकर अनिल भगत ने विरोध किया। इससे दोनों पक्षों में विवाद हो गया। फिर बुद्धिजीवियों की पहल के बाद मामला शांत हुआ। घायल युवक की बहन प्रमिला देवी ने आरोप लगाया कि गांव के ही आरोपी गुरुवार के विवाद को लेकर शुक्रवार को फिर दरवाजे पर पहुंचे। फिर अनिल भगत को उस वक्त अपने साथ उठाकर अपने घर ले गए। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों द्वारा अनिल को खंभे में बांध दिया गया और फिर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई।

वहीं, सूचना पाकर जब उसकी बहन मौके पर पहुंची तो उसके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। उसके बाद उसकी बहन ने डायल 112 को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची डायल 112 की टीम ने आरोपियों के चंगुल से युवक को मुक्त कराया और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस घायल अनिल के फर्द बयान के आधार मामले की जांच कर कार्रवाई में जुट गई। इस मामले में भोरे थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि जख्मी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

# *12 साल के रुद्र 150 से अधिक योगासन कर दुनिया को दे रहे निरोग रहने का संदेश*

### कई मेडल भी जीत चुके हैं

**पटना (एजेंसियां)।**

गया में वैसे तो योगगुरु के रूप में विश्व भर में कई नाम चर्चित हैं। लेकिन, जिस उम्र में कोई बच्चा अपनी मां के आंचल से दूर नहीं रचना चाहता है। उस उम्र में गया का यह रुद्र योगासन में महारथ हासिल कर राष्ट्रीय स्तर का मेडल प्राप्त कर चुका है। रुद्र की उम्र महज अभी 12 साल ही हुए हैं। लेकिन, आठ साल के ही उम्र में योग के कई आसन कर योगासन की दुनियां में अपना झंडा बुलंदियों पर फहरा रहा है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल बुद्ध की पावन धरा बोधगया के 12 वर्षीय के रुद्र का योग देख हर कोई हो अचंभित है। इस उम्र में रुद्र 150 से अधिक योगासन कर लेता है। इसके बदन में मानों हड्डी ही नहीं है। योग के जरिए अपने शरीर को रबर की तरह मोड़ लेता है। योगा में अबतक कई उपलब्धियों को अपने नाम कर चुका है।



गया जिले के बोधगया का रहने वाला रुद्र प्रताप सिंह की उम्र महज 12 साल होगी। इतनी कम उम्र में ही 150 से अधिक योगासन में महारथ हासिल कर चुका है। वैसे तो कई आसन हैं योगा में। मकरासन, धनुरासन, भुजंगासन, विपरीत नौकासन, मयूरासन, सूर्य नमस्कार आदि योगासन में महारथ हासिल कर चुका है। रुद्र के पिता राकेश सिंह प्राइवेट स्कूल के शिक्षक हैं। यह बताते हैं कि रुद्र को योग का प्रशिक्षण किसी और ने नहीं बल्कि उन्होंने ने ही दी है। कहा कि रुद्र सोशल मिडिया से भी योगा सीखा है।

आज 150 से भी अधिक योगासन आसानी से कर लेता है। योग के दौरान वह अपने शरीर को रबर की तरह जैसा चाहे वैसा वह आकृति बना लेता है।

योग और स्केटिंग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर के कई मेडल जीत चुका है। आठ वर्ष के आयुवर्ग की प्रतियोगिता में रुद्र राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्णपदक जीत चुका है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21जून) पर रुद्र योगा के जरिए विश्व को स्वस्थ रहने का संदेश दिया है। रुद्र का कहना है कि सभी लोगों को योगाभ्यास करना चाहिए। योग करने से हम स्वस्थ रहेंगे तभी समाज, अपना देश और अखिल विश्व स्वस्थ रहेगा।

रुद्र का सपना है कि वह ओलंपिक में मेडल जीतने का। ऐसा कर रुद्र देश दुनियां को बता सके कि योगा के जरिए हम कैसे स्वस्थ रह सकते हैं और देश दुनियां के लोगों को योगाभ्यास के लिए प्रेरित कर सकें। इसलिए वह इसी सपने को पूरा करने के नित्य नियमित रूप से योगाभ्यास और स्केटिंग कर रहा है। छोटी की उम्र में हीं रुद्र योग और स्केटिंग में कई उपलब्धियां हासिल कर चुका है। रुद्र गया में नन्हा योग गुरु के नाम से काफी मशहूर है।इन्हे गया का बाबा रामदेव कहा जाता है ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com